हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● शुक्रवार ● 17.04.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 260 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### आईईडी विस्फोट में कोबरा जवान घायल

**पश्चिमी सिंहभूम :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के घने जंगलों में गुरुवार सुबह सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) में विस्फोट हो गया। इस धमाके में कोबरा बटालियन-210 के जवान अभिनव कुमार मित्तल गंभीर रूप से घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, नक्सली इलाके में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए लगातार आईईडी प्लांट कर रहे हैं और जंगल का फायदा उठाकर छिपकर हमले कर रहे हैं। इसके बावजूद सुरक्षाबल पूरी सतर्कता के साथ अभियान चला रहे हैं और इलाके को नक्सल मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### गड्ढे में जमा पानी में डूबने से चार बच्चों की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नांदेड़ शहर के देगलूर नाका इलाके में गुरुवार को एक गड्ढे में जमा पानी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही इतवारा पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और चारों बच्चों का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से देगलूर इलाके में माहौल शोक व्याप्त हो गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उप अधीक्षक प्रशांत शिंदे मौके पर पहुंचे और मामले की गहन छानबीन का आदेश दिया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि कुछ महीने पहले स्थानीय नगर निगम की टीम यहां नाला बनाने का काम कर रही थी। इसी वजह से यहां गहरा गड्ढा खोदा गया था। इसी गड्ढे में पानी जमा हो गया था। आज इसी गड्ढे में नहाने के लिए चार बच्चे गए थे, लेकिन पानी का अंदाजा न आने से चारों की डूबने से मौत हो गई। इन चारों की पहचान मोहम्मद अदनान मोहम्मद फिरोज (10), मोहम्मद अली मोहम्मद इदरीस (13), सैयद इरफान सैयद फिरोज (13) और अयान इब्राहिम बागवान (११) के रूप में की गई है। ये सभी देगलूर के इस्लामपुरा इलाके के रहने वाले थे। इस मामले की जांच के बाद लापरवाही के लिए नगर निगम पर मामला करने का निर्देश दिया है।

### हरिवंश फिर बनेंगे राज्यसभा के उपसभापति

**नयी दिल्ली :** जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रपति द्वारा नामित सदस्य हरिवंश नारायण सिंह एक बार फिर राज्यसभा के उपसभापति बनने जा रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने राज्यसभा सचिवालय में अपना नामांकन दाखिल किया। खास बात यह है कि विपक्ष ने इस निर्वाचन प्रक्रिया से दूर रहने का फैसला किया है, जिससे हरिवंश का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय हो गया है।

### आपस में टकराए दो विमान, सभी सुरक्षित

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को एक बड़ा विमान हादसा होने से बच गया, जब स्पाइसजेट और आकासा एयर के दो विमान टैक्सीइंग के दौरान आपस में टकरा गए। आकासा एयर का विमान अपनी निर्धारित जगह पर खड़ा था, तभी स्पाइसजेट का एक विमान (बोईंग-737-700) उससे टकरा गया। इस टक्कर में स्पाइसजेट के विमान के दाहिने विंगलेट (पंख) और आकासा एयर के विमान के पिछले हिस्से (हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर) को क्षति पहुँची है। राहत की बात यह है कि दोनों विमानों में सवार सभी यात्री और क्रू मेंबर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## लोकसभा में तीन विधेयक पेश

### आज शाम 4 बजे मतदान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** संसद के विस्तारित बजट अधिवेशन की तीन दिवसीय विशेष बैठक के पहले दिन गुरुवार को सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़े तीन विधेयक लोकसभा में पेश किए। आवश्यक कार्यवाही के बाद तीनों विधेयकों पर एकसाथ चर्चा भी शुरू हो गयी, जिस पर शुक्रवार शाम 4 बजे मतदान कराया जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह चर्चा का जवाब देंगे। लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होते ही विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान (131वां संशोधन) विधेयक-2026 और परिसीमन विधेयक-2026 को लोकसभा में पेश करने का प्रस्ताव रखा। गृहमंत्री अमित शाह ने केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक-2026 को पेश करने का प्रस्ताव दिया। इन प्रस्तावों पर 251 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में और 185 सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। नियमों के अनुसार किसी संविधान संशोधन विधेयक को पेश करने के लिए सामान्य बहुमत की आवश्यकता होती है।

### गोगोई ने बताया संविधान विरोधी



लोकसभा में चर्चा के दौरान गौरव गोगोई ने कहा कि महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना गलत है। सरकार बार-बार जनगणना और परिसीमन का बहाना बनाकर महिलाओं को अधिकार देने से बच रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा महिला आरक्षण के पक्ष में रही है और उनकी मांग है कि इसे तुरंत लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि इसे मौजूदा 543 सीटों के साथ ही लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं को तुरंत प्रतिनिधित्व मिल सके। यदि सरकार 2023 में विपक्ष की बात मानती तो 2024 के चुनाव से ही महिला आरक्षण लागू हो जाता। सरकार महिला आरक्षण के नाम पर इसे टालने की कोशिश कर रही है और यह बिल महिला विरोधी, संविधान विरोधी और संघीय ढांचे के खिलाफ है।

## महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में की सर्वसम्मति की अपील, कहा

# नारी शक्ति के हक का समय

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान सभी दलों से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने इसे राजनीति से ऊपर उठकर 'राष्ट्रहित' का निर्णय बताया और कहा कि दशकों तक महिलाओं के हक को रोकने के जो 'पाप' हुए हैं, आज उससे मुक्ति पाने का सुनहरा अवसर है।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार की नीयत साफ है और वे किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। पीएम ने गारंटी दी कि उत्तर हो या दक्षिण, किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं होगा। सीटों में वृद्धि उसी अनुपात में होगी जैसी अतीत में रही है। उन्होंने कहा कि सीटों में वृद्धि समय की मांग है और इसी भविष्य को देखते हुए नए संसद भवन का निर्माण किया गया है। मोदी ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह महिलाओं पर कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका संवैधानिक हक है।



❝ हमें शब्दों के खेल में उलझने के बजाय नीयत पर ध्यान देना चाहिए। जब नीयत साफ होती है, तो गारंटी ही काफी होती है। नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री ❞

### नारी शक्ति का सामर्थ्य : पंचायतों से संसद तक

पीएम मोदी ने देश के विकास में महिलाओं के योगदान के आंकड़े पेश करते हुए उनके सामर्थ्य का लोहा माना और कहा, देश की 275 से अधिक जिला पंचायतों का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। लगभग 2700 ब्लॉक पंचायतों और 900 से अधिक शहरी निकायों की कमान बहनों के हाथ में है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं स्थानीय निकायों में कैबिनेट मंत्री जितनी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं, तो विधायिका में उनकी भागीदारी से देश का सामर्थ्य और बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने अंत में सभी दलों से इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने का अनुरोध किया ताकि इसका यश किसी एक दल को नहीं, बल्कि पूरे देश के लोकतंत्र को मिले।

### 2029 का लक्ष्य: अब विलंब की गुंजाइश नहीं

प्रधानमंत्री ने समय सीमा पर जोर देते हुए कहा कि तकनीकी कारणों से यह 2024 में संभव नहीं था, लेकिन अब 2029 के लिए हमारे पास पर्याप्त समय है। उन्होंने आगाह किया कि यदि अब भी देरी हुई, तो स्थिति और जटिल हो जाएगी।

### धर्म के आधार पर आरक्षण की बात असंवैधानिकः अमित शाह

गृहमंत्री शाह ने कहा कि विपक्ष इनपर चर्चा होने दे और सरकार हर आपत्ति का जवाब देगी। साथ ही मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण का मुद्दा आने पर शाह ने कहा कि धर्म के नाम पर आरक्षण किसी भी तरह से मंजूर नहीं है।



## सड़क हादसे में 8 श्रद्धालुओं की मौत, 12 घायल

एजेंसी

**हैदराबाद :** आंध्र प्रदेश के कर्नुल जिले में गुरुवार तड़के एक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। यह हादसा नेशनल हाईवे 167 पर कर्नुल जिले के धमार्पुर टोल प्लाजा से लगभग 8-9 किलोमीटर दूर कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा के पास हुआ। पुलिस के अनुसार प्रसिद्ध तीर्थस्थल मंत्रालयम स्थित श्री राघवेंद्र स्वामी मठ में दर्शन के लिए श्रद्धालु एक छोटी पिकअप गाड़ी से जा रहे थे। तभी कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर तड़के 3.30 बजे मंत्रालयम के चिलकलाडोना के पास पिकअप गाड़ी और रेडी-मिक्स लॉरी की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। हादसे के समय पिकअप वाहन में कुल 21 लोग सवार थे। इनमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को यममिगनूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान कुमार (60), दीपिका वीणा (35), सुनील (40), बेल्ली (3), मीनाक्षी (60), पुट्टम्मा (60), तयम्मा (60) और लोलेक्षी के रूप में हुई है। यममिगनूर उप-मंडल की डीएसपी भार्गवी ने बताया कि सात घायलों को बेहतर उपचार के लिए बाद में कुर्नुल स्थानांतरित किया गया, जबकि चार अन्य का एम्रिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक व्यक्ति की हालत स्थिर बताई गई है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही अधिक जानकारी सामने आएगी।



### ट्रैक्टर ने दो युवकों को कुचला, मौत

**गढ़वा :** गढ़वा में बुधवार रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने दो युवकों को कुचल दिया जिससे मौके पर उनकी मौत हो गई। घटना सदर थाना क्षेत्र के महुलिया पंचायत क्षेत्र में हुई। मिली जानकारी के अनुसार, महुलिया पंचायत निवासी राहुल चौधरी, नंदलाल राम, दोनों महुलिया स्कूल के पास अपनी लूना मोटरसाइकिल के साथ खड़े थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर ने गलत दिशा से आकर उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राहुल चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नंदलाल राम अस्पताल जाने के दौरान दम तोड़ दिया।

## बीएसएफ कैंप में लगी आग, एक जवान की मौत

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के बसिरहाट महकमे के हिंगलगंज थाना क्षेत्र के बड़ा बांकड़ा इलाका स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कैंप में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। यह कैंप बीएसएफ की 77वीं बटालियन का है, जहां आग लगने से पूरे परिसर में अफरा तफरी मच गई। आग कैंप के उस कमरे में लगी जहां नदी मार्ग से गश्त के लिए इस्तेमाल होने वाली नावों का ईंधन रखा गया था। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगने के समय जवान राम सिंह कमरे के अंदर मौजूद थे।

## जस्टिस अमिताभ कुमार गुप्ता होंगे झारखंड के लोकायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता झारखंड के लोकायुक्त होंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य सरकार द्वारा अनुशंसित प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्हें लोकायुक्त नियुक्त किया है।



- राज्यपाल ने दी मंजूरी
- जल्द ही उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी जाएगी

लोकभवन से मिली जानकारी के अनुसार अधिसूचना जारी होने के बाद जल्द ही उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी जाएगी। जस्टिस अमिताभ गुप्ता इससे पहले झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष रहे हैं। नवनियुक्त अमिताभ कुमार गुप्ता 1997 में न्यायिक सेवा में आए और संयुक्त बिहार के समय एडीजे के रूप में योगदान दिया। बहुचर्चित चारा घोटाला केस की सुनवाई करनेवाले जस्टिस अमिताभ गुप्ता वर्ष 2013 में झारखंड उच्च न्यायालय के जज बने थे और 30 मई 2021 को वहीं से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद आरआरडीए ट्रिब्यूनल के चेयरमैन के रूप में उन्होंने कार्य किया था।

### ऐसे होती है लोकायुक्त की नियुक्ति

लोकायुक्त एक संवैधानिक पद है जिसकी नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है। लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक समिति बनती है। जिसमें उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और विधानसभा में विपक्ष के नेता होते हैं। समिति की अनुशंसा पर नामित व्यक्ति को राज्यपाल या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाती है। लोकायुक्त का कार्यकाल 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक होता है या जो भी पहले हो। बहरहाल लोकायुक्त विहीन सरकार का यह आलिशान कार्यालय जस्टिस अमिताभ कुमार गुप्ता की नियुक्ति से अब गुलजार होनेवाला है।

बता दें कि राज्य के लोकायुक्त रहे जस्टिस डीएन उपाध्याय का कार्यकाल फरवरी 2022 तक था। लेकिन कोरोना संक्रमित होने के बाद उनकी असामयिक निधन 29 जून 2021 को दिल्ली एम्स में हो गया था। उनके निधन के बाद से झारखंड में लोकायुक्त का पद खाली है। वर्तमान में लोकायुक्त कार्यालय में चार हजार से अधिक आवेदन सुनवाई के अभाव में लंबित है।

## तीन ट्रकों में लगी आग, दो जिंदा जले

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह :** दिल्ली- कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग में गुरुवार को कुलगो टोल प्लाजा के समीप तीन मालवाहक ट्रकों के आपस हुई भीषण टक्कर के बाद आग लग गई। इसमें दो लोग जिंदा जल गये। घटना के बाद वहां अफरा तफरी मच गई। तीन दमकल गाड़ियों ने आग बुझाने का काम किया। आग की लपट कम होने के बाद एक ट्रक में दो लोगों का जला हुआ शव बरामद हुआ है। जो ट्रक के चालक और उप चालक का बताया जा रहा है। बताया गया कि कि कुलगो के पास दो ट्रक पहले से खड़े थे। ट्रक में खलासी और चालक सोए हुए थे।



इसी बीच बगोदर से डुमरी की तरफ आ रहे एक ट्रक ने खड़े ट्रक को पीछे से धक्का मार दिया। इस घटना में धक्का मारने वाला ट्रक सहित तीनों ट्रकों में भीषण आग लग गई। जब तक चालक और खलासी कुछ समझ पाते तब तक आग पूरी तरह फैल गई। तीनों ट्रकों में कोयला और गुड़ लोड था। घटना की जानकारी पर डुमरी एसडीएम सुमित कुमार, एसडीपीओ सहित अन्य पुलिस वाले मौके पर पहुंचे।

## बहरागोड़ा में फिर मिला सिलेंडरनुमा बम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड में एक बार फिर संदिग्ध विस्फोटक जैसी वस्तु मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। बरागाड़िया पंचायत के पानीपाड़ा गांव में बुधवार देर रात स्वर्णरेखा नदी के किनारे ग्रामीणों की नजर एक सिलेंडरनुमा वस्तु पर पड़ी, जिसके बाद पूरे गांव में भय का माहौल बन गया। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए और कुछ ग्रामीणों ने उस वस्तु को नदी से बाहर निकाल लिया। हालांकि बाद में स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बहरागोड़ा थाना पुलिस दल मौके पर पहुंचा और पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में लेकर लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में सतर्कता बरतते हुए बम निरोधक दस्ते को भी सूचित किया है, ताकि तकनीकी जांच के बाद वस्तु की प्रकृति स्पष्ट हो सके।



पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि बरामद वस्तु विस्फोटक है या नहीं। विशेषज्ञों की टीम की ओर से जांच के बाद ही अंतिम रूप से स्थिति साफ हो पाएगी। एहतियातन आसपास के इलाके में सर्च अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि किसी अन्य संदिग्ध वस्तु की मौजूदगी की संभावना को खारिज किया जा सके।

# झारखंड में एसआईआर जून तक टला, प्री-एक्टिविटी में आ रही है परेशानी

- देरी के पीछे की वजह राज्य में मई महीने में शुरू हो रही जनगणना
- जनगणना का पहला चरण 1 मई 2026 से शुरू होकर 14 जून 2026 तक चलेगा
- पैरेंटल मैपिंग 75% के करीब हो चुका है
- बीएलओ को भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण झारखंड में जून महीने में शुरू होगा। एसआईआर की घोषणा होने में हो रही देरी के पीछे की वजह राज्य में मई महीने में शुरू हो रही जनगणना है। झारखंड में 2026-2027 की जनगणना का पहला चरण 1 मई 2026 से शुरू होकर 14 जून 2026 तक चलेगा, जिसमें 1-15 मई तक स्व-गणना और 16 मई-14 जून तक फील्ड सर्वे होगा।



इससे पहले चुनाव आयोग द्वारा घर-घर स्टीकर लगाने जा रहे बीएलओ को बच्चा चोर बताकर दौड़ाए जाने की घटना को आयोग ने गंभीरता से लिया है। जमशेदपुर में हुई इस घटना पर नाराजगी जताते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आम लोगों से इसमें सहयोग करने की अपील की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इन दिनों एसआईआर से पहले प्री एक्टिविटी की जा रही है, जिसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से जानकारी ले रहे हैं, यह मतदाता के हक में है और इससे उन्हें सरकारी कार्यालय में भविष्य में नहीं दौड़ना पड़ेगा। जो भी डाक्यूमेंट्स प्रमाण के तौर पर मांगी जा रही है उसे जरूर बीएलओ के समक्ष बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि पैरेंटल मैपिंग 75% के करीब हो चुका है।

### बीएलओ को घर में नहीं जाने दिया जाता

चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर से पहले की जा रही प्री एक्टिविटी में जुटे बीएलओ को भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। बीएलओ की शिकायत यह है कि मतदाता के घर जब जाया जाता है तो वोटर सहयोग नहीं करते और उन्हें घर पर आने से रोकते हैं। इस तरह की शिकायत शहरी क्षेत्र में ज्यादा देखने को मिल रही है। यही वजह है कि रांची, धनबाद और जमशेदपुर जैसे शहर प्री एक्टिविटी में पिछड़ गया है। पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा किए गए फिल्ड सर्वेक्षण में इस तरह की शिकायत देखने में आई है।

# सीबीएसई बोर्ड में रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल का बेहतर प्रदर्शन



शत प्रतिशत सफल हुए छात्र, 98.08 प्रतिशत अंक लाकर विशाल बने टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** सीबीएसई बोर्ड में बरही चकूरा टांड़ स्थित रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का परचम लहराया है। इस वर्ष कुल 80 बच्चों ने दसवीं के बोर्ड में शामिल हुए थे। इसमें कुल 51 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की, जबकि शेष 29 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण किया। विशाल कुमार ने 90.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टॉपर हुए। इसके साथ ही टॉप टेन में खुशी कुमारी ने 87.5%, रोहित कुमार ने 86.6%, ऋषु कुमारी ने 84.5% और नितीश ने 84.3% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन की। बच्चों की सफलता पर प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक अनुप कुमार सिंह ने कहा कि रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक शुरू से ही छात्रों के समग्र विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में सक्षम है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रबंधन जल्द ही सभी सफल छात्रों को सम्मानित करेगा। बच्चों की सफलता पर संजय रविदास, भुवेश कुमार, राणा दास, आकांक्षा मरांडी, श्वेता साहू, शेरोन थॉमस, रीता कुमारी, साक्षी कुमारी, शुभम दुबे, सबिता सोरेन आदि ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

## बी.एम. मेमोरियल स्कूल का छात्र नवीन कुमार 94.2 % लाकर बना प्रखंड टॉपर



**बड़कागांव :** बीएम मेमोरियल स्कूल के छात्र नवीन कुमार पिता नरेश कुमार ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 94.2% अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉप रहा । नवीन ने विद्यालय और प्रखंड का नाम रोशन किया है। इस संबंध में छात्र नवीन कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय, अपने स्कूल के शिक्षकों एवं अपने माता-पिता को दिया है। नवीन के अलावा माही कुमारी बी 86%, सोनम कुमारी 80%, कुंदन कुमार 78.2%, रूपेश कुमार 78%, माही कुमारी ए 83% मिथुन कुमार 68%, स्नेहा कुमारी 67% स्वाति कुमारी 65%, राधिका मेहता 63%, अमन कुमार गुप्ता, अभिषेक चौबे, फहीम आलम, अंकिता कुमारी, गुनगुन कुमारी, नंदनी कुमारी, अंशु कुमार, सहित सभी बच्चों बेहतर प्रदर्शन कर शत प्रतिशत रिजल्ट हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## एक नजर

### सांसद की पहल पर हुआ महिला का अंतिम संस्कार

**बरही** : हजारीबाग में गुरुवार को मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई, जहां एक ओर अपनों की बेरुखी दिखी तो दूसरी ओर समाजसेवियों की दरियादिली ने मानवता का मान बढ़ा दिया। रामगढ़ जिले के सयाल उरीमारी निवासी मीणा देवी को इलाज के लिए हजारीबाग स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। दु:खद पहलू यह रहा कि उनके साथ आए परिचितों ने शव को अपनाने से इनकार कर दिया और उसे पोस्टमार्टम हाउस में लावारिस छोड़कर चले गए। इस अमानवीय कृत्य की जानकारी जैसे ही हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को मिली, उन्होंने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नीरज कुमार से संपर्क किया और शव के ससम्मान दाह संस्कार का आग्रह किया। सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार ने तत्काल व्यवस्था की और बाबा भूतनाथ मंडली न्यास के अध्यक्ष मैंगो मेन मनोज गुप्ता ने न्यास की ओर से नि:शुल्क लकड़ी उपलब्ध कराकर अपना योगदान दिया।

### केसठ विद्यालय में ड्रेस वितरण कार्यक्रम संपन्न

**चौपारण** : प्रखंड पंचायत पाण्डेयबारा अंतर्गत केसठ गांव स्थित उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच ड्रेस, स्वेटर, जूता एवं मौजा का वितरण किया गया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जहां बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर मुखिया रेखा देवी, पंचायत समिति सदस्य अतहर हुसैन एवं समाजसेवी जुबैर अहमद ने अपने हाथों से विद्यार्थियों को सामग्री प्रदान की। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया रेखा देवी ने विद्यालय की लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध पुस्तकों एवं पठन-पाठन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य कैसर आलम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अताउल मुस्तफा, इमरान अहमद, जहांगीर हैदर, अंजुम आरा, रूखशाना खातून, इशरत खातून, मो० शहादत, खुशबू प्रवीण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 7 युनिट सुकर का किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पशुपालन विभाग द्वारा 7 लाभुको के बीच 7 युनिट सुकर का वितरण किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा,जिला परिषद सदस्य जोतिलाल मांझी एवं पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो के द्वारा वितरण किया गया। वहीं पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो ने बताया कि 7 लाभुको के बीच 35 सुकर का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में मुर्गा चूजा, बत्तख,बकरा, बकरी एवं गौ पालकों के बीच गाय का वितरण किया गया है। विभाग का उद्देश्य है कि किसानों को अनुदानित दर पर पशु धन उपलब्ध कराकर स्वरोजगार को बढ़ावा देना है ।

## सिन्दूर में रुद्र महायज्ञ, भजन-कीर्तन से गूंजा शिव मंदिर परिसर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** ग्राम सिन्दूर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के अवसर पर गुरुवार को भव्य भंडारा एवं माता जागरण का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। दिन में वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन और पुष्पांजलि के साथ श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल पर पहुंचकर दीप एवं फूल अर्पित किए और पूजा-अर्चना की। वहीं रात्रि में आयोजित भव्य माता जागरण ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। जागरण में विश्वकर्मा म्यूजिकल एंड जागरण ग्रुप,



हजारीबाग के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन सोनू राणा ने किया। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायिका सुमन सोनकर, भजन गायक आनंद पांडे एवं गायिका अमृता सिंह सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। देर रात तक भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। आयोजन समिति के अध्यक्ष बसंत मेहता ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। आयोजन समिति में शामिल प्रमुख सदस्य अध्यक्ष बसंत मेहता, उपाध्यक्ष रामपाल मेहता, सचिव निर्मल मेहता, कोषाध्यक्ष राकेश प्रसाद उर्फ पप्पू, मुख्य संरक्षक वकील महतो, ब्रजकिशोर प्रसाद मेहता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## महूंगाई खुर्द में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** महूंगाई खुर्द अंबेडकर मोहल्ला सोती मे भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का 135वां जयंती बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन कमेटी के सचिव सह पूर्व वार्ड सदस्य कृष्णा रविदास ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत शोभा यात्रा कार्यक्रम स्थल से चंदौल गांव में बने बाबा साहब के प्रतिमा पर सभी भीम प्रेमियों ने पुष्प अर्पित किया और पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभ प्रारंभ किया। गया कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथिओं गमछा फूल और पटा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बडका गांव विधायक रोशनी रोशन लाल चौधरी ने कहा की संविधान हम सभी के जीवन में बहुत जरूरी है क्योंकि संविधान ही हर समाज अंतिम व्यक्ति को न्याय का मार्ग प्रशस्त्र करता है। बाबासाहेब विकट परिस्थितियों में कभी हार नहीं माने और उस समय 32 डिग्रियां और 9 भाषाओं का ज्ञान अर्जन किया और विश्व का सबसे बेहतर संविधान भारत को दिए वही अति सम्मानित अतिथि झारखंड सरकार पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने कहा बाबा साहब सिर्फ एसटीएससी का नहीं बल्कि सर्व समाज को जयंती मनाने की जरूरत है। इनके द्वारा लिखा संविधान हर भारतवासी को समता मूलक समाज निर्माण का अधिकार देता वही विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सुनीता देवीने कहा बाबा साहेब का देन है कि मैं आज एक स्त्री जिला परिषद बनी हूं उन्होंने मूल रूप से अभी समाज में बच्चों के द्वारा जो नशापन किया जा रहा है उससे कैसे निजात मिले समाजमे इसकी पहल होनी चाहिए जिस घर में एक शराबी होता है उस घर का बेड़ा गर्क हो जाता है। सांसद प्रतिनिधि सह चेपा कला पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम समाज को एक संविधान भेंट किया। इन्होंने हर एक बच्चे को भीम कि तरह बनने को कहा। नयाटांड़ पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम बादम पंचायत पूर्व मुखिया दीपक दास प्रखंड रविदास महासभा अध्यक्ष अचेसवर राम प्रखंड रविदास महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष अनुज कुमार दास मुखिया प्रतिनिधि सनित कुमार महतो, प्रजापति समाज के रजीत पंडित आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले विधायक मनोज यादव, दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बिहार में नई सरकार के गठन और मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने पटना पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री के साथ पुरानी राजनीतिक चर्चा की। श्री यादव ने कहा कि श्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और जनसरोकारों के प्रति उनकी संवेदनशीलता का लाभ निश्चित रूप से प्रदेश की जनता को मिलेगा। विधायक ने विश्वास जताया कि नई सरकार के आने से बिहार में विकास की गति और तेज होगी तथा जनहित की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। सीएम सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, विजेंद्र यादव को बधाई देने में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, गुरुदेव गुप्ता, भगवान केशरी, मोतीलाल चौधरी, मणिलाल यादव, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, मुन्ना यादव, जीप सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा नेता रोहित यादव, रवि यादव, राजन यादव, सचिन यादव सहित अन्हे।

## संक्षिप्त खबरें

### पारा शिक्षक महेंद्र कुमार के ऊपर लगे आरोप जांचोपरांत गलत पाये गये




**केरेडारी** : केरेडारी प्रखण्ड के पंचायत हेवई के पदस्थापित नव प्राथमिक विद्यालय बिलारी के पारा शिक्षक महेंद्र कुमार को विवाह लहंगा वितरण को लेकर आरोप लगाया गया था, और बच्चों को भविष्य को लेकर सोशल मीडिया वाट्सअप के माध्यम से उछाल किया गया था, केरेडारी प्रखण्ड के सभी पंचायतों में पारा शिक्षक महेंद्र कुमार के भविष्य अड़चन को लेकर चिंता का विषय बना हुआ था, सवाल बार बार उठ रहा था क्या एक शिक्षक राजनीतिक होड़ में आकर बच्चों को भविष्य संवार सकेंगे, या फिर राजनीतिक होड़ में कूद पड़ेंगे, यह सब चिंता करते हुए बच्ची को भविष्य देखते हुए वहां के प्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य साजन कुमार पासवान, महावीर महतो वार्ड नंबर 3, महावीर प्रसाद डीलर बालदेव महतो समाज सेवी, इन सभी ने मिलकर जांच किया। और घर घर जाकर प्रचार प्रसार का गलत फहमी था, वह निराधार बताया। शिक्षक महेंद्र कुमार प्रतिनिधि को जवाब देते हुए कहा कि मेर गांव घर की बेटी थी, जो मै आशीर्वाद देने की ललक से उपस्थित हुआ, मै बच्चों को भविष्य को लेकर काफी गहन चिंता करता हूं।

### प्रभारी मुखिया के हाथों विद्यार्थियों के बीच पोशाक का किया गया वितरण



**बड़कागांव** : कांडतरी पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खैरातरी में विद्यार्थियों को सरकार के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना से प्राप्त विद्यालय पोशाक का वितरण किया गया। पोशाक वितरण में वर्ग पहला के 15 सेट, वर्ग दूसरा के 14 सेट शर्ट, पेंट्स ,स्कर्ट, जूता,मौजा एवं स्वेटर का वितरण प्रभारी मुखिया राजदेव महतो के हाथों किया गया। बच्चों से कहा कि आपलोग पोषक पहन कर और साफ सफाई के साथ प्रतिदिन विद्यालय पहुंचकर शिक्षा ग्रहण करें। वहीं विद्यालय के सभी शिक्षकों से अपील है कि आप सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें।मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी प्रधानाध्यापक भुनेश्वर प्रसाद, सहायक अध्यापक देवदत्त कुमार एवं कुलेश्वर कुमार सहित विद्यालय के समस्त रसोईया एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### बरही के केदारूत में विशेष आयुष्मान आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन



**बरही** : 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान 2026 के तहत बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत में गुरुवार को विशेष आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें पंचायत के सैकड़ों मरीज शामिल हुए, शिविर में कई मरीजों को टीबी स्क्रीनिंग कर मौके पर ही पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से जांच की गईं। वहीं शिविर में कुल 120 मरीजों का एक्स-रे परीक्षण किया गया, ताकि संभावित टीबी मरीजों की समय पर पहचान कर उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराया जा सकें। साथ ही 15 मरीजों का बलगम जांच के लिए लिया गया। जबकि ओपीडी में 122 मरीजों का जांच किया गया, जिसमें सभी मरीजों का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, एचआईवी और बलगम आदि का नि:शुल्क जांच किया गया। इस दौरान बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने मौके पर मौजूद लोगों को यक्ष्मा के लक्षण, संक्रमण के कारण, जांच की प्रक्रिया, उपचार एवं दवा सेवन के संबंध में जानकारी प्रदान की। और उन्होंने बताया कि टीबी एक उपचार योग्य रोग है। इसकी समय पर पहचान व नियमित दवा सेवन से ही इससे निपटा जा सकता है। वहीं करसो पंचायत के मुखिया ने सभी अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत करते हुए इस पहल को सराहनीय बताया, उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जिससे वे स्वस्थ रह कर समाज के सकारात्मक निर्माण में योगदान दे सकते है। इस शिविर में अस्पताल के राजेंद्र कुमार, संतोष कुमार, संध्या देवी, किरण देवी, रीना देवी, पूर्णिमा गुरुंग, कंचन कुमारी, सुमन कुमारी, शैलेन्द्र राम, सूरज कुमार एवं मो शमशाद समेत पंचायत के दर्जनों सहिया साथी मौजूद थे।

### राणा रणजीत सिंह ने विद्यार्थियों को दिए कम्युनिकेशन स्किल्स के टिप्स



**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के कोनार उच्च विद्यालय में नवम एवं दशम के छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन स्किल्स के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि प्रभावी संवाद का अर्थ है अपनी बात को स्पष्ट, संपूर्ण और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करना, ताकि सामने वाला उसे सही रूप में समझ सके। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ संवाद करने, सही शब्दों के चयन और बॉडी लैंग्वेज पर भी ध्यान देने की सलाह दी। इस ज्ञानवर्धक सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें सीखीं।कार्यक्रम में मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश्वर कुमार रजक,संजय दास, मुनेश्वर लाल, राज कुमार, आलोक, महेश प्रजापति, सुनील तुरी, तोहिद अंसारी एवं रूकवा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# टॉपर्स की झड़ी से चमका सुरेखा प्रकाश भाई स्कूल, 90% से ऊपर कई छात्र




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में बहेरा स्थित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। विद्यालय के छात्र मोहित कुमार ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करते हुए टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा गुनगुन कुमारी ने 92 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सोनम राज (91%), अंशिका कुमारी एवं शिवम कुमार साव (90-90%) ने भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं पियूष कुमार गुप्ता एवं सूरज कुमार (89%), आयुष कुमार (88%), अस्मिता गुप्ता एवं समर कुमार साव (87-87%) ने भी टॉपर्स की सूची में अपनी जगह बनाई। इस वर्ष विद्यालय से कुल 167 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 90 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। उल्लेखनीय है कि 5 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर डिस्टिंक्शन प्राप्त किया। अन्य मेधावी छात्रों में निशांत कुमार गुप्ता (86%), आर्यन कुमार (85%), अभिनव कुमार सिंह (84%), तान्या कुमारी, अल्पना कुमारी एवं पायल कुमारी (82%), शुभम (81%) तथा राशि कुमारी (81%) शामिल हैं, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया। प्राचार्या रीना पांडे ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय के सचिव गिरिजा सतीश एवं प्रबंधक गंधर्व गौरव ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्या, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।

## डीपीएस हजारीबाग के तीसरे बैच ने रचा इतिहास, शौर्य गुप्ता 98.4% अंकों के साथ रहे अव्वल




**हजारीबाग** : हजारीबाग के शंकरपुर, बड़कागांव रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को दोहराते हुए शानदार सफलता हासिल की है। बुधवार को घोषित नतीजों में विद्यालय के तीसरे बैच के विद्यार्थियों ने धमाकेदार प्रदर्शन कर जिले में अपनी श्रेष्ठता का लोहा मनवाया है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 161 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शिरकत की थी और गौरव की बात यह रही कि सभी विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत सफलता अर्जित कर यह प्रमाणित कर दिया कि डीपीएस न केवल विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना बल्कि उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का भी केंद्र है। विद्यालय का कुल औसत परिणाम 82.7 प्रतिशत रहा, जो इसकी शैक्षणिक सुदृढ़ता को दशार्ता है। मेधा सूची में शौर्य गुप्ता ने 98.4% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उनके बाद ऋषभ वर्मा ने 97.2% के साथ द्वितीय और सौम्या प्रभात ने 96.8% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया। अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में हिताक्षा तिवारी (96.6%), आराध्या कुमारी (96%), पृथ्वी सागर एवं समृद्धि कुमारी (95.8%), अर्शी आशिया (95.6%), अनुष्का वर्मा एवं सिया रानी (95.4%), तेजस्विनी सिंह एवं पलक सिन्हा (94.8%), हर्षिता चौधरी (94.2%) तथा अनुराग सिंह एवं स्नेहा सचदेव ने 94% अंक पाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अंकों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि विद्यालय के 49 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक, 55 विद्यार्थियों ने 80% से 90% के बीच तथा 38 विद्यार्थियों ने 70% से 80% के मध्य अंक प्राप्त किए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय की निदेशिका निशा जायसवाल और प्रधानाध्यापिका पायल बंसल ने अपार हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

# ट्रेजरी घोटाले पर सरकार गंभीर
## राज्य के सभी 33 कोषागारों की हो रही जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य में सरकारी कोषागार से हर दिन आ रहे अवैध निकासी के मामले ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। बोकारो, हजारीबाग और रांची में मामला सामने आने के बाद हेमंत सरकार राज्य के सभी 33 कोषागारों की जांच करा रही है। इन कोषागारों से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा की गई निकासी की जांच की जा रही है।

इसे लेकर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इस अवैध निकासी में जो भी शामिल होंगे उन्हें पाताल से भी ढूंढ़कर कानून संगत सजा दिलायी जायेगी। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है जिसे लेकर सरकार गंभीर है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस वजह से ट्रेजरी से निकासी को लेकर आ रही परेशानी तकनीकी पहलू है, जिसे वित्त विभाग के अधिकारी देख रहे हैं। जल्द ही सबकुछ सामान्य हो जाएगा।



अमित मंडल ने कहा कि यह एक बहुत बड़ा घोटाला है जिसकी जांच गंभीरता से होनी चाहिए। मगर सरकार इस जांच के प्रति उतनी गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि जब से इस राज्य का गठन हुआ है उस समय से कोषागार से हुए निकासी की जांच कराई जाए।

सरकारी खजाने से राज्य में हो रही अवैध निकासी का मामला उस समय प्रकाश में आया, जब महालेखाकार की रिपोर्ट सरकार के समक्ष पहुंची और वित्त विभाग में खलबली मच गई। महालेखाकार झारखंड के द्वारा वित्त विभाग को 2 अप्रैल को भेजी गई चिट्ठी के बाद राज्य सरकार हरकत में आई और उसके बाद जो तथ्य सामने आए हैं उसमें एक के बाद एक ट्रेजरी से अवैध निकासी के मामले सामने आ रहे हैं।

महालेखाकार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बोकारो से मई 2024 से दिसंबर 2025 के दरम्यान 3 करोड़ 15 लाख 33 हजार 993 रुपये की अवैध निकासी पाते हुए वित्त विभाग को सूचित किया था। तत्पश्चात राज्य सरकार के वित्त विभाग ने डाटाबेस की समीक्षा के दौरान हजारीबाग पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 15 करोड़ 41 लाख 41 हजार 485 रुपये की अवैध निकासी पाया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी ट्रेजरी की जांच करने का आदेश दिया है और इस दिशा में प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि इस वित्तीय गड़बड़ी मामले में जो कोई सरकारीकर्मी शामिल हैं उन्हें बख्सा नहीं जाएगा।

## रांची के ज्वेलरी शॉप में चोरी, दुकान की छत और लोहे की जाली काटकर उड़ाए लाखों के गहने

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी के कांके रोड स्थित नेहा ज्वेलर्स शॉप में बीती रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। ज्वेलरी शॉप की दुकान की छत और उसके ऊपर लगी लोहे की जाली को काटकर चोर अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।



रांची के कांके रोड स्थित नेहा ज्वेलर्स के मालिक संजय प्रसाद हर दिन की तरह गुरुवार को जेवर दुकान खोलने के लिए पहुंचे थे, बाहर से दुकान हर तरह से ठीक नजर आ रही थी लेकिन जैसे ही संजय प्रसाद दुकान का शटर खोलकर अंदर गए तो वह हैरान और परेशान हो गए।

ज्वेलरी शॉप में डिस्प्ले के लिए रखे गए सभी चांदी और सोने के गहने गायब थे। संजय प्रसाद ने देखा कि दुकान की मजबूत छत और उसके नीचे लगी लोहे की जाली को काट दिया गया है। दुकानदार को समझते देर नहीं लगी। चोरी की वारदात की सूचना तुरंत गोंदा थाना पुलिस को दी गई।

चोरी की वारदात के बाद जांच के लिए पुलिस, एफएसएल और डॉग स्कॉयड की टीम एक साथ पहुंची। पूरी दुकान की बारीकी से जांच की गई और स्पेशल द्वारा कई तरह के नमूने इकट्ठे किए गए। हालांकि अभी तक चोरों का सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

नेहा ज्वेलर्स में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सकेः पारस राणा, सिटी एसपी

ज्वेलरी शॉप के मालिक संजय प्रसाद ने बताया कि दुकान में रखे अधिकांश कीमती गहने स्ट्रांग रूम में लॉक थे। खासकर सोने के ज्यादातर गहने तिजोरी में बंद थे। चोरों ने तिजोरी को भी खोलने का काफी प्रयास किया लेकिन वह उसे खोल नहीं पाए। इस वजह से सोने के सभी गहने बच गए।

दुकानदार ने आगे बताया कि फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। काफी देर से एफएसएल की टीम द्वारा दुकान की जांच की जा रही थी। इसलिए चोरी हुए गहनों का मिलान नहीं हो पाया है। हालांकि दुकानदार के अनुसार, जेवर दुकान से 15 लाख से ज्यादा के गहने चोरी हुए है।

## ऑटोमेशन से संभावनाओं के नए द्वार खुले : राहुल पुरवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'एआई रिवॉल्यूशन एंड द ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ बिजनेस, मैनेजमेंट एंड फाइनेंस इन द ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' आईकॉन- सीएम 2026' की आज शुरूआत हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डिपार्टमेंट ऑफ हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन, झारखंड सरकार के प्रधान सचिव श्री राहुल पुरवार ने राष्ट्र निर्माण की दिशा में नीति, शिक्षा और नवाचार के तालमेल पर खास तौर पर चर्चा की। उन्होंने इसके महत्व के विषय पर भी अपना विचार प्रस्तुत किया। ऑटोमेशन के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भले ही इससे कई पारंपरिक नौकरियों पर खतरा हो, लेकिन समय के साथ इससे कौशल उन्नयन एवं नए अवसरों के कई द्वार खुले हैं। इससे नवीन कार्यबलों का निर्माण भी हुआ है।



सम्मेलन में एआई के विभिन्न आयामों और वर्तमान समय में इसकी बढ़ती उपयोगिता पर विशिष्ट अतिथि आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक श्री प्रेम रंजन प्रसाद, सीसीएल के निदेशक (एआर) श्री एच. एन. मिश्रा एवं आईआईआईटी रांची के प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने भी चर्चा की। एसबीयू के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति विवि की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एआई क्रांति को अपनाते हुए इसके सकारात्मक परिणामों को उत्साहजनक बताया। माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने अंतरराष्ट्रीय मंचों के माध्यम से बौद्धिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और भावी नेतृत्व को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## नक्सल हमले में घायल जवान को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर किया गया दिल्ली शिफ्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बुधवार को सारंडा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में घायल सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश और शैलेश कुमार दुबे को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेज दिया गया है। गुरुवार को रांची स्थित अस्पताल से लेकर एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दोनों जवानों को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजा गया है।



सारंडा में हुए नक्सली मुठभेड़ में घायल कोबरा बटालियन के इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश और शैलेश कुमार दुबे को डॉक्टर ने एम्स रेफर कर दिया है। बुधवार को नक्सलियों के साथ हुए एनकाउंटर में सत्य प्रकाश और शैलेश कुमार दुबे जख्मी हो गए थे, जिसके बाद उन्हें एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था।

रांची में इलाज के बाद गुरुवार को डॉक्टर ने दोनों के बेहतर इलाज को लेकर दिल्ली जाने की सलाह दी। जिसके बाद रांची ट्रैफिक पुलिस के द्वारा अस्पताल से लेकर एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

जैसे ही ट्रैफिक पुलिस को यह सूचना मिली कि घायल इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश और शैलेश कुमार दुबे को एयर एंबुलेंस से इलाज के लिए दिल्ली भेजना है, तुरंत ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने अपनी टीम को एक्टिव किया।

## रांची सिटीजन फोरम ने महापौर और उप-महापौर को सौंपी पुस्तक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला की अगुवाई में फोरम के एक प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने गुरूवार को रांची की मेयर रौशनी खलखो, उप-महापौर नीरज कुमार एवं शेष सभी 52 नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें कई महत्वपूर्ण पुस्तकें सौंपी। इस दौरान सबों को निराला की ओर से लिखित झारखंड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली-2015, झारखंड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) योजना (स्कीम)- 2017, झारखंड नगरपालिका यातायात प्रबंधन विनियमावली- 2017 और नागरिक सुविधाओं की पुस्तकें भेंट की।



मौके पर उन्होंने मेयर से रांची में फुटपाथ दुकानदारों के आजीविका संरक्षण के उपाय करने, उनके लिए वेंडर्स मार्केट का निर्माण और रांची शहरी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। मौके पर निराला ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों के आजीविका संरक्षण के उपाय करने की जरूरत है। साथ ही उनके लिए वेंडर्स मार्केट का निर्माण करने और टाउन वेंडिंग कमेटी को सशक्त किया जाना चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष दीपेश निराला, सचिव रेणुका तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बागवानी, संयुक्त सचिव हरीश नागपाल, मनीष बक्शी, संतोष मृदुला, अमरनाथ चौबे, सुजीत पांडेय और क्रॉउन पब्लिकेशन के राजेंद्र आर्या सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखंड उत्पाद विभाग का ऐतिहासिक कीर्तिमान: 4013 करोड़ रूपए का रिकॉर्ड राजस्व संग्रह, पिछला कीर्तिमान ध्वस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार के उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व संग्रह के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए एक नया इतिहास रच दिया है। विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में कुल 4013.53 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया है, जो राज्य के गठन के बाद से अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। इस उपलब्धि ने राज्य के राजकोष को एक मजबूत वित्तीय आधार प्रदान किया है। गौरतलब है कि इससे पहले का सर्वाधिक राजस्व रिकॉर्ड 2700 करोड़ रूपए का था, जिसे वर्तमान वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों ने कोसों पीछे छोड़ दिया है।

### प्रशासनिक दक्षता और जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम

विशेषज्ञों के अनुसार, यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विभाग की प्रशासनिक दक्षता और अवैध गतिविधियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उत्पाद विभाग ने इस वर्ष शराब के अवैध निर्माण, परिवहन और बिक्री पर न केवल नकेल कसी, बल्कि लाइसेंसिंग प्रक्रिया में अभूतपूर्व पारदर्शिता भी सुनिश्चित की।

### राजस्व में ऐतिहासिक उछाल के प्रमुख कारणः

**डिजिटल ट्रैकिंग और तकनीक का प्रयोग:** विभाग ने इस बार डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम को पूरी शक्ति से लागू किया। इससे डिपो से लेकर दुकान तक शराब की हर बोतल की आपूर्ति और बिक्री की रियल-टाइम निगरानी संभव हुई, जिससे राजस्व की चोरी (लीकेज) पूरी तरह थम गई।



**नई उत्पाद नीति और संशोधन:** सरकार द्वारा लाई गई नई उत्पाद नीति के तहत लाइसेंस शुल्क और उत्पाद शुल्क के ढांचे में किए गए रणनीतिक बदलावों ने आय बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाई।

**अवैध कारोबार पर सर्जिकल स्ट्राइक:** पूरे साल राज्य भर में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाए गए। सीमावर्ती इलाकों में सख्त निगरानी और ड्रोन तकनीक के उपयोग से अवैध ठिकानों को ध्वस्त किया गया, जिससे वैध दुकानों की बिक्री में भारी इजाफा हुआ।

**पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा:** शराब दुकानों के संचालन में पारदर्शिता लाने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने से भी राज्य सरकार की आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

### राजकोष को मिली मजबूती

विभाग की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि इस अतिरिक्त राजस्व का उपयोग राज्य की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास में किया जाएगा। 2700 करोड़ रूपए के पिछले रिकॉर्ड की तुलना में लगभग 1313 करोड़ रूपए की अतिरिक्त वृद्धि विभाग की कार्यशैली में आए बड़े बदलाव को दशार्ती है।

## एक नजर

### बीएसी और एमएससी नर्सिंग में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 तक

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के तहत चलनेवाले बीएससी नर्सिंग के सत्र 2024-2028 और पोस्टत बेसिक नर्सिंग के सत्र 2024-26 एवं एमएससी नर्सिंग के सत्र 2024-26 रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि बिना फाइन के 20 अप्रैल तक किया गया है। वहीं 300 रुपये के फाइन के साथ रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल निर्धारित किया गया है। यह जानकारी गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

### झारखंड में 20 तक लू को लेकर येलो अलर्ट

**रांची :** राज्य के विभिन्न जिलों में 20 अप्रैल तक लू चलने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वही राजधानी रांची सहित पूरे राज्य भर में इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। यही वजह है कि गुरुवार को डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं राज्य के कई जिलों में भी तापमान बढ़कर 40 डिग्री से अधिक रिकॉर्ड किया गया। राज्य के उत्तर पूर्वी और दक्षिणी जिलों में 17 अप्रैल को गर्जन के साथ-साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और बाजारपट की संभावना व्यक्ति गई है। नहीं 19 अप्रैल को राज्य के उत्तर पश्चिमी जिलों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना व्यक्त की गई है, जबकि 20 अप्रैल को उत्तर पश्चिमी और राज्य के दक्षिणी पूर्वी जिलों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना व्यक्त की गई है।

### बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**सिल्ली :** कुछ दिनों से लगातार अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता काफी परेशान हो गए हैं ।एक तरफ गर्मी धीरे-धीरे अपना प्रचंड रूप धारण कर रही है और दूसरी तरफ बिजली की कटौती लगातार जारी है,जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।बिजली कटौती से सिल्ली आसपास क्षेत्रों के कुटीर उद्योग में भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इधर विद्यालय में भी नए सत्र की शुरूआत हो गई है और बिजली कटौती से बच्चों को अध्ययन करने में भी काफी मशक्कत करना पड़ रहा है ।स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया कि हर एक से दो घंटे में बिजली की कटौती हो रही है जिससे जनजीवन,खेती और छोटे-छोटे उद्योग प्रभावित हो रहे हैं साथ ही बिजली कटौती से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं एवं किसानों और कुटीर उद्योग से जुड़े लोगों पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने जल्द बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### टावर निर्माण के दौरान एक की मौत, चार घायल

**रांची (अनगड़ा) :** अनगड़ा प्रखंड के जोन्हा स्कूल मोड़ के समीप गुरुवार शाम करीब साढ़े तीन से चार बजे के बीच हल्की बारिश के दौरान हुए वज्रपात ने बड़ा हादसा कर दिया। बिजली टावर फाउंडेशन निर्माण कार्य में जुटे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। इस घटना में सिरपा नयाटोली निवासी गौरा मुंडा (38 वर्ष) की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, गंभीर रूप से घायल गौरा मुंडा को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन हेसल पंचायत तक पहुंचते-पहुंचते उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे में चार अन्य मजदूर घायल हो गए हैं, जिनमें सिल्ली निवासी बिजला मुंडा, पश्चिम बंगाल निवासी संतु दास (28 वर्ष), रघुनाथपुर निवासी राजा नाग, पिठौरिया थाना क्षेत्र के कोगदोरो निवासी साहिल अंसारी (22 वर्ष) तथा हेसल निवासी नजबुल अंसारी (32 वर्ष) शामिल हैं। सभी घायलों को टाटीसिलवे स्थित स्वर्णरेखा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जाता है कि जेयूएसएनएल (खवरठछ) की अनगड़ा से रातू लाइन के लिए बिजली टावर निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हुआ और तेज गर्जना के साथ ठनका गिर गया, जिससे कार्यस्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्पाद सिपाही परीक्षा पेपर लीक : जमानत पर सुनवाई, कोर्ट ने मांगी केस डायरी

**रांची :** उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा से जुड़े पेपर लीक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए 20 आरोपितों की जमानत याचिका पर अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने केस डायरी मांगी है। अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। गौरतलब है कि पेपर लीक मामले के आरोपित सुनील कुमार, किशोर कुमार, सन्नी राम, रविंद्र कुमार, दलील कुमार, शशिकांत, अभिषेक कुमार सहित अन्य ने रांची सिविल कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। सभी विद्यार्थी हैं। उनकी ओर से कहा गया है कि साजिश के तहत उन्हें फंसाया गया है। दलील दी गई है कि उन पर आपराधिक मुकदमा न चलाया जाए, इससे उनका शैक्षणिक करियर समाप्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि गत शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि रड़गांव में एक अर्धनिर्मित स्थान पर 159 अभ्यर्थियों का जमावड़ा लगा है। सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी दल ने 11 अप्रैल की देर रात छापा मारा था। इनमें 152 पुरुष अभ्यर्थी, 7 महिला अभ्यर्थी, 5 गैंग सरगना एवं अन्य शामिल थे। पुलिस की ओर से बताया गया था कि गैंग के एजेंटों ने तमाड़ के रड़गांव में अभ्यर्थियों को रखा था और उन्हें प्रश्न का उत्तर (आसंर) रटाया जा रहा था। गैंग ने अभ्यर्थियों के मोबाइल और एडमिट कार्ड अपने पास रख लिए थे। अभ्यर्थियों से 15-15 लाख में सौदा हुआ था। कुछ अभ्यर्थियों ने गैंग के सदस्यों के नाम पर बैंक चेक भी दिया था। मामले में तमाड़ थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 21/2026 दर्ज की गई थी।

### बकाया वेतन से एचईसी कर्मियों का आर्थिक संकट चरम पर : लालदेव

**रांची :** हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने हेवी इंजीनियर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि समय रहते मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो यहां भी नोएडा और पानीपत जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बढ़ती महंगाई के बीच मजदूरों के वेतन में वृद्धि नहीं होने और लंबित भुगतान पर गंभीर चिंता का विषय है, जिसे किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लालदेव ने गुरूवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के जरिए बताया कि एचईसी में कर्मचारियों का करीब 26 माह का वेतन बकाया है, जिससे मजदूरों के सामने आर्थिक संकट चरम पर है। कर्मचारियों की स्थिति बद से बदत्तर होती जा रही है। इसके अलावे उन्होंने कहा कि सीपीएफ मद में कटौती के बावजूद ट्रस्टी में भी राशि जमा नहीं होने से कर्मचारियों को लोन नहीं मिल पा रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और पारिवारिक जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। लालदेव सिंह ने कहा कि कारखाने में नए कायार्देशों की कमी से भविष्य और भी अनिश्चित हो गया है। मार्च 2026 के बाद नए ऑर्डर नहीं मिलने की स्थिति में वेतन भुगतान संकट और बढ़ सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रबंधन से तत्काल हस्तक्षेप कर मजदूरों की समस्याओं के समाधान की मांग की है, अन्यथा निगम में असंतोष और आंदोलन की स्थिति बन सकती है।

### ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ लागू हो महिला आरक्षण : कांग्रेस

**रांची :** संसद में गुरुवार को प्रस्तुत किए गए महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े मुद्दों पर प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि पार्टी महिला सशक्तिकरण की हमेशा से प्रबल समर्थक रही है और आज भी हम महिलाओं को राजनीति में समुचित प्रतिनिधित्व देने के पक्ष में मजबूती से खड़े हैं। पार्टी के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि जिस तरीके से केंद्र सरकार ने इस महत्वपूर्ण विषय को प्रस्तुत किया है, वह कई गंभीर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि महिला आरक्षण केवल एक राजनीतिक घोषणा या चुनावी रणनीति का हिस्सा नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाना चाहिए। यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाना चाहती है, तो उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह आरक्षण बिना किसी अनावश्यक शर्तों और देरी के लागू हो। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने इसे परिसीमन जैसी जटिल प्रक्रिया से जोड़कर इसके क्रियान्वयन को अनिश्चित बना दिया है।

### नगर निगम ने नामकुम और डोरंडा इलाके में हटाया अतिक्रमण

**रांची :** रांची नगर निगम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निगम की इंफोर्समेंट टीम की ओर से गुरुवार को दुर्गा सोरेन चौक से नामकुम स्टेशन और डोरंडा से हिनू चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुर्गा सोरेन चौक से नामकुम स्टेशन तक एक ठेला, दो काउंटर और बांस-बल्ली जब्त किया गया। साथ ही मुख्य मार्ग के दोनों ओर बांस-बल्ली और प्लास्टिक से बनाए गए अवैध अस्थायी ढांचों को ध्वस्त किया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके। इसके अलावा डोरंडा से हिनू चौक तक भी सड़क को अतिक्रमण मुक्त करते हुए दो ठेला और एक गुमटी को जब्त किया गया। साथ ही मार्ग में बाधा उत्पन्न करने वाले अन्य अवैध संरचनाओं को भी हटाया गया। अतिक्रमण को रांची निगम की ओर से संबंधित लोगों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में पुनः अतिक्रमण करने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संत माइकल का 10वीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** मुरी सीबीएसइ 10वीं की बोर्ड परीक्षा में संत माइकल +2 स्कूल, मुरी के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें नंदनी कुमारी ने 93% अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। साथ ही रिया राज 91.2%, मनीष कुमार महतो 91%, जास्मिन परवीन 91%, अतरी कुमारी 90%, मित कुमार 88.2%, नेहा महतो 87.4%, नितिन कुमार 87.4%, नेहा सिंह पातर 87.2%, सौमिया 85.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया । विद्यालय के निदेशक डॉ. राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्याथीयो की कड़ी मेहनत का ही फल है साथ ही उन्होने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियो ने गुणवता शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एवं विद्याथीयो की बधाई के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए उन्होंने उन सभी अभिभावकगण को धन्यवाद दिए जिन्होंने विद्यालय के प्रति भरोसा जताया। विद्यालय के प्राचार्य श्री सि. एल. प्रजापति ने इतनी बड़ी सफलता के लिए सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किए एवं सभी विद्यार्थियो को शुभकामनाए दिए। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकाएं ने अपनी खुशी जाहिर की।



## एक नजर

### जरूरतमंदों की सेवा ही मारवाड़ी समाज की पहचान है : पिंकी जैन

**झुमरीतिलैया** : मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा के सत्र 2026-27 के शपथ ग्रहण समारोह में सामाजिक एकता और सेवा भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर रांची से पहुंचे प्रांतीय पदाधिकारियों ने वार्ड पार्षद पिंकी जैन को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।समारोह में प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया, मंडलीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, महामंत्री दीपक गोयनका, कोषाध्यक्ष विकास झांझरिया एवं जनसंपर्क संयोजक अमित शर्मा ने संयुक्त रूप से पिंकी जैन को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निकाय चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत हासिल कर पिंकी जैन ने समाज का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि एक महिला जनप्रतिनिधि के रूप में पिंकी जैन ने सेवा, समर्पण और नेतृत्व का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। पिछले 15 वर्षों से समाज के बीच निरंतर सक्रिय रहते हुए उन्होंने जरूरतमंदों की सेवा की है, जिसके परिणामस्वरूप जनता ने उन्हें बार-बार अपना प्रतिनिधि चुना। उन्होंने आगे कहा कि समाज उनके दृढ़ संकल्प, सेवा भावना और समर्पण का सम्मान करता है और आशा करता है कि वे भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ जनसेवा करती रहेंगी।कार्यक्रम में प्रेरणा शाखा की पदाधिकारी एवं सदस्य सारिका लड्ढा और श्रेया केडिया ने भी पिंकी जैन को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

### श्री श्याम सेवा परिवार निकालेगा भव्य निशान यात्रा

**झुमरी तिलैया** : 'हारे के सहारे' बाबा श्याम के जयकारों से जल्द ही झुमरी तिलैया की गलियां गूंजने वाली हैं। श्री श्याम सेवा परिवार द्वारा आगामी 18 अप्रैल 2026 को एक विशाल और भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर संस्था ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है और शहरवासियों को इसमें शामिल होने का निमंत्रण दिया है। संस्था के अध्यक्ष नितेश सहवादी ,सचिव विक्की मोदी ओर बबलू सिंह कोषाध्यक्ष आशीष कुमार मोदी व अन्य पदाधिकारीयों ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि श्री श्याम सेवा परिवार का पहला आयोजन भव्य निशान यात्रा व शोभा यात्रा के रूप में होने जा रहा है जिसमें श्याम बाबा का स्वागत बेहद खास तरीके से किया जाएगा होगी।
मुख्य तिथि: 18 अप्रैल 2026
प्रस्थान: सुबह 8:00 बजे, काली मंदिर (रेलवे स्टेशन रोड) से।
मार्ग: यह यात्रा काली मंदिर से शुरू होकर झंडा चौक होते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर (बायपास रोड) पर जाकर संपन्न होगी।

### एच-20 पर युवक का संदिग्ध शव मिलने से सनसनी

**कोडरमा** : तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची पटना मुख्य मार्ग के इन एच 20 स्थित तिलैया बस्ती अंडरपास के ठीक ऊपर गुरुवार की सुबह संदिग्घ अवस्था में एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान तिलैया थाना क्षेत्र के ही इंदरवा बस्ती निवासी 26 वर्षीय राजकुमार श्रीवास्तव उर्फ गोलू पिता जयराम श्रीवास्तव के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के छोटे भाई अनीश श्रीवास्तव ने बताया कि राजकमल उर्फ गोलू बुधवार की दोपहर अपने घर से बाइक पर सवार होकर कहीं निकला था। इसके पश्चात देर शाम तक वापस घर नहीं लौटने पर उसने उसे फोन किया। जिस पर गोलू ने कहा कि वह कुछ देर में घर आ जाएगा, लेकिन वह पूरी रात घर नहीं लौटा। इधर गुरुवार की सुबह उक्त मार्ग से गुजर रहे राहगीरों की नजर गोलू के ऊपर पड़ी। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना गोलू के परिजनों को दी।

# तेज रफ्तार का कहर: अरगड्डा-बिन्झार रोड हादसे में दो युवकों की मौत, मुआवजे को लेकर उग्र प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**रामगढ़** : गुरुवार को अरगड्डा-बिन्झार रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित मुंडा, बबलू बेदिया और पंकज बेदिया स्कूटी संख्या जेएच 01 एफजेड 8113 से रामगढ़ से अपने घर मनुवा लौट रहे थे। इसी दौरान अरगड्डा की ओर से तेज गति से आ रही सोलर प्लांट की गाड़ी संख्या एमएच 40 सीटी 5654 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमित मुंडा और बबलू बेदिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में पंकज बेदिया गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उपस्थित लोगों में नगर परिषद अध्यक्ष कुसुमलता कुमारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र बेदिया, सुषमा देवी, ललिता देवी, ऐसारुल अंसारी, भाजपा नेता राजू चतुर्वेदी, पूर्व मुखिया दिनेश मुंडा, कांग्रेस नेता राजू अंसारी, सीआई अजय कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। घटना के बाद ग्रामीणों ने मृतकों के शव सड़क पर रखकर उचित मुआवजे की मांग शुरू कर दी। देखते ही देखते अरगड्डा-बिन्झार रोड पर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर गुप्ता ने कहा कि इस सड़क पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रशासन को तत्काल जगह-जगह गति अवरोधक लगाने चाहिए, ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण हो सके। साथ ही मृतकों के परिजनों को समुचित मुआवजा देने की मांग भी की गई। दो युवकों की असमय मौत से मनुवा और आसपास के क्षेत्रों में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था और ग्रामीण अपनी मांगों पर डटे हुए थे।

## नेशनल पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### यश कुमार 95 प्रतिशत अंक लाकर बना विद्यालय का टॉपर









प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर** : सीबीएसई बोर्ड परीक्षा द्वारा जारी किए गए हैं दसवीं बोर्ड की परीक्षा में नेशनल पब्लिक स्कूल स्टेशन रोड परसाबाद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बता दे की यश कुमार ने 95% अंक हासिल करके विद्यालय का टॉपर बना है। आयुष कुमार 90.6 परसेंट, जुली कुमारी 90.5%, आदित्य कुमार 90% पॉइंट 6%, सहित विद्यालय शत प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा परिणाम प्राप्त कर विद्यालय का नाम गोरवान्वित किया है। विद्यालय के निर्देश मुस्ताक खान ने छाछ छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि इस वर्ष सभी छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय की गुणवत्ता एवं अनुशासन को सिद्ध किया है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। वहीं विद्यालय के इस बेहतर परिणाम के लिए पिछड़ा वर्ग के आयोग का अध्यक्ष जानकी यादव, विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, पूर्व मुखिया अजय यादव, पूर्व मुखिया हिंद किशोर राम सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं कई लोगों ने शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिए हैं।

## डीएवी उरीमारी ने फिर गढ़ी सफलता की मिसाल दसवीं परीक्षा में छात्रों ने लहराया परचम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**उरीमारी** : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं परीक्षा में डीएवी उरीमारी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे छात्र, अभिभावक और शिक्षक वर्ग में खुशी का माहौल है। उत्कृष्ट परिणाम ने एक बार फिर विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को साबित कर दिया है। जारी परिणाम के अनुसार अंशुमन कुमार ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। सुमन कुमारी ने 93.40 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। दीपिका कुमारी 90.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे और रुद्र प्रताप 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रहे। मेधावी विद्यार्थियों की इस सफलता ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में भी शानदार प्रदर्शन किया। सूचना प्रौद्योगिकी में सर्वाधिक 98 अंक, हिंदी में 97 अंक, अंग्रेजी में 95 अंक, सामाजिक विज्ञान में 95 अंक, विज्ञान में 94 अंक तथा गणित में सर्वाधिक 87 अंक प्राप्त हुए। विषयवार उपलब्धियों ने यह स्पष्ट कर दिया कि छात्रों ने हर क्षेत्र में मेहनत और लगन से सफलता अर्जित की है। इस वर्ष कुल 78 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। इनमें से 4 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 27 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक और 57 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। यह परिणाम विद्यालय के अनुशासन, शिक्षण गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण माना जा रहा है। उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।

### आकांक्षा परीक्षा में पल्लवी भारती ने किया कमाल, राज्य में 9वां स्थान हासिल कर बढ़ाया मान



**कोडरमा** : जयनगर प्रखंड के योगियाटिल्हा गांव की होनहार छात्रा पल्लवी भारती ने आकांक्षा परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में 9वां स्थान प्राप्त किया है। पल्लवी, पिता सचिन कुमार यादव, ने कुल 151 अंक हासिल कर न सिर्फ अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बताया जाता है कि आकांक्षा परीक्षा में मैट्रिक बोर्ड के अपियरिंग छात्र-छात्राएं शामिल होते हैं। इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सरकार द्वारा मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई निःशुल्क कराई जाती है, जिससे उनका भविष्य संवरता है। पल्लवी की इस बड़ी उपलब्धि से परिवार सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता जताई है। इस मौके पर विधायक अमित कुमार यादव, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, मुखिया इरफान अंसारी, पूर्व मुखिया श्यामसुंदर यादव, समाजसेवी देवनारायण यादव, शिवशंकर पासवान, मोहन यादव, पंसस चमेली देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव और डॉ. रामकृष्ण यादव सहित कई गणमान्य लोगों ने पल्लवी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### क्लोरोफिल स्कूल में बच्चों ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**झुमरी तिलैया** : मारवाड़ी युवा मंच, झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा द्वारा क्लोरोफिल स्कूल में 25 नन्हें बच्चों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली और प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक अजय अग्रवाल एवं प्राचार्या कंचन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शाखा की ओर से दोनों अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच अध्यक्ष आकृति चौधरी ने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी धरोहर है। यदि आज हम पौधारोपण और उसकी देखभाल का संकल्प लें, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पौधारोपण किया और उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। निर्देशक अजय अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लबच्चों में बचपन से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है।

### रामगढ़ की बेटी ने बढ़ाया मान, अर्पिता बिस्वास दासगुप्ता को मिला राष्ट्रीय 'इंडियन एजुकेटर अवॉर्ड'



**रामगढ़** : जिले के लिए गर्व और सम्मान का क्षण तब आया, जब शिक्षा और रचनात्मकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली अर्पिता बिस्वास दासगुप्ता को रांची में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में इंडियन एजुकेटर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए रामगढ़ जिले से अर्पिता एकमात्र चयनित शिक्षिका रहीं। उनकी इस उपलब्धि से जिले में खुशी और गौरव का माहौल है। रांची में आयोजित शिक्षा महोत्सव एजुकेशन फेयर के दौरान यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा जगत से जुड़े कई प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। अर्पिता बिस्वास दासगुप्ता को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, समर्पण और उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उनकी उपलब्धियों की विशेष सराहना की गई। अर्पिता बिस्वास दासगुप्ता, क्रिएटिव आर्ट सेंटर की संस्थापक हैं। वह पिछले कई वर्षों से कला और रचनात्मक शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बच्चों और युवाओं को केवल चित्रकला ही नहीं सिखाई, बल्कि उनकी कल्पनाशक्ति, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को भी नई दिशा दी है।

# छिन्नमस्तिका धाम में 254 दुकानों पर बुलडोजर : अतिक्रमण हटाने से बदला स्वरूप, आजीविका पर उठे सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रजरप्पा** : जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका धाम मंदिर क्षेत्र में गुरुवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का व्यापक अभियान चलाया। झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में मंदिर परिसर में वर्षों से संचालित 254 दुकानों को हटाया गया। इस कार्रवाई के बाद मंदिर क्षेत्र का स्वरूप पूरी तरह बदल गया। गुरुवार सुबह से ही मंदिर क्षेत्र में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई थी। भारी संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी, जेसीबी और बुलडोजर के साथ प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा व्यवस्था के बीच चरणबद्ध तरीके से दुकानों को हटाने का कार्य शुरू किया गया। पूरे अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े इंतजाम किए गए थे। जहां पहले दुकानों की लंबी कतारें, श्रद्धालुओं की भीड़ और व्यापारिक गतिविधियां नजर आती थीं, वहीं कार्रवाई के बाद परिसर में मलबा और खाली स्थान दिखाई देने लगा। कई दुकानदार भावुक भी दिखे, क्योंकि इस कार्रवाई से उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ा है। प्रशासन के अनुसार मंदिर परिसर में वर्षों से अनियोजित ढंग से दुकानें संचालित हो रही थीं, जिससे अव्यवस्था और भीड़भाड़ बढ़ रही थी। न्यायालय के आदेश के बाद क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्णय लिया गया। दुकानदारों को पहले नोटिस दिया गया था तथा माइकिंग के माध्यम से सामान हटाने की सूचना भी दी गई थी। अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी और पुलिस उपाधीक्षक चंदन वत्स ने किया। उनके साथ भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, अंचल अधिकारी दीपक मिंज, तृप्ति विजया कुजूर, किशोरी यादव, सीताराम महतो, रमेश रविदास, मनोज कुमार चौरसिया सहित कुल 13 दंडाधिकारी मौजूद रहे। रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार भी पूरे अभियान में सक्रिय रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई मंदिर क्षेत्र के प्रस्तावित पुनर्विकास योजना का हिस्सा है। योजना के तहत परिसर को अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और सुविधाजनक बनाया जाएगा। भविष्य में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था विकसित करने की तैयारी है। प्रभावित दुकानदारों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए पुनर्वास की मांग की है। रजरप्पा मंदिर परिसर सर्वांगीण विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष कुलदीप साव ने कहा कि न्यायालय के आदेश का सम्मान है, लेकिन सैकड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की। यह कार्रवाई एक ओर विकास और व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित परिवारों के भविष्य को लेकर कई सवाल भी खड़े कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली की आंख मिचौली, लोगों की बढ़ी परेशानी

**मरकच्चो** : इन दिनों प्रखण्ड क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख मिचौली ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। लगातार हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ताओं का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन में तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। वही बार-बार बिजली गुल हो जाने से पंखा, कूलर, और अन्य विद्युत उपकरण बेअसर साबित हो रहे हैं ।खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को भी सुबह से शाम तक बिजली लगभग गुल रही, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बिजली आपूर्ति की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। कई बार घण्टे घण्टे तक बिजली गायब रहती है, जिससे पानी की आपूर्ति भी बाधित हो रही है और दैनिक कार्यों में दिक्कतें आ रही है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से मांग की है की आपूर्ति व्यवस्था में जल्द से जल्द सुधार किया जाए और अनियमित कटौती पर रोक लगाई जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

### विद्यालय चलो अभियान 2026: जागरूकता रैली से गूंजा डंडाडीह गांव



**जयनगर** : विद्यालय चलो अभियान 2026 के तहत पी.एम. श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डंडाडीह में जागरूकता रैली का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि निम्मी कुमारी एवं अंजली कुमारी ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने शिक्षकों, प्रधानाध्यापक और छात्रों के साथ मिलकर रैली को सफल बनाया। रैली के दौरान छात्रों ने आकर्षक पोस्टर तैयार किए और शिक्षा के महत्व को दशार्ते हुए प्रेरणादायक नारों के माध्यम से पूरे गांव में जन-जागरूकता फैलायी। इस अवसर पर स्थानीय समुदाय की सराहनीय भागीदारी देखने को मिली। खासकर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। पंचायत की मुखिया सुनीता देवी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक प्रभावी एवं प्रेरणादायक बना दिया। इस पहल के माध्यम से बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश समाज में प्रसारित किया गया। कार्यक्रम ने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सभी ने मिलकर शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

### झारखंड इस्पात हादसे ने ली पांचवीं जान घायल मजदूर श्यामदेव बरई ने तोड़ा दम

**रामगढ़** : अरगड्डा हेसला स्थित झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के स्टील प्लांट में छह अप्रैल को हुए भीषण विस्फोट का दर्द अब भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। हादसे में गंभीर रूप से झुलसे एक और मजदूर श्यामदेव बरई की बुधवार देर रात रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मौत के बाद हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। ब्लास्ट फर्नेस विस्फोट में श्यामदेव बरई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां कई दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। मजदूर की मौत की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस दर्दनाक हादसे में इससे पहले बृजलाल बेदिया, राजू झा, अशोक बेदिया और अखिल राय की मौत हो चुकी थी। अब श्यामदेव बरई के निधन के बाद मृतकों की संख्या पांच हो गई है। लगातार हो रही मौतों ने हादसे की भयावहता को और गहरा कर दिया है। जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में हुए इस भीषण विस्फोट में कुल नौ मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायलों का इलाज रामगढ़ और रांची के विभिन्न निजी अस्पतालों में चल रहा है। कुछ मजदूरों की हालत अब भी चिंताजनक बताई जा रही है। हादसे के बाद मजदूरों, स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश देखा गया था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया था और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई थी। कई दिनों तक क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। लगातार विरोध और आंदोलन के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने मृतकों के परिजनों को 21 लाख रुपये मुआवजा तथा अन्य सुविधाएं देने की घोषणा की है। साथ ही घायलों के समुचित इलाज का भरोसा भी दिया गया है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता, तो इतनी बड़ी जनहानि टाली जा सकती थी।

### बीएफसीएल में 104 यूनिट रक्तदान कर कर्मचारियों ने रचा मिसाल



**रामगढ़** : बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (बीएफसीएल) में सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की प्रेरक मिसाल देखने को मिली। संस्थान के एचएएसपी यूनिट स्थित व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 104 यूनिट रक्तदान किया। इस आयोजन ने न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए उम्मीद जगाई, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का मजबूत संदेश भी दिया। रक्तदान शिविर का आयोजन 15 अप्रैल 2026, बुधवार को सैमफोर्ड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रांची के सहयोग से किया गया। शिविर की शुरूआत स्वास्थ्य जागरूकता संदेश के साथ हुई, जिसमें रक्तदान के महत्व और इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। शिविर में बीएफसीएल के अधिकारियों, कर्मचारियों और कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 104 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता और समर्पण का परिचय दिया। रक्तदान के दौरान प्रतिभागियों में उत्साह और सेवा भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट तथा अन्य उपहार सामग्री देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधन की ओर से रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि ऐसे लोग समाज के सच्चे प्रेरणास्रोत हैं, जो किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए आगे आते हैं। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। रक्तचाप, सामान्य स्वास्थ्य स्थिति और आवश्यक चिकित्सीय जांच के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने स्वास्थ्य की जानकारी भी दी गई। इससे रक्तदान के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता को भी बढ़ावा मिला। बीएफसीएल प्रबंधन ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। जरूरत के समय एक यूनिट रक्त किसी मरीज के लिए नई जिंदगी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान से शरीर में नए रक्त कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ावा मिलता है और हृदय स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहता है।

# पश्चिम बंगाल में नई सरकार की अनिवार्यता का विमर्श

पश्चिम बंगाल की राजनीति हमेशा से एक व्यापक सामाजिक, वैचारिक और लोकतांत्रिक संघर्ष का मंच रही है। इस बार भी 2026 के विधानसभा चुनाव इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक निर्णायक मोड़ पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। अब यह चुनाव ही तय करेगा कि राज्य में लोकतंत्र की गुणवत्ता, जवाबदेही और संस्थागत मजबूती किस दिशा में आगे बढ़ेगी। ऐसे परिदृश्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार का मूल्यांकन करना अनिवार्य हो जाता है। दरअसल, पिछले एक दशक में ममता बनर्जी के नेतृत्व में सत्ता का अत्यधिक केंद्रीकरण देखने को मिला है। 2011 में परिवर्तन की उम्मीदों के साथ सत्ता में आई तृणमूल कांग्रेस ने शुरूआत में जनसमर्थन अर्जित किया, लेकिन समय के साथ यह शासन शैली एक व्यक्ति-केन्द्रित प्रशासन में बदलती चली गई। प्रशासनिक निर्णयों में संस्थाओं की भूमिका सीमित होती गई और राजनीतिक व प्रशासनिक तंत्र के बीच की दूरी कम होकर पक्षपातपूर्ण होते हुए दिखी। हालांकि ममता का राज इसी विश्वास पर बहाल हुआ था कि पश्चिम बंगाल से अराजकता की समाप्ति होगी, बांग्लादेश से होनेवाली घुसपैठ रुकेगी और हिंसा बंद होकर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पर हकीकत में क्या हुआ? यही कि वादों के अनुरूप ममता सरकार कुछ नहीं कर पाई, उल्टा यह सामने आया कि संस्थाओं की स्वतंत्रता और जवाबदेही समाप्त हो गई। ममता सरकार अपनी हर आलोचना को दबाने लगी। विपक्ष को हाशिए पर धकेल दिया गया और प्रशासनिक मशीनरी को राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। स्वभाविक है कि सभी संकेत लोकतंत्र के लिए खतरे के हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार सवालों के घेरे में है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुआ जघन्य अपराध हम सभी ने देखा, कैसे एक प्रशासनिक संवेदनहीनता और जवाबदेही के अभाव का प्रतीक बन कर सामने आया है। ऐसे मामलों में सरकार की प्रतिक्रिया ने यह संदेश दिया कि ममता सरकार जनता की सुरक्षा से अधिक अपनी छवि बचाने में रुचि रखती है। इसके अतिरिक्त, राजनीतिक हिंसा की घटनाएं, जोकि बंगाल की राजनीति का एक पुराना दाग रही हैं, अब भी समाप्त नहीं हुई हैं, बल्कि कहना चाहिए ममता राज आने के बाद इसमें बढ़ोत्तरी ही हुई है। चुनावी प्रक्रिया में हिंसा, विपक्षी कार्यकताओं पर हमले और मतदाताओं को डराने-धमकाने के आरोप लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करते हैं। किंतु इस बात की फिकर किसे है! ममता का अपना अब तक फिक्स हो चुका वोट का चुनावी गणित है। इसलिए ही ममता सरकार की सबसे बड़ी आलोचनाओं में से एक उसकी वोट बैंक आधारित राजनीति रही है। यहां उल्लेखित है कि राज्य में मुस्लिम आबादी लगभग 28-29 फीसद है और लंबे समय तक एकमुश्त वोटिंग के कारण यह एक निर्णायक राजनीतिक कारक बनी रही है। कहना चाहिए कि तृणमूल कांग्रेस ने इस समीकरण को कुशलता से साध रखा है, किंतु इसके परिणामस्वरूप नीति-निर्माण में संतुलन की कमी दिखाई देती है, राज्य का जो समग्रता के साथ विकास होना चाहिए, वह जैसे अब भी इस राज्य के लिए एक स्वप्न जैसा है। पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यक मुस्लिम विशेषकर बहुसंख्यक हिन्दुओं पर हावी दिखता है। इस प्रकार की राजनीति ने समाज में विभाजन की भावना को जन्म दिया है, जिसमें कि एक ओर जहां लगातार ममता सरकार पर अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के आरोप लगते हैं, वहीं दूसरी ओर बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय में असंतोष बढ़ा है। इसलिए यहां का अधिकांश बहुसंख्यक समाज सत्ता का बदलाव चाहता है। इसका एक आधार फिर चुनावी आंकड़े भी हैं, जोकि इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। 2011 में 38.93 फीसद वोट से 184 सीटें, 2016 में 45 फीसद वोट से 211 सीटें और 2021 में 48 फीसद वोट से 213 सीटें जीतने वाली तृणमूल कांग्रेस अब नए राजनीतिक समीकरणों से जूझती दिख रही है। वस्तुतः 2023 के सागरदिघी उपचुनाव में कांग्रेस की अप्रत्याशित जीत और 2024 के लोकसभा चुनावों में मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में कांग्रेस का बढ़ता प्रभाव इस बात का संकेत है कि ममता बनर्जी का पारंपरिक वोट बैंक अब पूरी तरह सुरक्षित नहीं रहा। इससे यह स्पष्ट होता है कि "एकमुश्त वोट" का पुराना गणित टूट रहा है।

## सूडोकु नवताल- 7767

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7766 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# आयुर्वेद को बड़ी दवा कंपनियों की नहीं, अच्छे वैद्यों की जरूरत

प्रयाग पाण्डे

धन लोलुपता के चलते कुछ स्वनामधन्य लोगों और संस्थानों ने भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद को अपनी तिजोरियां भरने का जरिया बना दिया है। कतिपय ऐसे लोगों और संस्थाओं की इस घोर वणिक प्रवृति एवं संकीर्ण सोच ने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के वैज्ञानिक आधार को पूर्ण रूप से खंडित कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों से आयुर्वेद के नाम पर बाजारों में निम्न दर्जे की औषधियां एवं अन्य उत्पाद बेचने की गलाकाट प्रतियोगिता चल रही है। निहित स्वार्थों के कारण इस पुरातन चिकित्सा पद्धति का बाजारीकरण कर दिया गया है। आयुर्वेदिक के नाम पर बाजार में बेची जा रही निम्न स्तरीय दवाओं के कारण सदियों से जांची- परखी इस चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों में अविश्वास की भावना उत्पन्न हुई है।

वस्तुतः आयुर्वेद, प्रकृति को समझने और उस समझ का प्रकृति को नियंत्रित करने के लिए उपयोग करने की प्रक्रिया के दौरान प्राप्त अनुभव से उत्पन्न ज्ञान है। इसीलिए आयुर्वेद को प्राचीनतम विज्ञान कहा जाता है। आयुर्वेद का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना आदिम समाज का। वेद प्राचीनकाल से ही मानव सभ्यता की नींव रहे हैं। आयुर्वेद को अथर्ववेद का उप वेद माना जाता है। अथर्ववेद ही आयुर्वेद का मूल आधार है। ईसा पूर्व लगभग छठी शताब्दी में तक्षशिला के चिकित्सा विज्ञान के शिक्षक आत्रेय के शिष्य- जातुकर्ण, भेला, क्षारपाणी, हरिता और पारासर आदि विद्वानों ने औषधि विज्ञान पर अनेक ग्रन्थों की रचना की थी। पांचवीं सदी ईसा पूर्व से छठी सदी के कालखंड में आयुर्वेद पर मौलिक रचनाएं लिखीं गईं। ईसा पूर्व लगभग दूसरी शताब्दी में पतंजलि और उनके बाद अनेक विद्वानों ने भारतीय चिकित्सा पद्धति के मुख्य ग्रन्थ 'चरक संहिता' पर टीकाएं लिखीं थीं। चरक संहिता और शल्य चिकित्सा के मूल ग्रन्थ 'सुश्रुत संहिता' का रचनाकाल ईसा से छह सौ वर्ष पूर्व माना जाता है।

आयुर्वेद के इन प्राचीन ग्रन्थों में विभिन्न रोगों के लक्षण, निदान की सूची का वर्गीकरण, रोगों के उपचार पद्धतियों का वर्णन, औषधियों के गुण, औषधि देने की विधि और मात्रा आदि का सविस्तार वर्णन है। प्राचीनकाल से ही चरक संहिता और सुश्रुत संहिता आदि ग्रन्थ आयुर्वेद के मूलाधार रहे हैं। आयुर्वेद में सब बीमारियों के लिए वात, पित्त और कफ, तीन दोष माने गए हैं। इन दोषों में वायु को बलवान माना गया है। नाड़ी परिक्षादि विधि दी गई है। सुश्रुत संहिता में रोग की छह प्रकार की परीक्षा बताई गई है। पांच श्रोत्रादि इंद्रियों से और छठी प्रश्न से। आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थों में यह बात साफ तौर पर कही गई है कि बारंबार परीक्षा द्वारा ही रोग निश्चय करना चाहिए। यानी रोग की पहचान और उसके उपचार के लिए शोध को अनिवार्य बताया गया है।

भारत में प्राचीनकाल से ही समृद्ध स्वास्थ्य धरोहर रही है। 3000 ई. पू. के प्राचीन भारत में स्वच्छता और बेहतर जन स्वास्थ्य को विशेष महत्व दिया जाता था। वैदिक काल के दौरान सामुदायिक स्वच्छता के विभिन्न उपायों का उल्लेख वेदों में भी हुआ है। आयुर्वेद तथा मनु संहिता में स्वच्छता के प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता और छूत के रोगों के नियंत्रण से जुड़े रोग निवारण का उल्लेख हुआ है। चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में विभिन्न रोगों के रोकथाम के लिए एक विकसित जन स्वास्थ्य प्रणाली थी। उस दौर में साफ -सफाई और स्वच्छता के प्रबंधन की जिम्मेदारी राज्य की होती थी। मध्यकाल के दौरान प्रकाशित अनेक काव्य संग्रहों में भी रोगों की रोकथाम के लिए अपनाए जाने वाले उपायों का उल्लेख हुआ है।

देश में प्राचीन काल से ही रोगों के रोकथाम से जुड़ी अनेक प्रथाएं प्रचलित हैं। मसलन- भोजन से पहले और भोजन के बाद हाथ धोना, घर के भीतर जाने से पहले जूते - चप्पल बाहर उतारना, रोजाना स्नान करना, रसोईघर में सबको नहीं जाने देना, प्रसूति के बाद मां और बच्चे को एक निश्चित समय के लिए अलग रखन, ताकि मां और नवजात शिशु को संक्रमण से बचाया जा सके। प्राचीन भारत के निवासी टीकाकरण से भी बखूबी वाकिफ थे। उस काल में चिकित्सा के बजाय रोगों की रोकथाम पर अधिक ध्यान दिया जाता था। करीब ढाई हजार साल पहले भारत में चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई। लौह युगीन भारत में चरक और सुश्रुत के शिष्य गांव-गांव जाकर रोगियों की शल्य चिकित्सा करते थे। शल्य चिकित्सा से पहले रोगी को मदिरा पिलाई जाती थी। ताकि शल्य चिकित्सा के दौरान होने वाले दर्द की वजह से रोगी बेहोश न होने पाए और उसे उपकरणों की चुभन का भी अनुभव न हो। यह प्राचीन भारत की चिकित्सा पद्धति में अपनाए गए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीक का प्रारंभिक चरण था।हालांकि चरक और सुश्रुत के शिष्यों के इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण के कारण उन्हें अक्सर धर्माधिकारियों के क्रोध का भी सामना करना पड़ता था।

आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति आध्यात्मिक विश्वास पर आधारित है। लिहाजा प्रारंभिक वैदिक काल में रोगी के उपचार का दायित्व पुरोहितों का था। रोगियों का उपचार करना पुरोहित का कर्तव्य माना जाता था। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति पर शार्ङ्गधर नाम के एक विद्वान ने शार्ङ्गधरसंहिता लिखी है। शार्ङ्गधरसंहिता का रचनाकाल 12वीं शताब्दी माना जाता है। शार्ङ्गधरसंहिता में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में रोग की पहचान और संबंधित रोग के लिए दवा बनाने की लंबी और जटिल प्रक्रिया का विस्तृत वर्णन है। शार्ङ्गधरसंहिता के श्लोक संख्या-तीन में लिखा गया है कि:-

**हेत्वादिरूपाकृतिसात्म्यजातिभेदैः समीक्ष्यातुरसर्वरोगान।।**
**चिकित्सितं कर्षणबृंहणाख्यं कुर्वीत वैद्यो विधिवत्सुयोगेः।।3।।**

अर्थातः प्रथम वैद्य हेतु आदिरूप आकृति सात्म्य जाति इन भेदों से रोगी के संपूर्ण रोगों को जान फिर यथाशास्त्र उत्तम प्रकार के प्रयोगों से कृषण और बृहण द्विविध चिकित्सा यथाक्रम करे। अन्यथा दोष लगता है। वाग्भट्ट लिखते हैं -कि जो बिना दोषों को जाने वैद्य चिकित्सा कर्म को करता है वो उस कर्म की सिद्धि को तथा सुख और सद्गति को नहीं प्राप्त होता।।3।। शार्ङ्गधरसंहिता में औषधि कैसे, किस प्रकार और किस स्थान से लाई जा सकती है, इसका पूरा विधान दिया गया है। जड़ी- बूटियों की गुणवत्ता में स्थान और ऋतु का बहुत महत्व बताया गया है। शरद ऋतु (आश्विन-कार्तिक) महीने की संपूर्ण औषधि को रस से परिपूर्ण बताया गया है। शार्ङ्गधरसंहिता में श्मशान भूमि, बंजर, रास्तों की जड़ी - बूटियां और कीड़े की खाई, आग से जली तथा पाले की मार वाली जड़ी-बूटियों को वर्जित बताया गया है। औषधि लाने की जटिल विधि बताई गई है। कहा गया है कि औषधि लाने के निमित्त प्रातः काल उठ स्वस्थ्य चित्त करके, पवित्र होकर, उत्तम दिन, अर्थात- उत्तम तिथि, नक्षत्र, योग और लग्न में, सूर्य के सन्मुख मुख करके तथा सूर्य को प्रणाम कर और हृदय में परमात्मा का ध्यान कर, मौन में स्थिर हो, जंगल और अनुपरहित ऐसी साधारण पृथ्वी में उत्पन्न होने वाली और उत्तर दिशा में जो औषधि है, उनको ग्रहण करे। यह भी कहा गया है कि उत्तराश्रित अर्थात उत्तराभिमुख होकर औषधि उखाड़े। औषधियों में जड़ी-बूटियों के किस भाग का उपयोग किया जाना चाहिए शार्ङ्गधरसंहिता में इसका भी विस्तार पूर्वक वर्णन है। कहा गया है कि जिन वृक्षों की बड़ी जड़ हो, जैसे नीम, वड़ और आम, उनकी छाल या जड़ की छाल लेनी चाहिए। जिन वनस्पतियों की छोटी जड़ हो, जैसे कटेरी, धमासा, गोखरू आदि उनके सभी अंग- जड़, पत्ता, फूल-फल और शाखाएं, सब लेनी चाहिए। आम धारणा है कि आयुर्वेद की दवाएं या उत्पाद कालातीत नहीं होते। पर ऐसा नहीं है। शार्ङ्गधरसंहिता में कहा गया है कि वन से लाई हुई औषधि एक वर्ष के पश्चात तेज और गुण रहित हो जाती है। कुछ चूर्ण दो महीने के पश्चात वीर्यहीन हो जाते हैं। हां, लवण भास्करादि चूर्ण, विजयादि गुटिका तथा खंडकादि अवलेह लंबे समय तक अपने गुणों को नहीं त्यागते। आसव, सुवर्ण आदि धातु की भस्म, चंद्रोदयादि रस और रसायन जितने पुराने हों, उतने ही गुण वाले होते हैं।

# नारी शक्ति वंदन या भाजपा का सत्ता प्रबंधन?

विजय शंकर नायक

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की लड़ाई कोई कल की बात नहीं है। यह संघर्ष दशकों, बल्कि सदियों पुराना है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक महिलाओं ने पुरुष-प्रधान व्यवस्था के खिलाफ अपना खून-पसीना बहाया है, लेकिन सत्ता के गलियारों में उनका हिस्सा हमेशा नाममात्र का रहा। आज जब भाजपा सरकार "नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023" को ऐतिहासिक क्रांति का नाम दे रही है, तो सच्चाई यह है कि यह अधिनियम न तो नारी शक्ति का वंदन है और न ही सच्ची क्रांति। यह तो भाजपा का सत्ता प्रबंधन का शातिर खेल है–एक अधूरी क्रांति, जो सामाजिक न्याय की हत्या कर रही है।

इस लेख में हम इस कानून की हर छिपी सच्चाई, उसकी सीमाओं, छोटे राज्यों पर पड़ने वाले घातक प्रभावों और भाजपा-कांग्रेस के बीच सच्चे सामाजिक न्याय की लड़ाई को खोलकर रख देंगे। क्योंकि यह सिर्फ बिल नहीं, बल्कि भारत की आत्मा–सामाजिक न्याय और संघीय ढांचे–पर हमला है। इतिहास गवाह हैः कांग्रेस ने रखी थी असली नींव, भाजपा ने सिर्फ चोरी की है।

महिला आरक्षण की नींव कोई अचानक भाजपा का आविष्कार नहीं है। यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की दूरदर्शिता का परिणाम है। 1980 के दशक में राजीव गांधी जी की सरकार ने पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का ऐतिहासिक कदम उठाया। यह वह दौर था जब महिलाएं राजनीति में सिर्फ "प्रतीक" थीं। राजीव गांधी जी ने सोचा कि अगर जड़ों से बदलाव आएगा, तो ऊपर तक पहुंचेगा। 73वें और 74वें संविधान संशोधन के जरिए लाखों महिलाएं पंचायतों में पहुंचीं–किसान की बेटी, मजदूर की मां, आदिवासी बहनें। बाद में सोनिया गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस ने संसद में महिला आरक्षण बिल को बार-बार पेश किया। 1996, 1998, 1999, 2008, 2010– कांग्रेस ने इसे अपनी प्राथमिकता बनाया। भाजपा? उन्होंने 10 साल सत्ता में रहकर भी इसे ठंडे बस्ते में रखा। 2014 से 2023 तक मोदी जी की सरकार ने संसद में कभी गंभीरता नहीं दिखाई। अचानक 2023 में, जब लोकसभा चुनाव नजदीक थे, बिल पास कर दिया गया। क्यों? क्योंकि कांग्रेस ने लगातार दबाव बनाया था।

राहुल गांधी जी ने संसद के अंदर और बाहर इसे मुद्दा बनाया। लेकिन भाजपा ने इसे "मोदी की गारंटी" का प्रचार बना दिया। यह चोरी का खेल है। कांग्रेस ने बीज बोया, भाजपा ने फसल काट ली। इतिहास में ऐसी चोरी पहले भी हुई है–कांग्रेस की योजनाओं को भाजपा ने नाम बदलकर अपना बताया, लेकिन जड़ें हमेशा कांग्रेस की रही हैं। महिलाओं की भागीदारीः सच्चाई अभी भी कड़वी, आंकड़े झूठ नहीं बोलतेआज भी लोकसभा में महिलाओं की संख्या महज 14-15% है। राज्य विधानसभाओं में औसतन 9% से कम। जबकि आबादी में महिलाएं 48% हैं। दुनिया के कई देशों में–रुआंडा (61%), स्वीडन (46%)–महिलाएं आगे हैं, लेकिन भारत में भाजपा शासन में यह आंकड़ा बढ़ा नहीं, बल्कि कुछ राज्यों में घटा।

उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे बड़े राज्यों में भाजपा की विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिशत कांग्रेस शासित राज्यों से कम है। यह साबित करता है कि भाजपा के पास इरादा नहीं, सिर्फ दिखावा है। 33% आरक्षण एक सकारात्मक कदम लगता है, लेकिन क्या यह न्यायपूर्ण है? बिल्कुल नहीं। यह अधूरा, पक्षपाती और सत्ता-केंद्रित है। सबसे बड़ा छेदः OBC महिलाओं का सुनियोजित बहिष्कारभारत में OBC आबादी सबसे बड़ी है–लगभग 52% (मंडल आयोग और विभिन्न सर्वे के अनुसार)। लेकिन इस कानून में OBC महिलाओं के लिए कोई अलग आरक्षण नहीं। SC/ST महिलाओं को "आरक्षण के अंदर आरक्षण" दिया गया, जो सही है, लेकिन OBC महिलाओं को सामान्य श्रेणी में धकेल दिया गया।

यह न सिर्फ खामी नहीं, बल्कि भाजपा का सुनियोजित सामाजिक अपराध है। OBC महिलाएं–पिछड़ी जातियों की बहनें, किसान परिवारों की बेटियां–जो देश की रीढ़ हैं, उन्हें फिर से हाशिए पर धकेल दिया गया। राहुल गांधी जी ने इस पर सबसे सशक्त आवाज उठाई। उन्होंने कहा–"जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।" यह नारा सिर्फ नारा नहीं, सामाजिक न्याय का संविधान है। राहुल जी ने OBC जनगणना की मांग की, क्योंकि बिना सच्चे आंकड़ों के न्याय कैसे होगा? उन्होंने संसद में स्पष्ट कहा– "बिना OBC कोटा के यह कानून अधूरा है।" कांग्रेस ने बिल पास होने दिया, लेकिन समझौता नहीं किया। मल्लिकार्जुन खड़गे जी, सोनिया गांधी जी ने OBC sub-quota, तुरंत लागू करने और जनगणना-सीमांकन की देरी पर सवाल उठाए।

भाजपा चुप। क्योंकि OBC वोट बैंक को बांटने का खेल है। कांग्रेस का स्टैंडः समर्थन, लेकिन बिना समझौते केकांग्रेस ने बिल का समर्थन किया क्योंकि महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना हमारा मूल मंत्र है। लेकिन हमने तीन बड़े सवाल खड़े किए–

1. OBC महिलाओं को क्यों नजरअंदाज?
2. लागू करने की तारीख क्यों नहीं तय?
3. जनगणना और सीमांकन के नाम पर देरी क्यों, जो 2029 या उसके बाद तक टाल दी गई है?

यह देरी भाजपा की चाल है–चुनावी फायदे के लिए कानून को हवा में लटकाना। कांग्रेस ने हमेशा सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी–मंडल आयोग लागू किया, आरक्षण बढ़ाया। भाजपा ने कभी OBC का हित नहीं सोचा, सिर्फ हिंदुत्व के नाम पर बांटा। बीजेपी पर आरोपः घोषणा ज्यादा, इरादा शून्य पिछले 10 साल में भाजपा ने क्यों नहीं लाया यह बिल? क्योंकि महिलाओं का सशक्तिकरण उनकी प्राथमिकता कभी नहीं थी। मनिपुर दंगों में महिलाओं पर अत्याचार, बिलकिस बानो जैसे मामलों में अपराधियों को राहत–ये सच्चाई है। भाजपा महिलाओं को सिर्फ वोट बैंक मानती है, सशक्त नागरिक नहीं।

OBC महिलाओं को नजरअंदाज करना, लागू न करने का कोई रोडमैप नहीं–यह "घोषणा की राजनीति" का क्लासिक उदाहरण है। मोदी जी रैली में "नारी शक्ति" का नारा लगाते हैं, लेकिन संसद में OBC सवाल पर चुप। राजनीतिक रणनीति का खुला खेलः तीन स्तरों पर भाजपा का फंदामहिला वोट बैंक पर कब्जाः भाजपा जानती है कि महिलाएं बढ़ती संख्या में वोट दे रही हैं। इस बिल से "मोदी की बहनें" का प्रचार कर वोट लूटना। डइउ समीकरण को तोड़नाः डइउ को अलग कोटा न देकर उनकी एकजुट ताकत को कमजोर करना। भाजपा OBC को हिंदुत्व में घोलना चाहती है, सामाजिक न्याय नहीं।

चुनावी टाइमिंगः बिल पास कर प्रचार, लेकिन लागू 2029 के बाद। तब तक भाजपा फायदा उठाएगी, कांग्रेस का एजेंडा चुराएगी। यह सत्ता का प्रबंधन है, नारी वंदन नहीं। अब छोटे राज्यों को हो रही घातक हानि–भाजपा का संघीय हमला यह कानून छोटे राज्यों–सिक्किम, गोवा, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे राज्यों–के लिए घातक साबित हो रहा है। इन राज्यों में लोकसभा सीटें बहुत कम हैं (1 से 5 तक)। 33% आरक्षण "as nearly as may be" लागू होगा, लेकिन गणितीय रूप से असंभव। उदाहरणः सिक्किम की 1 सीट पर 33% कैसे? गोवा की 2 सीटों पर? हर चुनाव में रोटेशन से सीटें बदलेंगी, जिससे राजनीतिक अस्थिरता आएगी। स्थानीय क्षेत्रीय पार्टियां, जो इन राज्यों की आवाज हैं, महिलाओं के उम्मीदवार नहीं जुटा पाएंगी क्योंकि संसाधन कम हैं। भाजपा की केंद्रीय कमान उम्मीदवार थोपेगी, जिससे स्थानीय मुद्दे दब जाएंगे। सीमांकन के बाद आबादी आधारित सीट बढ़ोतरी बड़ी राज्यों को फायदा देगी। छोटे राज्यों की सांसद संख्या निश्चित रूप से घटेगी, लेकिन महिला आरक्षण का बोझ इन्हीं पर पड़ेगा। झारखण्ड जैसे राज्य (14 सीटें) भी प्रभावित होंगे, लेकिन सिक्किम-नागालैंड,केरल और दक्षिण जैसे राज्य तो पूरी तरह हाशिए पर चले जाएंगे।

कांग्रेस हमेशा संघीय ढांचे की रक्षा करती आई है–छोटे राज्यों को विशेष दर्जा, अतिरिक्त संसाधन। भाजपा? एक राष्ट्र-एक चुनाव, एक भाषा, एक आरक्षण–सब कुछ दिल्ली से नियंत्रित। छोटे राज्यों की महिलाएं–आदिवासी, पहाड़ी, पूर्वोत्तर की बहनें–दोहरी मार झेलेंगीः OBC बहिष्कार क्षेत्रीय उपेक्षा। भाजपा ने इन राज्यों की चिंताओं पर संसद में चर्चा तक नहीं की। यह संघीय भावना की हत्या है। जमीन की सच्चाईः क्या बदलेगा? कुछ नहीं–सिर्फ सत्ता का चेहरा आरक्षण आने के बाद भी टिकट राजनीतिक परिवारों को मिलेंगे। "महिला उम्मीदवार" नाम पर पति, बेटा या भाई सत्ता चलाएंगे। असली नेतृत्व सीमित रहेगा। भाजपा शासित राज्यों में देख लीजिए–महिलाओं को टिकट तो मिलते हैं, लेकिन पावर पोस्ट नहीं।

# बीबीएन प्रदूषण की मार झेलने को अभिशप्त

कुलभूषण उपमन्यु

हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास की रीढ़ माना जाने वाला बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र बहुत से नकारात्मक कारणों से भी चर्चा में रहता आया है। वर्तमान में यह क्षेत्र प्लास्दा में किण्वन उद्योग लिमिटेड के एपीआई (सक्रिय भेषजीय सामग्री) संयंत्र के कारण चर्चा में है। इस प्लांट के कारण आसपास के 4-5 किलोमीटर क्षेत्र में जनता का दुर्गन्ध के कारण सांस लेना दूभर हो गया है और प्लांट का प्रदूषित जल नदी-नालों में छोड़ने के कारण जल भी प्रदूषित हो गया है। अत्यधिक भूजल दोहन के कारण आसपास के क्षेत्रों में हैंडपंप सूखने लग पड़े हैं। इस संयंत्र को प्रतिदिन 6.7 किलो लीटर पानी उपयोग की स्वीकृति है। लोगों का कहना है कि यह संयंत्र काफी ज्यादा भूजल दोहन कर रहा है, जिसके कारण पहले से लगे हैंडपंप सूखने लगे हैं। संयंत्र के दुष्प्रभावों को बारीकी से समझने से पहले बीबीएन की ऐतिहासिक लापरवाह संस्कृति पर नजर डाल लेते हैं। 2025 तक कार्यरत 2919 इकाइयों में से 87 पर्यावर्णीय प्रदूषण रोकने के लिए जरूरी प्रावधानों का उलंघन करते हुए पकड़ी गईं और उनसे 3.2 करोड़ रुपये प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वसूला। 27 इकाइयों और चार स्टोन क्रशरों की बिजली काटी गई। प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगाए गए उपकरणों का समय-समय पर सुधार करना पड़ता है, जो नहीं किया गया और सामयिक रखरखाव के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से नवीकरण करवाना पड़ता है, जो नहीं करवाया गया।

बीबीएन में 308 इकाइयां लाल श्रेणी की हैं, जिनमें ये उल्लंघन ज्यादा पाए गए। प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का सुधार या रखरखाव पैसा बचाने के लिए ही ये लोग नहीं करते हैं और इससे कई बार भ्रष्टाचार भी जुड़ा रहता है। कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर के एक अध्ययन में यह सामने आया की भूजल में सल्फेट, तांबा, लोहा, स्वीकृत स्तर से ज्यादा पाया गया। अम्लीयता भी अधिक पाई गई। वायु सूचकांक खतरनाक स्तर 324 मापा गया। जाहिर है कि जहां उद्योग विकास के लिए लगाये जाते हैं वहां औद्योगिक प्रदूषण को व्यापारिक हितों को मुख्यता देने वाले उद्योगपति, कोई महत्व नहीं देते हैं और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने में घोर लापरवाही बरतते हैं। इससे एक ओर कुआं और दूसरी ओर खाई वाली स्थिति बन जाति है।

उद्योग न लगाएं तो बेरोजगारी और लगाएं तो प्रदूषण जनित लापरवाहियों से जीवन दुखी और असंभव। इसलिए हिमालय को प्रदूषणकारी लाल श्रेणी की औद्योगिक गतिविधियों से दूर रखने की हिमालय नीति अभियान और सहयोगी सामाजिक जन आन्दोलन की वकालत करते रहे हैं ताकि यह क्षेत्र पर्यटन और मैदानी प्रदूषण से थके हारे लोगों के लिए सामयिक विश्राम स्थल के रूप में बचा रहे। अगर हिमालय भी धूल, धुएं और अशुद्ध जल का घर बन जाएगा तो मानवता को विश्रांति कहां मिलेगी। सवाल है कि देश के लिए हिमालय द्वारा दी जा रही पर्यावरणीय सेवाओं को होने वाली अपूरणीय हानि की भरपाई कैसे होगी। स्थानीय समुदायों को प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य, आजीविका और असुविधा का गुनहगार कौन होगा। ये सवाल अनुत्तरित ही रह जाते हैं।

अब सक्रिय भेषज सामग्री को समझने का प्रयास करते हैं। ये वह सामग्रियां हैं जो किसी दवाई में वांछित असर या गुण प्रदान करती हैं। ये रोगी को देने के लिए तैयार दवाई का लगभग आधा हिस्सा हैं और दूसरा आधा है एक्ससेपिएंट्स या सहायक तत्व। ये रासायनिक स्तर पर निष्क्रिय होते हैं, जबकि इनसे मिल कर रासायनिक तौर पर सक्रिय भेषज सामग्रियां या घटक ही दवाई को वांछित गुण प्रदान करती हैं। इन सक्रिय भेषज सामग्रियों को बनाने की प्रक्रिया भी काफी पेचीदा होती है जिसमें अनेक रासायनिक पदार्थों का प्रयोग होता है, जिससे इन रसायनों से प्रदूषण फैलने का भी खतरा बना रहता है। अतः रसायन मार्ग आधारित सक्रिय भेषज घटकों के निर्माण के बजाय अब कई दवा कंपनियां बैक्टिरिया या खमीर आधारित किण्वन मार्ग को अधिमान दे रही हैं।

इसमें विभिन्न भेषजीय तत्वों को विभिन्न सूक्ष्म जीवियों के माध्यम से उपचारित करके किण्वन (खमीरीकरण) से विभिन्न रासायनिक यौगिक प्राप्त कर लिए जाते हैं, जिन्हें एपीआई या सक्रिय भेषजीय घटक कहा जाता है। यह तो ठीक है कि रासायनिक मार्ग के मुकाबले किण्वन ( खमीरीकरण) मार्ग से कम प्रदूषण होता है किन्तु यह मार्ग भी कदाचित निरापद नहीं है। खमीरीकरण में दुर्गन्ध पैदा होती है जिसका सही उपचार न किया जाए तो आसपास के निवासियों का जीना दूभर हो जाता है। इस प्रक्रिया में काफी मात्रा में अपशिष्ट पैदा होता है, जिसके निपटान के लिए निर्धारित मानदंडों का प्रयोग न करके अपशिष्ट उपचार संयंत्र लगा कर भी उनको पैसा बचाने के लिए संचालित ही नहीं किया जाता। आक्सीकरण द्वारा अपघटनीय और केवल जैवीय रूप से अपघटनीय कार्बनिक पदार्थ भी बिना यह तय किए कि इनके अपघटन के लिए कौन सी विधि प्रयोग में लाई जाएगी, बिना संशोधित किए ही खुले छोड़ दिए जाते हैं, जो एपीआई एकत्रित करने योग्य नहीं बचते और एंटीबायोटिक अपशिष्ट भी बिना संशोधित किए जल, और मिटटी प्रदूषण द्वारा पर्यावरण और मानव एवं अन्य पशु जगत के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।

बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के नाम पर बहुत सी जानकारियों को छुपाया जाता है इसके कारण अपशिष्ट प्रबन्धन पर निगरानी रखना कठिन हो जाता है। इन सबका एकत्रित विषाक्त प्रभाव कितना पड़ रहा है, इसका अभी तक पूर्ण आकलन ही नहीं किया गया है। अतः ठोस और तरल या अर्ध तरल अपशिष्ट पदार्थों का संशोधन, उनके खतरनाक विषाक्त स्तर के आकलन के अनुसार कुशलता पूर्वक किया जाना चाहिए वरना यह लापरवाही पर्यावरण, मानव और जीव स्वास्थ्य के लिए बड़ा हानिकारक साबित हो सकता है। एक सदइच्छा से किया गया प्रयास स्थानीय समाज के लिए घातक साबित हो सकता है।

## दैनिक पंचांग

**17 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.29 बजे से |
| चंद्र | मीन में | वृष | 07.13 बजे से |
| मंगल | मीन में | मिथुन | 09.11 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.25 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 13.41 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 15.53 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.03 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 20.18 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 22.34 बजे से |
| | | मकर | 00.39 बजे से |
| | | कुंभ | 02.26 बजे से |
| | | मीन | 03.58 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 107 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 17.22 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 12.02 बजे को समाप्त। **योग** वैधृति 07.22 बजे तदनन्तर विष्कुम्भ 03.46 बजे रात्र को समाप्त। **करण** चतुष्पद 06.50 बजे, नाग 17.22 बजे तदनन्तर किस्तुघ्न 03.48 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 10° 24'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872682
**जूलियन दिन** 2461147.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल **तारीख** 28
**विशेष** दर्श व वैशाख अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

**एक नजर**

### पाकुड़ के लोगों को मिलेगी जाम से मुक्ति : विधायक

**पाकुड़** : पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में जो भी अधूरा कार्य है उसे पूरा करने को लेकर हम लोग लगातार काम कर रहे हैं उक्त बातें पाकुड विधायक निसात आलम ने कही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख सड़क सहरकोल से प्यादापुर बाईपास के निर्माण को लेकर भू अर्जन यूटिलिटी शिफ्टिंग वृक्षारोपण सहित अन्य के लिए 45 करोड़ 47 लाख 31 हजार रुपए की स्वीकृति झारखंड कैबिनेट से दी गई है उक्त योजना में राशि की कमी के कारण योजना अधूरा पड़ा हुआ था जिसके लेकर हम लोग काफी प्रयासरत थे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उक्त मामले को लेकर मुलाकात कर राशि कि मांग कि गई थी जिसकी बाद उक्त मामला को लेकर कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव लाया गया और कैबिनेट से इसकी स्वीकृति प्रदान की गई अब इसके स्वीकृत होने से अधूरा सड़क का निर्माण कार्य पूरा होगा और हमेशा की तरह लगने वाले जाम से पाकुड शहर वासियों को मुक्ति मिलेगी विधायक ने कहा कि हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में जो भी अधूरा काम पड़ा हुआ है उसे पूर्ण करें चौमुखी विकास करना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

### आंतरिक अंक अपलोड नहीं करने पर 41 प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा

**साहिबगंज**: जिले के मंडरो प्रखंड में झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा कक्षा 8 की बोर्ड परीक्षा 2026 के आंतरिक मूल्यांकन से संबंधित अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि नहीं करने पर प्रखंड के 14 विद्यालयों सहित जिले के कुल 41 विद्यालयों के सचिव सह प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। परिषद की ओर से आंतरिक मूल्यांकन के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि की तिथि 6 मार्च से 15 मार्च तक निर्धारित की गई थी, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर संबंधित विद्यालयों द्वारा अंक अपलोड नहीं किए गए। इस लापरवाही के कारण संबंधित विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए परिषद ने संबंधित प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इधर, झारखंड अधिविद्य परिषद के सचिव ने एक बार फिर विद्यालयों को अवसर प्रदान करते हुए आंतरिक मूल्यांकन के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए 23 अप्रैल एवं 24 अप्रैल की नई तिथि निर्धारित की है। परिषद ने सभी संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिया है कि निर्धारित नई तिथियों के भीतर हर हाल में अंक अपलोड करना सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थियों का परिणाम समय पर जारी किया जा सके।

**AFFIDAVIT**

I, Amit Kumar Sharma, aged about 35 years, Son of Rajendra Prasad Sharma, resident of Village- Sundarpur, P.O.- Hiranpur, P.S.- Hiranpur, District- Pakur (Jharkhand), Pin- 816104, do hereby solemnly affirm and declare on oath by Affidavit no.- 96703 on dated- 16-04-2026 as follows:
That Rahul Sharma, Son of Dilip Kumar, resident of Village- Singhiya Makandpur, P.O.- Singhiya Makandpur, P.S.- Gopalpur, District- Bhagalpur (Bihar), Pin- 853204, is my nephew.
That due to a mistake, Rahul Sharma's father's name has been incorrectly mentioned as "Dilip Sharma" in all his documents, including S.L.C., C.C., Migration Certificate, Statement of Marks, Pass Certificate, and Admission Card, instead of the correct name.
That the correct name of Rahul Sharma's father is "Dilip Kumar".

**VERIFICATION**

Verified that the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, belief and information and in token of verification thereof I set my hand on it on this the 16th day of April 2026 at Pakur Court Premises.

**Deponent**

## साहिबगंज पुलिस को मिली 27 नयी बाइक, अपराध नियंत्रण में मिलेगी सहूलियत

# दुर्गम इलाकों में होगी गश्ती अपराधियों की खैर नहीं : एसपी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिले में अपराध नियंत्रण को मजबूत करने के लिए पुलिस को बड़ी राहत मिली है। बुधवार देर शाम राज्य पुलिस मुख्यालय से 27 नयी मोटरसाइकिलों की खेप साहिबगंज पुलिस लाइन पहुंची। इन मोटरसाइकिलों के शामिल होने से टाइगर मोबाइल की गश्ती व्यवस्था और अधिक तेज व प्रभावी हो जायेगी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि पहले अपराधियों की गिरफ्तारी और नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। एसपी ने कहा कि जिले की भौगोलिक स्थिति चुनौतीपूर्ण है। एक ओर पहाड़ी क्षेत्र, दूसरी ओर गंगा नदी और बीच में दियारा इलाका होने के कारण कई स्थानों पर चारपहिया वाहन नहीं पहुंच पाते। ऐसे में दोपहिया वाहन पुलिस के लिए ज्यादा उपयोगी साबित होंगे। इन मोटरसाइकिलों के जरिये संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्रों में गश्ती बढ़ायी जायेगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 11 चारपहिया वाहन मिले थे, जबकि अब 27 मोटरसाइकिल मिलने से पुलिस की कार्रवाई को नयी गति मिलेगी। टाइगर मोबाइल तेजी से घटनास्थल पर पहुंचेगी और अपराधियों की धरपकड़ में तेजी आयेगी। पुलिस को उम्मीद है कि यह पहल अपराध नियंत्रण में कारगर साबित होगी।

### राजमहल अग्निशमन विभाग ने अनुमंडल अस्पताल में किया मॉक ड्रिल



**साहिबगंज**: जिले के राजमहल अनुमंडल अस्पताल परिसर में गुरुवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह को लेकर तीसरे दिन राजमहल प्रभारी सुमंत कुमार सिंह चौहान के नेतृत्व में अनुमंडल अस्पताल के डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी सहित अन्य लोगों को गैस सिलेंडर सहित ज्वलनशील पदार्थ जिससे आग लगने की संभावना है। ऐसे चीजों से सुरक्षा, बचाव की जानकारी देते हुए मॉक ड्रिल किया गया। मौके पर सभी को बताया गया कि घरेलू गैस सिलिंडर प्रयोग करते समय उसके एक्सपायरी डेट अवश्य देख लेना चाहिए। दो तरह के अग्निशमन यंत्र एक कार्बन डाईऑक्साइड युक्त और दूसरा पाउडर युक्त एबीसी के बारे में विस्तार से बतलाते हुए उसे मॉक ड्रील कर बताया गया। साथ ही इससे जुड़े कई आवश्यक जानकारी विस्तार रूप से दिया। मौके पर मो सजलीम, प्रकाश यादव, रवि रंजन कुमार, अविनाश सिंह, अनुमंडल अस्पताल के डॉक्टर सादिक अंसारी, स्वास्थ्य कर्मी मो आफताब, राजकुमारी ढोली, कांति कुमारी, अरुण राय, मो सत्तार, आदि अन्य उपस्थित थे।

## आवास योजना के लाभकों के साथ बीडियो ने की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिले के राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गुनिहारी पंचायत में आवास पूर्ण करने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पंचायत भवन में लंबित आवास के लाभुक के साथ सीओ सह प्रभारी बीडीओ मो युसूफ ने बैठक किया। मौके पर उन्होंने सभी आवास लाभुक से एक एक करके आवास योजना से संबंधित समीक्षा किया, लंबित आवास के लाभुक ने सेंट्रिंग की समस्या को रखा, बीडीओ ने स्थानीय जन प्रतिनिधि को त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। सभी उपस्थित लाभुक को 1 सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने आवास निर्माण कार्य का स्थल और गुनिहारी पंचायत में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत की गई बागवानी योजना का स्थल निरीक्षण भी किया। मौके पर मनरेगा बीपीओ गगन बापू, आवास योजना के कोऑर्डिनेटर रविकांत रवि, मुखिया सुखवा उरांव, पंचायत समिति सदस्य बुल्लू महतो, आवास प्रभारी रोहन कुमार सहित सभी पंचायत सहायक और लाभुक उपस्थित थे।

## मेहंदीपुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं से वंचित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़ा सोनाकर पंचायत के मेंहदीपुर गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। विद्यालय में कुल 41 बच्चे नामांकित हैं, लेकिन पढ़ाने के लिए मात्र एक ही शिक्षक उपलब्ध हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई प्रभावित हो रही है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यालय में कार्यरत शिक्षक लाल बिहारी साह ने बताया कि वे अकेले ही कक्षा 1 से 5 तक के सभी बच्चों को पढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, जिससे सभी कक्षाओं को समान रूप से समय देना संभव नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर, विद्यालय परिसर में लगा सोलर सेट पानी टंकी भी कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है। भीषण गर्मी के इस दौर में बच्चों को पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा जहां एक ओर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, वहीं जमीनी स्तर पर इन योजनाओं की स्थिति कमजोर नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल एक विद्यालय की समस्या नहीं है, बल्कि क्षेत्र के कई स्कूल एक ही शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि विद्यालय में शीघ्र अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति की जाए तथा खराब पड़े पानी टंकी को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

## तीनपहाड़ इंटर महाविद्यालय के अनुदान राशि कटने के कारण शिक्षक-कर्मचारियों ने लगाई विधायक से गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज** : तीनपहाड़ इंटर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के समक्ष इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गई है। वर्षों से बिना नियमित वेतन के कार्य कर रहे ये कर्मी राज्य सरकार द्वारा मिलने वाले वार्षिक अनुदान पर निर्भर हैं, लेकिन वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 का अनुदान कट जाने से उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। महाविद्यालय के शिक्षक-कर्मचारियों का कहना है कि यह संस्थान पिछले 25-30 वर्षों से क्षेत्र के गरीब, दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रहा है। बड़ी संख्या में विद्यार्थी यहां से पढ़कर आगे बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद शिक्षकों को वेतन के रूप में कोई निश्चित राशि नहीं मिलती है। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार इंटरमीडिएट (एचएससी) एवं मैट्रिक परीक्षा परिणाम के आधार पर वर्ष में एक बार अनुदान देती है। इसी अनुदान के सहारे कर्मचारी अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। लेकिन इस बार पूरे राज्य के करीब 223 इंटर कॉलेजों का अनुदान बिना किसी स्पष्ट कारण के रोक दिया गया है। शिक्षक-कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने अनुदान के लिए सभी आवश्यक कागजात समय पर और सही तरीके से जमा किए थे, इसके बावजूद राशि रोक दी गई। इससे उनके सामने भूखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में कर्मचारियों ने राजमहल विधानसभा के विधायक एमटी राजा से अनुरोध किया है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप कर वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की लंबित अनुदान राशि दिलाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें, ताकि शिक्षकों एवं कर्मचारियों को राहत मिल सके और महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर नुक्कड़ नाटक, लोगों को किया गया जागरूक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्धों-कान्हु पार्क के समीप ह्यप्रोजेक्ट अलखह्ल के तहत एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पाकुड़ पुलिस द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फैमिली जज, उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक पाकुड़ की गरिमामयी उपस्थिति रही। अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए समाज से बाल विवाह के उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने बाल विवाह के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इसमें कम उम्र में विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को यह संदेश दिया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सराहा और बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया।

### 29 मेधावी छात्र-छात्राओं को उपायुक्त व एसपी ने किया सम्मानित

# परिस्थितियों में हासिल सफलता के होते हैं विशेष मायने : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़** : ज़िले में प्रोजेक्ट परख 2.0 के अंतर्गत सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 29 छात्र-छात्राओं को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी एवं अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन द्वारा सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन में असीम संभावनाओं के द्वार खोलने का माध्यम है। आपकी हर ईमानदार कोशिश आपको सफलता के करीब ले जाती है और बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी की परिस्थितियां अलग होती हैं, लेकिन सही शिक्षा, सकारात्मक माहौल, अभिभावकों का आशीर्वाद और गुरुजनों का मार्गदर्शन सफलता की राह तय करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए इन मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक है। आज का दिन आप सभी के लिए नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अति-आत्मविश्वास से बचने और निरंतर अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं मापी जाती, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि छात्र ने किन परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। हर बच्चे की सफलता में उसके शिक्षकों, अभिभावकों और मार्गदर्शकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्र ने अपने अंकों में सुधार किया है, तो वह भी प्रशंसा का पात्र है। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को कक्षा 11 में प्रवेश के साथ आने वाली चुनौतियों के प्रति सजग रहने की सलाह देते हुए कहा- नई कक्षा एक नई शुरूआत होती है, जहां मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन ही सफलता दिलाते हैं। उन्होंने मोबाइल से दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान देने, अति-आत्मविश्वास से बचने और करियर का चयन अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार करने की सलाह दी। करियर में आगे बढ़ने के लिए हर सीढ़ी को समझदारी से पार करना जरूरी है। उपायुक्त ने अभिभावकों से भी अपील किया कि वे बच्चों को प्रोत्साहित करें और उनकी रुचि के अनुरूप आगे बढ़ने में सहयोग करें।

**संक्षिप्त खबरें**

### 19 अप्रैल को जिले के 15 केंद्रों पर आयोजित होगी जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा

**पाकुड़** : ज़िले में आगामी 19 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा (जेपीएससी) 2025 के सफल एवं कदाचार मुक्त संचालन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 15 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें लगभग 5700 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा— प्रथम पाली: पूर्वाह्न 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक द्वितीय पाली: दोपहर 3:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा को पूर्णत: कदाचार मुक्त एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए—सभी केंद्रों पर पर्याप्त बेंच, डेस्क, पेयजल, शौचालय एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रवेश द्वार पर सिटिंग अरेंजमेंट चार्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने को कहा गया। सभी परीक्षा केंद्रों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। उड़नदस्ता टीम द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन के समीप हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं। इन हेल्प डेस्क के माध्यम से अभ्यर्थियों को उनके परीक्षा केंद्र से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के अंदर- मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, टैबलेट, कैलकुलेटर सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। किसी भी परीक्षार्थी के पास ऐसे उपकरण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने सूचना तंत्र को मजबूत बनाए रखने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल बनाए रखने के निर्देश दिए गए। केंद्राधीक्षकों एवं इनविजिलेटरों को परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटे पूर्व केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रश्न पत्र समय पर सभी केंद्रों तक पहुंचे केंद्राधीक्षक परीक्षा संचालन में पूर्ण सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखें। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं गंभीरता से करें।उपायुक्त ने कहा कि जेपीएससी परीक्षा राज्य की अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षा है, इसलिए इसे स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### दो पक्षों में मारपीट, एक व्यक्ति घायल, अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज**: मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी कोदरर्जन्ना में दो पक्षों में मारपीट के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को बीते बुधवार की रात्रि इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक मुकेश कुमार ने घायल व्यक्ति का इलाज किया।मिली जानकारी के अनुसार छोटी कोदरर्जन्ना निवासी शेख सुलेमान के पुत्र मो. शमशाद के साथ दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, मारपीट के दौरान मो. शमशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के परिजनों ने बताया कि कुछ देर पहले ही हमलोग भागलपुर से आए और पड़ोस के ही व्यक्ति ने लाठी डंडा के साथ मारपीट कर घायल कर दिया, उसके साथ पहले से विवाद चल रहा था। बरहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### पाकुड़ बाईपास को मिली रफ्तार : 45.47 करोड़ की भू-अर्जन राशि कैबिनेट से मंजूर

**पाकुड़** : पथ प्रमंडल, पाकुड़ अन्तर्गत श्शहरकोल से प्यादापुर पथ (पाकुड़ बाईपास) (कुल लम्बाई-6.340 कि०मी०) के निर्माण कार्य (भू-अर्जन, यूटिलिटी शिफ्टींग, वृक्षारोपण एवं प्र&फसहित) हेतु रु० 45,47,31,000/- (पैंतालीस करोड़ सैंतालीस लाख एकतीस हजार) मात्र की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

### बालू लोड हाइवा अनियंत्रित होकर खाई में गिर हुआ क्षतिग्रस्त



**साहिबगंज**: जिले के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बांझी-कैरासोल सड़क के कैरासोल मौजा अंतर्गत गुरुवार की अहले सुबह सोलह चकिया तेज रफ्तार बालू लोड हाइवा अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। जिससे हाइवा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों के अनुसार हादसे में चालक और खलासी घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के लिए ड्राइवर और खलासी टेंपू के सहयोग से बांझी की ओर गया। जानकारी के अनुसार हाइवा संख्या (जेएच 16 एफ 2976) बरहेट की तरह से बालू लोड कर बोरियो-बांझी होते हुए कैरासोल की ओर आ रहा था कि तेज रफ्तार होने की वजह से मोड़ घूमा नहीं पाया और अनियंत्रित हो कर हाइवा खाई में गीर गया। चालक कूद कर अपनी जान बचाया। ड्राइवर और खलासी मौके से फरार हो गया। तालझारी थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि हाइवा पलटने की सूचना मिली है छानबीन की जा रही है।

### बैंक ऑफ इंडिया शाखा के बाहर से कर्मचारी की बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**साहिबगंज**: जिला स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा के बाहर से बुधवार शाम एक कर्मचारी अखिलेश कुमार की बाइक चोरी हो गई। बताया जा रहा है कि चोरी हुई बाइक बैंक में कार्यरत एक अकाउंटेंट की थी। घटना उस समय हुई जब कर्मचारी अखिलेश कुमार अपनी हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक शाखा के बाहर खड़ी कर अंदर गए थे। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली, जिसके बाद काफी खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। इधर, मामले में राहत की बात यह है कि बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई है, जिसमें चोर को बाइक ले जाते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पीड़ित कर्मचारी अखिलेश कुमार ने मामले की जानकारी संबंधित थाने को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

### 11 कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आठवें दिन, महायज्ञ का पूणार्हुति दिया

**साहिबगंज**: शहर के साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा पूजा समिति की ओर से दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 1008 श्री 11 कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आठवें दिन गुरुवार की सुबह काशी के आचार्य डॉ हरेंद्र द्विवेदी के सानिध्य में 25 सदस्यी पुरोहितो ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ 33 कोटि देवी देवताओं का आह्वाहन करके यज्ञ मंडप का पूजन व हवन किया। सुबह, दोपहर व संध्या बेला में पूजन किया। वही देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए साधु संत महात्मा ओर नागा साधु संत पूजन तप कर रहे है। महामंडलेश्वर श्री अयोध्या दास जी महाराज ने बताया कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने प्रतिदिन हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु आ रहे ओर पूजन करके देवी देवताओं का पूजन करके साधु संत महात्मा का आशीर्वाद ले रहे है। वही वैदिक मंत्रोचारण से पूरा क्षेत्र शुद्ध पवित्र भक्तिमय हो गया है। शहर भक्ति के रंग में डूबा हुआ है। महायज्ञ परिसर में देर रात्रि तक महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग श्रद्धालु पहुंचकर कथा, रासलीला, भंडारा स्वरूप प्रसाद ओर मेला का आनंद उठा रहे है।

## पचंबा में इंजीनियरिंग कॉलेज का मंत्री सुदिव्य व विधायक कल्पना सोरेन ने किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले के पचंबा अंतर्गत जरिडीह में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल के तहत इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण होने जा रहा है। इंजीनियरिंग कॉलेज का शुक्रवार को मंत्री सुदिव्य सोनू और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने शिलान्यास किया। करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाला यह कॉलेज करीब 35 एकड़ भूमि में स्थापित होगा। इस परियोजना के शुरू होने से जिले के शिक्षा क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि यह इंजीनियरिंग कॉलेज गिरिडीह समेत आसपास के क्षेत्रों के छात्रों के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। अब छात्रों को उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कर रही है और यह कॉलेज उसी दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में गिरिडीह को कई सौगातें मिली हैं और आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में और योजनाएं लाई जाएंगी। साथ ही कहा कि आने वाले समय में पचंबा क्षेत्र "एजुकेशन हब" के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

वहीं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य झारखंड में जन्म लेने वाले हर बच्चे का भविष्य उज्ज्वल बनाना है। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने "गुरुजी क्रेडिट कार्ड" योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसके माध्यम से छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता मिलेगी, जिससे वे बिना किसी दबाव के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार गरीब और प्रतिभाशाली छात्रों को विदेश में पढ़ाई का अवसर दे रही है। वर्तमान में 100 से अधिक छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार उठा रही है। विधायक ने कहा कि जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज बनने से न केवल शिक्षा का स्तर ऊंचा होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। स्थानीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा उपलब्ध होने से युवाओं का भविष्य संवरने के साथ-साथ क्षेत्र का समग्र विकास भी होगा।

कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। लोगों ने उम्मीद जताई कि यह संस्थान आने वाले समय में गिरिडीह को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा।

## डालटनगंज-रांची सड़क पर बाइक व ऑटो की भिड़ंत में दो की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले के मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट में नेशनल हाईवे 39 डालटनगंज-रांची मुख्यमार्ग पर बुधवार रात एक बाइक और ऑटो की भिड़ंत में एलआईसी एजेंट समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट गांव निवासी केदार प्रजापति के पुत्र 40 वर्षीय प्रदीप कुमार और हमीदगंज निवासी 52 वर्षीय संतोष सिंह बाइक से बुधवार की रात मेदिनीनगर आ रहे थे, जबकि सतबरवा से सवारी लेकर आ रहा एक ऑटो विपरीत दिशा से शहर की ओर जा रहा था। जोरकट-दुबियाखाड़ के पास दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दोनों बाइकसवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने प्रदीप और संतोष को मृत घोषित कर दिया। संतोष सिंह एलआईसी एजेंट थे। हादसे के बाद ऑटो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। गुरुवार को पुलिस ने ऑटो को जब्त कर और चालक को तलाश कर रही है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिये हैं। परिजनों के अनुसार प्रदीप कुमार अपनी पत्नी और बच्चों को चार पहिया वाहन से घर पर छोड़ा था और किसी काम से मोटरसाइकिल से चियांकी की ओर आया था और वापस लौट रहा था। जबकि संतोष सिंह एलआईसी के काम से सतबरवा की ओर गए थे और वापस घर आ रहे थे।

## बंद घर से 30 लाख की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** टेल्को थाना क्षेत्र के नीलडीह स्थित गायत्री नगर (ग्वाला बस्ती) में चोरों ने एक सुनियोजित तरीके से बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। अज्ञात अपराधियों ने प्रसिद्ध सीमेंट कारोबारी अवधेश सिंह के बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के गहने और कीमती सामान उड़ा लिए। घटना का खुलासा गुरुवार सुबह तब हुआ, जब घर का कर्मचारी वहां पहुंचा और मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पाया।

सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो घर के अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए। चोरों ने एक-एक कर घर के छह कमरों के दरवाजों के ताले तोड़ दिए थे और भीतर रखी छह अलमारियों के लॉकर को भी बेरहमी से तोड़ डाला। कमरों में सामान पूरी तरह बिखरा हुआ था, जिससे साफ है कि चोरों ने काफी समय लेकर आराम से पूरे घर की तलाशी ली। पीड़ित के पुत्र सुशील कुमार सिंह ने बताया कि उनका परिवार पिछले पांच दिनों से नामदा बस्ती स्थित दूसरे आवास पर एक शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोरों ने बेहद समझदारी से केवल कीमती गहनों को ही निशाना बनाया और घर में रखे कपड़ों या अन्य सामान को हाथ तक नहीं लगाया। परिवार के अनुसार, अलमारियों में रखे लगभग 18 से 20 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात चोरी हो गए हैं। इसके अलावा, अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी की ओर से उपहार में मिले करीब 800 से 900 ग्राम चांदी के सिक्के भी गायब हैं। चारों भाइयों के कमरों में रखे गहनों को भी चोरों ने साफ कर दिया। अवधेश सिंह ने बताया कि केवल उनके हिस्से के ही 8 से 10 लाख रुपये के जेवर थे। कुल मिलाकर चोरी की राशि 30 लाख रुपये से अधिक आंकी जा रही है।

## महुदा में तालाब और कुएं की हुई शादी, सैकड़ों ग्रामीण बने गवाह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड की पहचान प्रकृति पूजा और उससे जुड़े रीति-रिवाजों से होती है। यहां पेड़-पौधे, जलस्रोत और पहाड़ों को भी आस्था के साथ पूजने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसी परंपरा की एक अनोखी झलक धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा पंचायत के महूदा गांव में देखने को मिली।

जहां सूंड़ी बांध (तालाब) और एक कुएं की पूरे विधि-विधान के साथ शादी कराई गई। इस अनोखे आयोजन में गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए और पूरे उत्साह के साथ शादी की रस्में निभाई गई। इस दौरान पुजारी द्वारा मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया गया। विवाह में तालाब को वर (दूल्हा) और कुएं को वधु (दुल्हन) का दर्जा दिया गया। गांव के सुरेश राय और उनकी पत्नी बसंती देवी ने इस विवाह की मुख्य रस्में निभाईं।

शादी की खास बात यह रही कि इसमें भी सामान्य विवाह की तरह वर और वधु पक्ष बनाए गए, बाराती शामिल हुए और पूरे गांव ने गवाह बनकर इस अनूठी परंपरा को निभाया। पीपल का विशाल वृक्ष इस विवाह का साक्षी बना। जिसे ग्रामीणों ने पवित्र मानते हुए पूजा-अर्चना भी की।

विवाह की एक महत्वपूर्ण रस्म में महिलाओं द्वारा तालाब (वर पक्ष) का पानी लाकर कुएं (वधु पक्ष) में डाला गया। इसके बाद दोनों जलस्त्रोतों को प्रतीकात्मक रूप से एक डोर से बांधा गया, जो उनके बंधन का प्रतीक माना जाता है। शादी के उपरांत पूरे गांव में सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी ग्रामीणों ने भाग लिया। यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि जल संरक्षण और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को भी दर्शाता है। महुदा गांव की यह अनोखी परंपरा आज भी लोगों के बीच जीवंत है और नई पीढ़ी को प्रकृति से जुड़ाव का संदेश दे रही है।

## साइबर गैंग का भंडाफोड़, केवाईसी के नाम पर ठगी करने वाले 2 गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जामताड़ा :** जामताड़ा पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना की टीम ने कार्रवाई करते हुए करमाटांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम काशीटांड़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पीछे छापेमारी की। इस दौरान साइबर ठगी में लिप्त दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश कुमार दास (24 वर्ष), ग्राम कासीटांड थाना करमाटांड़ एवं दीपक कुमार दास (19 वर्ष), ग्राम पोसोइ, थाना जामताड़ा के रूप में हुई है। दोनों को मोबाइल और सिम कार्ड के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 मोबाइल फोन और 7 सिम कार्ड बरामद किए हैं। इस संबंध में जामताड़ा साइबर थाना कांड संख्या 22/26 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी एक्सिस बैंक के ग्राहकों को व्हाट्सएप पर फर्जी मैसेज भेजते थे, जिसमें खाता बंद होने का डर दिखाकर केवाईसी अपडेट के नाम पर APK फाइल डाउनलोड करवाते थे। इसके जरिए ग्राहकों की गोपनीय जानकारी हासिल कर ई-वॉलेट के माध्यम से ठगी को अंजाम दिया जाता था। यह साइबर ठगी का नेटवर्क पूरे भारत में सक्रिय था।

## धनबाद : मेडिकल सर्टिफिकेट के नाम पर ₹1500 घूस का आरोप, परिजनों का हंगामा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद सिविल सर्जन कार्यालय पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं, जहां नवोदय और एकलव्य विद्यालय में नामांकन के लिए आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के बदले कथित रूप से 1500 रुपये घूस मांगने की शिकायत सामने आई है। इसे लेकर गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों से आए आदिवासी बच्चों और उनके परिजनों ने जिला परिषद सदस्यों के साथ कार्यालय पहुंचकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया।

बताया जा रहा है कि कई आदिवासी बच्चे पिछले पांच दिनों से मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अब तक उनका मेडिकल परीक्षण तक नहीं किया गया है। आरोप है कि बिना पैसे दिए सर्टिफिकेट नहीं बनाया जा रहा, जिससे बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। निरसा की जिला परिषद सदस्य पिंकी मरांडी और पूर्वी टुंडी की जिला परिषद सदस्य जोबा मरांडी ने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों से आए गरीब आदिवासी बच्चों से 1500 रुपये की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे 5वीं और छठी कक्षा के हैं और उन्हें नवोदय व एकलव्य विद्यालय में नामांकन के लिए 20 अप्रैल तक मेडिकल सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य है। यदि समय पर सर्टिफिकेट नहीं मिला तो उनका नामांकन रूक सकता है। मौके पर मौजूद भाजपा नेता राजीव ओझा ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि सरकार आदिवासी हितों की बात करती है लेकिन जमीनी स्तर पर उन्हीं बच्चों को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पैसे के बिना काम नहीं हो रहा जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं सिविल सर्जन आलोक विश्वकर्मा ने आरोपों को सिरे से खारिज नहीं किया लेकिन स्पष्ट किया कि बच्चों के दस्तावेज जमा कर लिए गए हैं और मेडिकल प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी बच्चों की जांच पूरी कर सर्टिफिकेट जारी कर दिए जाएंगे।

फिलहाल इस मामले ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह न केवल भ्रष्टाचार का मामला होगा, बल्कि गरीब और आदिवासी बच्चों के भविष्य के साथ गंभीर अन्याय भी माना जाएगा। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### डैम से अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**हजारीबाग :** शहर के छड़वा डैम के पास से गुरुवार सुबह पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। इस संबंध में पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि शव को बरामद कर पहचान के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में रखा गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। खबर लिखे जाने तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के लोगों से पहचान करने पर किसी ने भी शव की पहचान नहीं की है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### युवक का शव बरामद हत्या की आशंका

**कोडरमा :** पुलिस ने जिले के झुमरीतिलैया में गुरुवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान गोलू श्रीवास्तव (28 वर्ष, पिता झूलन श्रीवास्तव, इंदरवा बस्ती) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, युवक का शव बाईपास पुल के समीप बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि यह सामान्य मौत या दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या का मामला है। परिजनों ने मामले की गहन जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि मृतक गोलू श्रीवास्तव बालू सप्लाई का कार्य करता था। ऐसे में पुलिस इसकी भी जांच कर रही है कि कहीं व्यवसायिक विवाद या आपसी रंजिश तो घटना की वजह नहीं है। पुलिस घटनास्थल की जांच कर आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

**खूंटी :** मुरहू थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़िता फिलहाल खूंटी सदर अस्पताल में भर्ती है, जहां मेडिकल बोर्ड की ओर से उसकी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार घटना 13 अप्रैल की रात करीब 9 बजे की है। पीड़िता मुरहू में एक किराये के मकान में रहती है। आरोपित भी उसी के घर के पास ही किराए के मकान में रहता है। आरोप है कि आरोपित बच्ची को बहला-फुसलाकर कर सुनसान स्थान पर अर्धनिर्मित घर में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपित ने बच्ची को धमकी दी कि वह इस बारे में किसी को कुछ न बताए। दो दिनों के बाद 15 अप्रैल को बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर उसने मुरहू क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली अपनी बड़ी बहन को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर थाना पहुंचे, जहां उसके बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बच्ची को पहले मुरहू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, लेकिन वहां महिला चिकित्सक नहीं होने के कारण उसे तुरंत खूंटी सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में पीड़िता के इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है और उसकी सुरक्षा में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

### मुरहू में मातृ स्वास्थ्य और पोषण पर प्रशिक्षण आयोजित

**खूंटी :** मुरहू प्रखंड में चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीनी) और एक्सिस बैंक फाउंडेशन के सहयोग से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए चार प्रसवपूर्व जांच के महत्व, उच्च जोखिम गर्भावस्था और गर्भावस्था के दौरान पोषण विषय पर गुरुवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, नियमित जांच और उचित पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की करंट लगने से मौत

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव में गुरुवार सुबह एक हादसे में एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान रामचंद्रपुर गांव निवासी गंगा तांती के रूप में हुई है, जो अपने मामा के घर मेहमान बनकर आया हुआ था। घटना सुबह करीब 4:30 से 5:00 बजे के बीच की बताई जा रही है, जब अचानक वह घर के बाहर से उठकर पास स्थित ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया और 11 हजार वोल्ट के करंट की चपेट में आ गया। जानकारी के अनुसार, गंगा तांती अपनी पत्नी के साथ बुधवार को देवगांव स्थित अपने मामा बाबू तांती के घर आया था। घर छोटा होने के कारण उसकी पत्नी अंदर सो रही थी, जबकि गंगा तांती बाहर सोया हुआ था। सुबह अचानक उसकी गतिविधि संदिग्ध हो गई और वह सीधे ट्रांसफार्मर की ओर चला गया। देखते ही देखते वह ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया और तेज करंट की चपेट में आकर उसी से चिपक गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल बिजली विभाग और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पहले लाइन काटी, जिसके बाद युवक को ट्रांसफार्मर से नीचे उतारा गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। मृतक के बड़े भाई जुगल तांती ने बताया कि गंगा तांती और उसकी पत्नी दोनों ही मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। इसी कारण वह इस तरह की हरकत कर बैठा, जिससे उसकी जान चली गई। गंगा तांती पेशे से दैनिक मजदूर था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। इस संबंध में चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह हादसा प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

### खूंटी के युवा शिक्षक प्रकाश टूटी को मिला इंडियन एजुकेटर अवार्ड



**खूंटी :** खूंटी के युवा शिक्षक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी को राज्य स्तरीय इंडियन एजुकेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। रांची के रेडिसन ब्लू होटल में बुधवार को आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। लाइट्स इंस्टीट्यूट, खूंटी से जुड़े युवा शिक्षक प्रकाश टूटी ने गुरुवार को बताया कि टूटी को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षा महोत्सव में राज्य भर से शिक्षाविदों, युवा शिक्षकों एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। आदिवासी समाज से आने वाले युवा शिक्षक प्रकाश टूटी ने सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में जो समर्पण, संघर्ष और नवाचार का परिचय दिया है, वह आज पूरे झारखंड के लिए प्रेरणा बन गया है। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उनके निरंतर प्रयासों ने उन्हें इस सम्मान तक पहुंचाया। प्रकाश टूटी ने कहा यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि मेरे समाज, मेरे विद्यार्थियों और मेरे खूंटी की पहचान है। यह मुझे और अधिक जिम्मेदारी के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा देता है।

### कोर्ट के आदेश पर पुलिस कस्टडी में रचाई शादी



**लातेहार :** अदालत के आदेश के बाद एक प्रेमी युगल विवाह के बंधन में बंध गया। उन दोनों का विवाह शहर के अंबाकोठी के प्राचीन देवी मंडप में पुजारी दिलीप शुक्ला ने कराया। जानकारी के अनुसार चंदवा थाना कांड संख्या 44/26 में पीड़िता सीमा कुमारी, पिता- बीरबल लोहरा (भूसाढ़, लातेहार) ने एक मामला दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, आरोपी रामपाल गंझू, पिता-विशेश्वबर गंझू, तुपी चंदवा के साथ उसका प्रेम प्रसंग था। वे लोग सात वर्षों तक एक साथ रहे। इससे उनका एक पुत्र भी है। लेकिन आरोपी के परिवार वालों ने उसे अपनाने से इंकार कर दिया। इसके बाद उसने थाना में मामला दर्ज कराया। बाद में पीड़िता ने अदालत में आपसी सहमति से विवाह के लिए आवेदन दिया। मामले की सुनवाई करते हुए अपर मुख्यथ न्यालयिक दंडाधिकारी कुमारी जीव की अदालत ने वादी और आरोपी को विवाह करने का आदेश पारित किया। अदालत के आदेश के बाद उन दोनों की हिंदू रीति-रिवाज से प्राचीन देवी मंडप में पुलिस अभिरक्षा में विवाह संपन्ना कराया गया।

### दुष्कर्म मामले में परिषद ने अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**खूंटी :** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी ने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय है और पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आरोपित की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और पीड़िता को बेहतर चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा एवं न्याय दिलाने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने और पीड़िता को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के माध्यम से नि:शुल्क विधिक सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की भी मांग की। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर संभव आवश्यक कार्रवाई करेगा और दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर अभाविप खूंटी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हीरांजली हेमरॉम, मधुवा मुंडा, सुखराम हेमरोम और कांडे मुंडा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि इस मामले में शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### शैक्षणिक संस्थान और अस्पतालों को आवारा कुत्तों से रखें मुक्त : उपायुक्त

**खूंटी :** उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिले के शैक्षणिक संस्थानों, चिकित्सालयों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य संस्थागत परिसरों को आवारा कुत्तों से मुक्त रखने के उद्देश्य से समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थान सहित सार्वजनिक स्थलों पर आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजनों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य है।उपायुक्त ने अस्पतालों में डॉग बाइट के मामलों को गंभीरता से लेते हुए एंटी-रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पूर्व में हुए डॉग बाइट के मामलों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

संक्षिप्त डायरी

## कई जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा

**पटना (एजेंसी)** पटना समेत राज्य के कई जिलों में लू चलने लगी है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। मौसम विभाग के पटना केंद्र के मुताबिक, रोहतास के डेहरी में सबसे अधिक तापमान 41.8 डिग्री रहा। इसके अलावा औरंगाबाद, बक्सर, शेखपुरा और कैमूर में भी 41 डिग्री के आसपास रहा। पटना में भी बुधवार को दिनभर लू जैसे हालात बने रहे। यहां का अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक है। वहीं, आर्द्रता 31 प्रतिशत रही, जिससे तेज गर्म हवाओं का सामना करना पड़ा। दिन में बाहर निकलना मुश्किल हो गया। अगले तीन-चार दिनों तक भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम इसी तरह शुष्क बने रहने की संभावना है। पूवार्नुमान के अनुसार दक्षिण और मध्य बिहार के जिलों में तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि उत्तर-पूर्व बिहार के कुछ हिस्सों जैसे किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में 17-18 अप्रैल के आसपास हल्की बारिश की संभावना जताई गई है, लेकिन इससे व्यापक राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

## पोती ने दादा के खाते से 35 लाख रुपए निकाले

**पटना (एजेंसी)** पत्रकारनगर के के. सेक्टर में रहने वाले विक्रम लाल के खाते से उनकी पोती ने 35 लाख की निकासी कर ली। उन्होंने पोती के खिलाफ साइबर थाने में केस दर्ज करा दिया। उधर, गोपालपुर थाने के मनोहरपुर कछुआरा के रहने वाले अजय कुमार से बदमाशों ने फतुहा में मोबाइल झपट लिया। इसके बाद उनके खाते से 18 लाख की निकासी कर ली। अगमकुआं के ब्रज किशोर प्रसाद सिंह के खाते से 3 लाख की निकासी कर ली। उनसे एअर इंडिया के महाराजा कार्ड मेंबरशिप के एक्टीविशेन के लिए भरत शर्मा नाम के व्यक्ति ने बात की। सुझाव दिया कि वे एअर इंडिया के लिंक पर जाकर फॉर्म भर लें। उन्होंने वैसे ही किया, खाते से 3 लाख रुपए निकल गए। शेयर में निवेश का झांसा देकर बदमाशों ने कंकड़बाग में रहने वाले अविनाश कुमार के खाते से 1.14 लाख की ठगी कर ली। महेंद्रू के आदित्य कुमार के खाते से साइबर बदमाशों ने 1.50 लाख रुपए की निकासी कर ली।

## बड़े आंकड़ों के बीच पटना रीजन का दमदार प्रदर्शन

**पटना (एजेंसी)** सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा 2026 के रीजन-वाइज आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि पटना रीजन ने इस बार बड़े स्तर पर परीक्षा आयोजित करने के बावजूद मजबूत और संतुलित प्रदर्शन किया है। आंकड़ों के अनुसार, पटना रीजन में कुल 1,65,964 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से 1,55,772 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इन परीक्षार्थियों में से 1,39,298 छात्र सफल हुए, जिससे कुल पास प्रतिशत 89.93% रहा। लड़के-लड़कियों के प्रदर्शन में संतुलन, शिक्षा में बराबरी का संकेतः पटना रीजन में लड़कियों का पास प्रतिशत लगभग 91.21% रहा, जबकि लड़कों का परिणाम करीब 88.2% दर्ज किया गया। दोनों के बीच अंतर बहुत अधिक नहीं है, जो यह दशार्ता है कि यहां शिक्षा के अवसर और परिणाम दोनों में संतुलन बना हुआ है। यह स्थिति उन रीजन से बेहतर मानी जाती है, जहां जेंडर के आधार पर प्रदर्शन में बड़ा अंतर देखने को मिलता है। दिल्ली-पुणे जैसे बड़े रीजन को दी कड़ी टक्करः दिल्ली ईस्ट, दिल्ली वेस्ट और पुणे जैसे रीजन का पास प्रतिशत 95% से ऊपर रहा है, जबकि चंडीगढ़ करीब 99% तक पहुंचा है। इसके बावजूद पटना का प्रदर्शन कमतर नहीं माना जा सकता, क्योंकि यहां छात्रों की संख्या अधिक, क्षेत्र मिश्रित और संसाधन अपेक्षाकृत सीमित हैं। इन परिस्थितियों में लगभग 90% परिणाम हासिल करना ज्यादा व्यावहारिक और मजबूत उपलब्धि मानी जाती है। लगातार सुधार और स्थिरता से बना भरोसेमंद रीजनः पटना रीजन का परिणाम पिछले वर्षों से लगातार 85% से ऊपर बना हुआ है और इस बार यह 89.93% तक पहुंच गया है। यह दिखाता है कि यहां शिक्षा व्यवस्था में धीरे-धीरे लेकिन लगातार सुधार हो रहा है। बड़ी संख्या के साथ स्थिर प्रदर्शन इसे देश के उभरते हुए मजबूत रीजन में शामिल करता है।

## पटना मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर का सिविल वर्क हुआ पूरा

**पटना (एजेंसी)** पटना मेट्रो ने प्रायोरिटी कॉरिडोर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्टेशन और पटना डिपो को जोड़ते हुए अंतिम यू-गर्डर को लॉन्च कर दिया गया है। यह यू-गर्डर पिलर नंबर 187झ188 के बीच अप लाइन में लॉन्च किया गया है। अंतिम गर्डर की लॉन्चिंग के साथ ही प्रायोरिटी कॉरिडोर के सिविल वर्क का बड़ा हिस्सा पूरा हो चुका है। इसके साथ ही इस कॉरिडोर के लिए सभी प्रीकास्ट एलिमेंट्स की स्थापना का काम पूरा हो गया है। यह उपलब्धि इस परियोजना के निर्माण कार्य में एक महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है। पटना मेट्रो में यू-गर्डर लांचिंग की शुरूआत 26 जनवरी 2023 को की गई थी। तब से लेकर अब तक कुल 328 यू-गर्डर स्थापित किए गए हैं। इन यू-गर्डर्स के माध्यम से एलिवेटेड ट्रैक का ढांचा तैयार किया जाता है, जिस पर मेट्रो ट्रेनें चलेंगी। अब अगले चरण में ट्रैक बिछाने, सिग्नलिंग, ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन और स्टेशन से जुड़े फिनिशिंग कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। पटना मेट्रो के मुताबिक यू-गर्डर लॉन्चिंग के दौरान कई स्थानों पर सुरक्षा कारणों से यातायात को डायवर्ट करना पड़ता था। इससे आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। अब इस प्रमुख कार्य के पूरा होने के बाद लोगों को ट्रैफिक जाम और डायवर्जन से काफी राहत मिलने की उम्मीद है। पटना मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर में आईएसबीटी, जीरो माइल, भूतनाथ रोड़, खेमनीचक और मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। जिसमें अभी सिर्फ आईएसबीटी से भूतनाथ रोड़ स्टेशन तक मेट्रो का परिचालन हो रहा है।

## पटना में इंजनियरिंग छात्रा का गला दबाकर मर्डर

**पटना (एजेंसी)** पटना में 21 साल की इंजीनियरिंग छात्रा की उसके ही प्रेमी ने गला घोंटकर हत्या कर दी। बताया जा रहा कि दोनों कॉलेज में एकसाथ पढ़ते थे। दोनों का लास्ट ईयर था, इसलिए लड़की लड़के पर शादी का दबाव बना रही थी। दोनों के बीच दूसरी बातों को लेकर भी अक्सर झगड़ा होता था। इन्हीं सब चीजों से बॉयफ्रेंड नाराज था। वह लैपटॉप देने के बहाने लड़की के घर गया और गला दबाकर हत्या कर दी। फिर रूम बाहर से बंद करके निकल गया। पुलिस ने बुधवार को प्रेमी आर्थव श्रीवास्तव उर्फ राज को गिरफ्तार किया और पूरे मामले का खुलासा किया। घटना बिहटा थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव की है। 13 अप्रैल की रात लड़की की उसके रेंटेंड घर में बेड पर लाश मिली थी। दरअसल, औरंगाबाद की रहने वाली अनुपमा कुमारी पिछले कुछ साल से पटना के बिहटा में रेंट पर मकान लेकर रह रही थी। वो और उसका प्रेमी नेताजी सुभाष इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिहटा से डिप्लोमा कर रहा था।

# सम्राट चौधरी ने ली बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ, कुर्सी संभालते ही दिये 5 सूत्र



**पटना (एजेंसी)** बिहार में सम्राट चौधरी ने राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. सत्ता संभालते ही उन्होंने साफ संकेत दे दिया कि उनकी सरकार एक्शन मोड में काम करेगी. शपथ के तुरंत बाद बुलाई गई बैठक में उन्होंने अधिकारियों को पांच सूत्रों का मंत्र दिया, जिसमें सबसे बड़ा फोकस भ्रष्टाचार पर जीरो पर टॉलरेंस, अफसरशाही पर सख्ती, कामकाज की रफ्तार बढ़ाने और संवेदना के साथ काम करने पर रहा. शपथ लेने के चंद घंटों के भीतर ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एक्शन मोड में नजर आए. वे सीधे सचिवालय पहुंचे और आला अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की. इस बैठक का मिजाज साफ था अब काम करने का तरीका बदलना होगा. सम्राट चौधरी ने स्पष्ट किया कि बिहार में अब अफसरशाही और भ्रष्टाचार के दिन लद चुके हैं. उन्होंने प्रशासन को पटरी पर लाने के लिए पांच मूलभूत सूत्र दिए हैं, जो आने वाले दिनों में बिहार सरकार की कार्यशैली का आधार बनेंगे. अधिकारियों को दिए अपने पांच सूत्रों में सम्राट चौधरी ने साफ संदेश दिया- भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस होगा, अफसरशाही पर सख्ती दिखेगी, काम की रफ्तार दोगुनी होगी और हर फैसले में आम जनता की संवेदना झलकेगी. भ्रष्टाचार पर जारी रहेगा जीरो टॉलरेंस मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि राज्य में जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दृढ़ता से लागू किया जाये.उन्होंने कहा कि सिर्फ फाइल बढ़ाने या पत्राचार तक सीमित रहने की मानसिकता बदलनी होगी. जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए. इसलिए इन मामलों के निपटारे को सरल बनाया जाये. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रखंड, अंचल और थाना स्तर पर आम लोगों को बेहतर सुविधा मिले और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान हो . उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता परेशान न हो, बल्कि खुशहाल रहे, इसी सोच के साथ काम करना है. उन्होंने कहा कि सात निश्चय योजनाओं और विभिन्न यात्राओं के दौरान जमीनी स्तर पर समस्याओं को करीब से समझने का अनुभव मिला है. उनके अधीन सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, राजस्व एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, विधि, उद्योग, पथ निर्माण, कृषि, श्रम संसाधन, पर्यटन, कला-संस्कृति, आपदा प्रबंधन, सूचना प्रावैधिकी, सहकारिता, पर्यावरण, पंचायत राज सहित कुल 29 विभाग हैं. इसके अलावा वे उन सभी विभागों के भी प्रभारी होंगे जो किसी अन्य मंत्री को आवंटित नहीं किये गये है. विजय चौधरी के जिम्मे शिक्षा व उच्च शिक्षा समेत 10 विभाग उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जनसंपर्क, भवन निर्माण, शिक्षा, ग्रामीण विकास, परिवहन और उच्च शिक्षा सहित महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है. उनके पास विज्ञान एवं प्रावैधिकी तथा तकनीकी शिक्षा और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग भी रहेगा. बिजेंद्र प्रसाद यादव के पास वित्त समेत आठ विभाग दूसरे उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव को ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य कर, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा ग्रामीण कार्य विभाग का प्रभार दिया गया है. जल्द ही मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है,जिसमें सहयोगी दलों को भी उचित प्रतिनिधित्व देकर गठबंधन को और मजबूती दी जाएगी.

## महिला ने खुद को सीईओ बताकर रिटायर बैंक अधिकारी को हनी ट्रैप में फंसाया

**पटना (एजेंसी)** फेसबुक पर एक महिला ने सेवा निवृत बैंक अधिकारी से बातचीत शुरू की। खुद को मुंबई की वीवी कंस्ट्रक्शन की सीईओ बताया। मां के बीमार होने का भी हवाला दिया और फिर जो हुआ, उसके बाद उस शख्स को साइबर थाना में शिकायत लिखवानी पड़ी। राजधानी पटना में एक सेवानिवत्त बैंक अधिकारी से साइबर अपराधियों ने 97.06 लाख की ठगी की है। अब उन्होंने इसकी शिकायत साइबर थाना में की है। सेवानिवत्त बैंक अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिन्हा हैं, जो खुद बैंकिंग प्रणाली के विशेषज्ञ थे। वह अगस्त 2024 में पूर्णिया जिला में होम लोन ब्रांच में मुख्य प्रबंधक के पद से रिटायर हुए थे। वर्तमान में पटना के पुनाईचक इलाके में रहते हैं। अमरेंद्र कुमार सिन्हा की ठगी की कहानी एक सोशल मीडिया विज्ञापन से शुरू हुई। फेसबुक पर उन्होंने वेपलोग नामक एक विज्ञापन पर क्लिक किया था, जिसके बाद अमरेंद्र कुमार सिन्हा एक युवती के संपर्क में आए। उस युवती ने खुद का परिचय साक्षी अग्रवाल के रूप में दी थी। साक्षी ने खुद को मुंबई स्थित वीवी कंस्ट्रक्शन का सीईओ बताया। उसने अपने कार्यालय का पता खोजा सोसाइटी, वैशाली नगर, जोगेश्वरी, वेस्ट मुंबई बताया था। साक्षी ने बातचीत के दौरान अमरेन्द्र कुमार सिन्हा का भरोसा जीत लिया। फिर दोनों के बीच व्हाट्सएप चैट और वीडियो कॉल के जरिए नियमित कमीशन और ऑडिट के नाम पर वसूली साक्षी ने अमरेंद्र को पॉलीअस फाइनेंस पिक नामक एक फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर 45 लाख रुपए निवेश करने के लिए कहा, लेकिन अमरेंद्र कुमार सिन्हा से मात्र 43 हजार रुपये निवेश किए। ज्यादा ठगी करने के लिए विशवास जीतना जरुरी था, इसलिए अमरेन्द्र कुमार सिन्हा का विश्वास जीतने के लिए उन्हें 1,978 रुपए की निकासी करने दी। फर ऑडिट के नाम पर 5.33 लाख रुपए जमा करने को कहा तो अमरेन्द्र कुमार सिन्हा ने 5.33 लाख रुपए जमा कर दिए। मां के नाम पर भी की ठगी साक्षी ने अमरेंद्र कुमार सिहा को व्यक्तिगत रूप से भी ठगा। उसने अपनी माँ की बीमारी का बहाना बनाया और कहा कि डॉक्टर को डॉलर में भुगतान करना है। अमरेंद्र ने उसकी मदद के लिए 1 लाख रुपये को डॉलर में कन्वर्ट करवाकर भेज दिए। करोड़ों का निवेश और हाथ में शून्य जैसे-जैसे निवेश की राशि बढ़ती गई, उसे निकालने की शर्तें भी कठिन होती गईं। कंपनी ने कहा कि कुल एसेट्स निकालने के लिए 95 लाख रुपये सिक्योरिटी डिपॉजिट देने होंगे। साक्षी ने नाटक किया कि उसने खुद इसकी व्यवस्था कर दी है

## तेजस्वी बोले-उम्मीद है अब राज्य की प्राथमिकताओं पर काम होगा

**पटना (एजेंसी)** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई दी और कहा कि नीतीश कुमार को सत्ता से हटाने की प्रतिज्ञा पूरी होने के बाद अब राज्य की प्राथमिकताओं पर गंभीरता से काम होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि नया नेतृत्व यह स्वीकार करेगा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद नीति आयोग के कई मानकों और सतत विकास के सूचकांकों में बिहार की स्थिति राष्ट्रीय औसत से पीछे बनी हुई है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं, विधि-व्यवस्था, आय और निवेश, खर्च और खपत, नौकरी और रोजगार, गरीबी तथा पलायन जैसे क्षेत्रों में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि राज्य की उन्नति, शांति, सौहार्द, सुरक्षा और सर्वांगीण सुधार के लिए मजबूत संकल्प के साथ काम किया जाए और बाहरी निदेर्शों के सामने बिहार के स्वाभिमान से समझौता न हो। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने पर बिजेंद्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी को भी शुभकामनाएं दीं। कहा कि सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री पद पर आसीन होना राज्य के लिए नया और ऐतिहासिक अध्याय है। उनकी कर्मठता, दूरदर्शी नेतृत्व और प्रशासनिक सूझ-बूझ से बिहार को प्रगति, समृद्धि और सामाजिक न्याय के मार्ग पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद है।

## बिहार में कल से बदलेगा मौसम, सीमांचल के इन इलाकों में बारिश तो पटना में लू का अलर्ट





**पटना (एजेंसी)** बिहार में अप्रैल महीने ने ही जेठ जैसी तपिश का एहसास करा दिया है. भीषण गर्मी के बीच अब मौसम करवट लेने जा रहा है. एक ओर सीमांचल के कुछ जिलों में हल्की बारिश की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर पटना समेत कई इलाकों में लू का खतरा और बढ़ने वाला है. ऐसे में लोगों के सामने राहत और चुनौती, दोनों एक साथ खड़ी हैं. बिहार में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं. एक तरफ जहां सीमांचल के जिलों में बादलों की आवाजाही से राहत की उम्मीद जागी है, वहीं दूसरी तरफ पटना समेत दक्षिण बिहार के जिलों के लिए अगले 48 घंटे भारी पड़ने वाले हैं. भीषण गर्मी और पछुआ हवाओं ने राज्य को भट्टी की तरह तपाना शुरू कर दिया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है. डेहरी बना सबसे गर्म शहर, 41 डिग्री के पार पहुंचा पारा बुधवार को रोहतास का डेहरी इलाका प्रदेश का सबसे गर्म केंद्र रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. पटना, गया और औरंगाबाद जैसे जिलों में भी सूरज के तेवर तल्ख बने हुए हैं. शुष्क पछुआ हवाओं के कारण हवा में नमी कम हो गई है, जिससे त्वचा को झुलसाने वाली गर्मी महसूस हो रही है. दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है और लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं. पछुआ हवाओं ने गर्मी की तीव्रता को और बढ़ा दिया है, जिससे दिन के समय बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. इन जिलों को मिलेगी राहत भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने एक सुकून देने वाली भविष्यवाणी की है. 17 से 19 अप्रैल के दौरान उत्तर-पूर्वी बिहार के सीमांचल इलाकों, खासकर पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज में हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार जताए गए हैं. 18 अप्रैल से लू का येलो अलर्ट जारी राहत की खबरों के बीच मौसम विभाग ने एक बड़ी चेतावनी भी दी है. 18 अप्रैल से दक्षिण और मध्य बिहार के कई जिलों में हीट वेव यानी लू का प्रकोप बढ़ने वाला है. बक्सर, भोजपुर, कैमूर और औरंगाबाद जैसे जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. गर्मी में लापरवाही भारी पड़ सकती है डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि इस भीषण गर्मी में खुद को हाइड्रेटेड रखना सबसे जरूरी है. घर से बाहर निकलते समय सूती कपड़ों का उपयोग करें और सिर को ढक कर रखें. सत्तू, नींबू पानी और ओआरएस जैसे तरल पदार्थों का सेवन बढ़ा दें

## इस वजह से सरकार में शामिल नहीं हुए निशांत कुमार, खुद बताया आगे का प्लान



**पटना (एजेंसी)** जदयू नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि वे नई सरकार में डिप्टी सीएम बन सकते हैं. इन अटकलों पर खुद निशांत ने फिलहाल विराम लगा दिया है. उन्होंने सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया है और राजनीति को समझने के लिए अभी और समय लेने की बात कही है. बिहार की सत्ता के गलियारों में यह माना जा रहा था कि नई सरकार के गठन के साथ ही नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार सत्ता के केंद्र में एक बड़ी भूमिका संभालेंगे, तभी उनके एक फैसले ने सबों को हैरान कर दिया है. चर्चा थी कि सम्राट चौधरी की कैबिनेट में निशांत कुमार को उपमुख्यमंत्री जैसा भारी-भरकम पद दिया जा सकता है, लेकिन अंतिम क्षणों में उन्होंने इससे किनारा कर लिया. डिप्टी उट की चर्चा, लेकिन आखिरी वक्त पर बदलाव नई सरकार के गठन के दौरान यह लगभग तय माना जा रहा था कि निशांत कुमार को बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है. यहां तक कि उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चा थी. लेकिन अंतिम समय में यह फैसला बदल गया और विजय कुमार सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया गया. इस बदलाव ने राजनीतिक गलियारों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं. उन्होंने हाल ही में पार्टी कार्यक्रमों और सार्वजनिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी शुरू की है. माना जा रहा है कि वे संगठन और जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं, ताकि भविष्य में बड़ी भूमिका निभा सकें. पार्टी नेतृत्व चाहता है कि निशांत अब सक्रिय राजनीति में आगे आएं और सरकार में अहम जिम्मेदारी संभालें. निशांत का खुद का रुख फिलहाल अलग नजर आ रहा है. वे जल्दबाजी में कोई पद लेने के बजाय धीरे-धीरे अपनी राजनीतिक जमीन तैयार करना चाहते हैं. मीडिया की अटकलों पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी का जवाब उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने मीडिया में चल रही चचाओं को लेकर कहा कि यह सब कयास हैं

## बिहार के चार नेताओं ने ली राज्यसभा में शपथ, भाजपा ने बधाई देते हुए क्या कहा



**पटना (एजेंसी)** बिहार से राज्यसभा चुनाव में निर्वाचित हुए पांच में चार सांसदों ने आज उच्च सदन में शपथ ले ली है। नीतीश कुमार ने 10 अप्रैल को ही शपथ ली थी। आज से दो राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत चार सांसदों ने राज्यसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा दी। 16 मार्च को बिहार के पांच राज्यसभा सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार निर्वाचित हुए थे। उस वक्त पांचवें सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार से चुनौती मिलने के कारण चुनाव की नौबत आ गई थी। चुनाव हुआ। परिणाम भी आए। जीत, एनडीए की हुई। पांचवीं सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शिवेश राम को जीत मिली थी। इन सब बातों की चर्चा इसलिए हो रही है कि क्यों कि आज राज्यसभा चुनाव के जरिए निर्वाचित हुए चार नेताओं ने उच्च सदन में शपथ ली। इन चार नेताओं में दो राजनीतिक दल के प्रमुख हैं। इनमें पहला नाम है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और दूसरा नाम राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का है। दोनों नेता आज से राज्यसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। बिहार भाजपा ने बधाई देते हुए क्या कहा? इनके अलावा तीसरा नंबर पर जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता रामनाथ ठाकुर। उन्हें जदयू ने फिर से राज्यसभा भेजा है। इन सांसदों के शपथ लेने के बाद बिहार भाजपा की ओर से बधाई दी गई। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार से राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, जदयू के वरिष्ठ नेता रामनाथ ठाकुर, प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। विश्वास है कि आपके नेतृत्व में बिहार की आवाज संसद में और अधिक मजबूती से गूंजेगी तथा विकास की दिशा को नई गति मिलेगी।नीतीश के अलावा राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा के उपसभापति रहे हरिवंश नारायण सिंह ने भी 10 अप्रैल को ही शपथ ली थी। इस तरह से बिहार से राज्ससभा की 16 सीट में से 12 सीटें एनडीए के खाते में आ गई।

## कल से 1 मई तक खुद भर सकेंगे जनगणना के 33 सवाल, जानें कैसे काम करेगा पूरा प्रोसेस




**पटना (एजेंसी)** जनगणना 2027 इस बार प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल हो रही है और लोग खुद पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी भर सकेंगे. खास बात यह है कि अब एक ही घर में अलग-अलग चूल्हे होने पर परिवार भी अलग-अलग माने जाएंगे. इस नए नियम ने जनगणना की परिभाषा को ही बदल दिया है. बिहार सहित पूरे देश में डिजिटल क्रांति के बीच अब जनगणना का स्वरूप भी पूरी तरह बदलने जा रहा है. अब जनगणना कर्मी का इंतजार करने की जरूरत नहीं है? जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए कल यानी 17 अप्रैल से सेल्फ-इन्युमरेशन (स्व-गणना) की सुविधा शुरू हो रही है. अब लोग घर बैठे अपने मोबाइल से परिवार की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे. यह कदम न केवल प्रक्रिया को तेज बनाएगा, बल्कि डेटा की सटीकता को भी सुनिश्चित करेगा. 17 अप्रैल से डिजिटल जनगणना का पोर्टल ओपन जनगणना कार्य सह नागरिक निबंधन बिहार की निदेशक रंजीता ने स्पष्ट किया है कि 17 अप्रैल से 1 मई तक आम नागरिक पोर्टल पर जाकर 33 महत्वपूर्ण सवालों के जवाब स्वयं भर सकते हैं. इसके लिए एक मोबाइल नंबर का उपयोग कर रजिस्ट्रेशन करना होगा. डेटा सबमिट करने के बाद एक यूनिक आईडी नंबर जेनरेट होगा, जिसे आपको संभाल कर रखना होगा. 2 मई से जबजनगणना कर्मी आपके घर पहुंचेंगे, तो आपको बस वह आईडी नंबर दिखाना होगा और आपका काम मिनटों में पूरा हो जाएगा. मकान गिनने का रोचक नियम इस बार की जनगणना में मकानों और परिवारों के वर्गीकरण को लेकर बेहद स्पष्ट नियम बनाए गए हैं. निदेशक ने बताया कि यदि एक ही मकान के भीतर अलग-अलग चूल्हों का इस्तेमाल हो रहा है, तो उन्हें अलग-अलग परिवार माना जाएगा. अगर गणना के दौरान घर पर कोई नहीं मिलता, तो उसे खाली मकान के रूप में दर्ज किया जाएगा. आपसे मकान के मालिकाना हक, छत और दीवार की सामग्री, कमरों की संख्या और विवाहित जोड़ों जैसे विस्तृत सवाल पूछे जाएंगे. बिहार से बाहर रहने वालों के लिए सेल्फ-इन्युमरेशन का मौका बिहार के निवासी जो अभी राज्य से बाहर रह रहे हैं, उन्हें भी अपनी जड़ें दर्ज कराने का पूरा मौका मिलेगा. पोर्टल पर सेल्फ-इन्युमरेशन के माध्यम से वे अपने मूल निवास की जानकारी भर सकते हैं. डेटा सबमिट करने से पहले एडिट का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने इस पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की है और अधिकारियों को व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है ताकि कोई भी नागरिक इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य से छूट न जाए. फरवरी 2027 में होगी इंसानों की गिनती मई 2026 में होने वाला यह अभ्यास मकानों की सूची तैयार करने और पहले चरण के डेटा संग्रह के लिए है




# बॉडी नहीं बनाती ओमेगा-3, शाकाहारी लोगों के लिए बहुत जरूरी हैं ये बीज

**ओमेगा 3 एक जरूरी फैटी एसिड है, जिसे शरीर नहीं बना पाता है। इसलिए इसकी कमी का खतरा काफी ज्यादा होता है। जिससे बचने के लिए इन फूड्स का सेवन करना चाहिए।**

शरीर को कई तरह के फैट की जरूरत होती है ताकि शरीर का काम सही चलता रहे। मगर ओमेगा-3 फैटी एसिड को बॉडी खुद नहीं बना पाती है और उसे फूड्स पर निर्भर रहना पड़ता है। वरना शरीर में इसकी भारी कमी हो सकती है।
सेल्स के फंक्शन के लिए यह न्यूट्रिएंट बहुत जरूरी होता है। शरीर में ओमेगा-3 की कमी से कई सारी दिक्कतें होने लगती हैं। जिनके बारे में न्यूट्रिशनिस्ट किरण कुकरेजा ने जानकारी दी है। एक्सपर्ट ने इसे पाने के लिए कुछ फूड्स खाने की सलाह भी दी है।

## ओमेगा-3 की कमी से झेलनी होगी ये दिक्कतें

### ड्राई स्किन, हेयर और आई



हेल्दी स्किन और हेयर के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड बहुत जरूरी है। वहीं, आंखों की नमी और रेटिना में इसका हाई कंसंट्रेशन होता है। इसलिए इसकी डेफिशिएंसी त्वचा, बाल और आंखों में रूखापन कर सकती है।

### नाखून हो जाएंगे कमजोर

नाखूनों की सेल्स को जोड़े रखने के लिए भी यह फैट जरूरी होता है। इसके कम होने पर सेल्स मेंब्रेन ढीले और कमजोर होने लगते हैं। जिससे नाखून कमजोर और नाजुक हो जाते हैं।

### बीमारियों का घर बनेगा दिल



ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी से दिल बीमारियों का घर बन सकता है। क्योंकि, यह कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। जो कि नसों को सिकोड़ने और डैमेज करके दिल की बीमारियों का प्रमुख कारण बनती हैं।

## शाकाहारी लोगों के लिए ओमेगा-3 फूड

शाकाहारी लोग इसे पाने के लिए अलसी के बीज, चिया सीड्स और अखरोट का सेवन कर सकते हैं। इनमें इसका प्रकार अल्फा लिनोलेनिक एसिड (एएलए) प्रचुर मात्रा में होता है। साथ में फोर्टिफाइड दूध, योगर्ट आदि का सेवन भी कर सकते हैं।

## ओमेगा-3 के नॉन वेजिटेरियन फूड

मछलियों में ओमेगा-3 फैट काफी होता है। इसके लिए सैल्मन, मैक्रेल, टूना, सार्डिन आदि फैटी फिश का सेवन कर सकते हैं।



# गर्मी के मौसम में मसाज के फायदे

गर्मियों का मौसम आ चुका है। इस मौसम में बाहर निकलने पर बढ़ती धूप और गर्म हवा आपको परेशान कर देती है। इसके अलावा रोज की भागदौड़ भरी दिनचर्या लोगों को थका देती है। इसके बाद शरीर पर थकान हावी हो जाती है। इसके बाद कुछ भी करने का मन नहीं करता है। यदि आपको इस मौसम में तरोताजा रहना है तो मसाज एक अच्छा उपाय हो सकता है। मसाज लेने के बाद आप एक बार फिर से तन और मन से ताजगी महसूस करने लगते हैं।

## मसाज के फायदे

- मसाज से मांसपेशियो की सिकुड़ने और फैलने की क्षमता में बढोत्तरी होती है। इसके अलावा मेटाबॉलिजम का कार्य सही से होने लगता है।
- मसाज से ब्लड सर्कुलेशन सुचारु रूप से काम करता है।
- मसाज करने से नींद अच्छी आती है। जिसके चलते आंखों की रोशनी बढ़ती है। और स्किन चमकदार बन जाती है।
- मसाज करने के दौरान लंबी-लंबी सांसें लेने से शरीर के अंदर मौजूद कई विकार बाहर निकल जाते हैं। इसके बाद शरीर में स्फूर्ति आ जाती है।
- मसाज रोज करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।
- मसाज से रंग में निखार आता है और स्किन चमकदार बन जाती है।
- मसाज से मस्तिष्क में तरावट एवं मानसिक शक्ति का अनुभव होता है।
- मसाज के बाद स्किन के छिद्रों में तेल भरे रहने से जीवाणुओं शरीर के अंदर जाने का खतरा नहीं रहता है।

## इनकी भी होती है मसाज

- माथे की मसाज
- गालों की मालिश
- दुड्डी की मसाज
- गर्दन की मसाज




# गर्मियों में खाएं ये चीजें चिलचिलाती गर्मी में भी शरीर रहेगा ठंडा

**गर्मियों में तेज धूप, पसीना, गर्म हवाओं की वजह से शरीर में पानी की कमी यानी शरीर में डिहाइड्रेशन पैदा कर सकती है। इस मौसम में शरीर से सारे इलेक्ट्रोलाइट्स निकलने का खतरा होता है।**

भारत में गर्मियों का मौसम जारी है और कई जगहों पर पारा 40 डिग्री को भी पार कर गया है। गर्मी की वजह से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। भाषण गर्मी में पंखा और कूलर भी साथ नहीं दे रहे हैं। अगले कुछ हफ्तों में गर्मी का सितम और बढ़ेगा और ऐसा वक्त आ जाएगा जब एसी भी काम नहीं करेगी। जाहिर है गर्मी का शरीर पर सबसे ज्यादा बुरा प्रभाव पड़ता है।
गर्मियों में तेज धूप, पसीना, गर्म हवाओं की वजह से शरीर में पानी की कमी यानी शरीर में डिहाइड्रेशन पैदा कर सकती है। इस मौसम में शरीर से सारे इलेक्ट्रोलाइट्स निकलने का खतरा होता है। लंबे समय तक डिहाइड्रेशन की वजह से चक्कर आना, सिरदर्द, ऊर्जा की कमी, भ्रम और यहां तक कि बेहोशी जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। डाइट एक्सप्रेशन की फाउंडर और न्यूट्रिशनिस्ट पारुल के अनुसार, गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सिर्फ पानी काफी नहीं है। आपके खाने में कार्ब्स, विटामिन और मिनरल वाली चीजें भी उतनी ही जरूरी हैं। कुछ चीजें हैं जिनका गर्मियों में सेवन करने से शरीर को ठंडा रखा जा सकता है और किसी भी तरह की समस्या से बचा जा सकता है।

## केला और अवोकेडो

इन दोनों फलों में कार्ब्स की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा यह फाइबर के अच्छे स्रोत हैं। यह दोनों इलेक्ट्रोलाइट का लेवल बनाए रखते हैं। इन दोनों का शरीर पर ठंडा प्रभाव पड़ता है।

## लौकी परिवार की सब्जियां

गर्मियों के दिनों शरीर को ठंडा रखने के लिए आपको लौकी परिवार की सब्जियां जैसे लौकी, कद्दू, करेला, तुरई आदि का खूब सेवन करना चाहिए। इनमें पानी की मात्रा होने के साथ सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं।

## साब्जा सीड्स

इन छोटे-छोटे बीजों में फाइबर और प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा यह ओमेगा-3 फैटी एसिड, पोटैशियम, विटामिन सी आदि का भी भंडार है। यह तत्व गर्मी को कम करते हैं और पेट को ठंडा रखते हैं।

## खट्टे फल

जूस वाले खट्टे फल जैसे संतरे, नींबू, कीनू और मौसंबी आदि में जरूरी पोषक तव जैसे विटामिन ए, बी और सी पाया जाता है। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का लेवल बनाए रखते हैं।

## दही

घर की बनी दही पोषक तत्वों का खजाना है और यह पेट के लिए एक नैचुरल प्रोबायोटिक है, जो शरीर को ठंडा रख सकती है। आप खाने में दही या इसका रायता बनाकर इस्तेमाल करें।






# खून की नसों में चिपके जिद्दी कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकाल देंगे गर्मियों के ये 5 फल

**आजकल सिर्फ व्यस्क ही नहीं बल्कि युवाओं को भी इसका सामना करना पड़ रहा है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि खराब खानपान और सुस्त जीवनशैली इसका सबसे बड़ा कारण हैं। कुछ खाद्य पदार्थ खून की नसों में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने का काम करते हैं। इनमें गर्मियों में मिलने वाले कुछ फल भी शामिल हैं।**

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आजकल की एक गंभीर और आम समस्या बन गई है। आजकल सिर्फ व्यस्क ही नहीं बल्कि युवाओं को भी इसका सामना करना पड़ रहा है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि खराब खानपान और सुस्त जीवनशैली इसका सबसे बड़ा कारण हैं। यह कोई आम समस्या नहीं है और इससे दिल से जुड़े रोगों, स्ट्रोक यानी दिमाग का दौरा और हार्ट अटैक जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारियों का खतरा है। कोलेस्ट्रॉल शरीर की हर कोशिका में पाया जाता है। यह शरीर के लिए जरूरी भी है लेकिन वो अच्छा कोलेस्ट्रॉल होता है। अच्छा कोलेस्ट्रॉल खाद्य पदार्थों का पाचन, हार्मोन का उत्पादन और अन्य कई काम करता है। यह सभी कचरे और विषाक्त पदार्थों को वापस लीवर में पहुंचाता है। लेकिन एक खराब कोलेस्ट्रॉल भी है, जो धमनियों की दीवारों पर पट्टिका की एक परत बनाता है, जिससे रक्त का प्रवाह मुश्किल हो जाता है, जो आगे चलकर हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज और स्ट्रोक का कारण बन सकता है।
कुछ खाद्य पदार्थ खून की नसों में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने का काम करते हैं। इनमें गर्मियों में मिलने वाले कुछ फल भी शामिल हैं। चूंकि गर्मियों का मौसम जारी है, तो ऐसे में आपको इन सस्ते फलों का खून सेवन करना चाहिए जिससे शरीर से यह गंदा पदार्थ बाहर निकल सके और आपका ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बना रहे।

## पपीता

फाइबर से भरपूर पपीता हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। यह खराब कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी कंट्रोल करता है। फाइबर पाचन को बेहतर बनाने में सहायक है और यह आंतों की भी सफाई करता है।

## अंगूर



एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, अंगूर फाइबर का एक बेहतर स्रोत है। इस तरह अंगूर का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल लेवल को नैचुरली कम करने में मदद करता है। अंगूर वजन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है, जिसे हृदय रोगों के पीछे एक और कारण बताया जाता है।

## खट्टे फल

गर्मियों में सभी तरह के खट्टे फल खाना दिल से जुड़ी बीमारियों को दूर करने में फायदेमंद साबित हो सकते हैं। आप अपने खाने में नींबू और संतरे जैसे खट्टे फल शामिल कर सकते हैं क्योंकि यह विटामिन सी से भरे होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को भी बढ़ाते हैं।

## सेब



सेब एक ऐसा फल है, जो सिर्फ कोलेस्ट्रॉल ही नहीं बल्कि शरीर में जमा अन्य गंदे पदार्थों को भी कम कर सकता है. सभी हृदय रोगियों को अपने खाने में सेब को शामिल करना चाहिए क्योंकि यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को नैचुरली कम करने में मदद करता है। सेब में फाइबर पेक्टिन की मौजूदगी कोलेस्ट्रॉल लाल को कम करने में मदद करती है।

## स्ट्रॉबेरी

एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, मानव शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के लिए स्ट्रॉबेरी एक बेहतर फ्रूट है। यह एंटीऑक्सिडेंट का बेहतर स्रोत है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावा यह विटामिन का भंडार है और इसमें कैलोरी बहुत कम होती है।



# स्वाद के साथ सेहत की खान है आम

**स्वाद के साथ फायदों की खान है आम। जी हां, आम को फलों का राजा माना जाता है। गर्मियां तो बिना आम के सेवन अधूरी है। आप कोई भी फल खा लें लेकिन आम को अपनी फ्रूट बास्केट में शामिल करना न भूलें। स्वाद के साथ आम खाने के कई फायदे हैं।**

## कैंसर से बचाव

आम में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट कोलोन कैंसर, ल्यूकेमिया और प्रोस्टेट कैंसर से बचाव में फायदेमंद है। इसमें क्यूर्सेटिन, एस्ट्रागालिन और फिसेटिन जैसे ऐसे कई तत्व होते हैं जो कैंसर से बचाव करने में मददगार होते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल नियमित रखने में

आम में फाइबर और विटामिन सी खूब होता है। इससे बैड कोलेस्ट्रॉल संतुलन बनाने में मदद मिलती है।

## पाचन क्रिया को ठीक रखने में

आम में ऐसे कई एंजाइम्स होते हैं जो प्रोटीन को तोड़ने का काम करते हैं। इससे भोजन जल्दी पच जाता है। साथ ही इसमें उपस्थित साइट्रिक एसिड, टरटैरिक एसिड शरीर के भीतर क्षारीय तत्वों को संतुलित बनाए रखता है।

## स्मरण शक्ति में मददगार

जिन लोगों को भूलने की बीमारी हो उन्हें आम का सेवन करना चाहिए। इसमें पाया जाने वाला ग्लूटामिन एसिड नामक एक तत्व स्मरण शक्ति को बढ़ाने में उत्प्रेरक की तरह काम करता है। साथ ही इससे रक्त कोशिकाएं भी सक्रिय होती हैं। इसीलिए गर्भवती महिलाओं को आम खाने की सलाह दी जाती है।

## त्वचा के लिए है फायदेमंद

आम के गुदे का पैक लगाने या फिर उसे चेहरे पर मलने से चेहरे पर निखार आता है और विटामिन सी संक्रमण से भी बचाव करता है।

## मोटापा कम करने में

मोटापा कम करने के लिए भी आम एक अच्छा उपाय है। आम की गुठली में मौजूद रेशे शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। आम खाने के बाद भूख कम लगती है, जिससे ओवर ईटिंग का खतरा कम हो जाता है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में

आम खाने से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता में भी इजाफा होता है।



# बच्चों को सिखाएं हेल्दी फूड हैबिट

बच्चों के बड़े होने पर उन्हें पोषण देने के लिए जरूरी है कि बचपन से ही उन्हें अच्छा पोषण दिया जाए। लेकिन उसके लिए सही शुरुआत करें और स्वस्थ खाना सिखाएं। बच्चे इन स्वस्थ आदतों को खुद अनुभव करके और दूसरों को देखकर सीखते हैं। बच्चों को अच्छी खाने की आदतें सिखाना शुरू करना कभी भी जल्दी नहीं होता है। इसके लिए आप नीचे दिए टिप्स भी अपना सकते हैं जिससे बच्चे सही समय पर स्वस्थ खाना सीखें जो उन्हें बड़े होने तक फायदा पहुंचाएगा।

## सभी साथ बैठकर खाएं

एक परिवार के रूप में एक साथ खाना खानाज जरूरी है। बच्चों को सिखाएं कि सभी साथ बैठें। इससे बच्चों के सामने आप हर तरह की सब्जियां खाकर दिखाएंगे तो वो भी आपसे सीखेंगे। साथ ही उन्हें लोगों के सामने व्यवहार करना भी आएगा। इससे एक फायदा होगा कि बच्चा खाना खाते समय फोन या टीवी भी नहीं देखेगा।

## बच्चों को चुनने दें

जरूरी नहीं जो हम खा रहे हों वो सभी चीजें बच्चे खाएं। बच्चों के लिए अलग से खाना न बनाएं लेकिन जो आप बना रहे हैं या बड़े खा रहे हैं वो सभी चीज बच्चों को जबरदस्ती न खिलाएं। बच्चों को खुद चुनने दें कि वो इन सबमें से क्या खाना चाहते हैं।

## अपनी कोशिश जारी रखें

बच्चों को हेल्दी फूड हैबिट सिखाने में समय लग सकता है। ऐसे में अपनी कोशिश न छोड़ें। शुरुआत में बच्चे नखरे करेंगे लेकिन आपकी कोशिश जारी रही तो बच्चों की आदत भी बदलेगी। कभी-कभी बच्चों को यह चुनने दें कि खाने में क्या सब्जी बननी चाहिए। साथ ही उन्हें उसे बनाने में मदद के लिए कहें।

## लालच देकर न खिलाएं

बच्चों को लालच देकर खाना खत्म करने को न कहें। बच्चों को डेजर्ट के लालच में खाना खाने को न कहें। कई माता-पिता इस बात पर जोर देते हैं कि अगर बच्चे पूरा खाना खाएंगे तो उन्हें मिठाई मिलेगी। ऐसा न करें। उन्हें भूख के अनुसार खाना सिखाएं।

# एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के 17 में से 11 पदक पीडब्ल्यूएल पहलवानों के नाम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इस साल की शुरूआत में प्रोफेशनल रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) की सफल वापसी का असर अब अंतराष्ट्रीय मंच पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सीजन 5 में हिस्सा लेने वाले कई भारतीय और विदेशी पहलवानों ने प्रमुख वैश्विक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। जनवरी में नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में विश्वस्तरीय पहलवानों के साथ भारत के स्थापित और उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे यह एक शीर्ष प्रतिस्पर्धी मंच के रूप में और मजबूत हुआ। लीग का प्रभाव अब अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन में नजर आ रहा है, जो एक मजबूत घरेलू प्रतिस्पर्धी ढांचे की अहमियत को दर्शाता है। इस सूची में सबसे आगे सुजीत कलकल रहे हैं, जो पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में दुनिया के शीर्ष



पहलवानों में शामिल हो चुके हैं। वर्तमान में ईरान के विश्व चैंपियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता रहमान अमौजाद के बाद विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सुजीत ने पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उन्होंने सात में से छह मुकाबले जीतकर उपविजेता का स्थान हासिल किया। लीग के बाद से सुजीत ने लगातार तीन अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीते हैं, जिसमें जाग्रेब और मुहामेत मालो रैंकिंग सीरीज के साथ-साथ इस महीने की शुरूआत में किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप का खिताब शामिल है। महिला 53 किग्रा वर्ग में मीनाक्षी गोयत भी पीडब्ल्यूएल सीजन 5 की बड़ी सफलता बनकर उभरी हैं। पंजाब रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने लीग में अपने तीनों मुकाबले जीते और फिर नेशनल ट्रायल्स में अंतिम पंघल को हराकर भारतीय टीम में जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने मुहामेत मालो टूर्नामेंट और बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप दोनों में रजत पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी दावेदारी मजबूत की है। अन्य प्रमुख प्रदर्शनकताओं में ओलंपिक रजत पदक विजेता अमन सहरावत (पुरुष 61 किग्रा), जिन्होंने टाइगर्स ऑफ मुंबई डैंगल्स के लिए खेलते हुए जाग्रेब और बिश्केक में रजत पदक जीते, जबकि दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किग्रा) ने पंजाब रॉयल्स के लिए दोनों प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक हासिल किए। हरियाणा थंडर्स की नेहा सांगवान ने भी मुहामेत मालो में रजत और बिश्केक में कांस्य पदक जीतकर प्रभावित किया। सबसे उत्साहजनक प्रदर्शन उभरते हुए भारतीय पहलवान अभिमन्यु (पुरुष 70 किग्रा) का रहा। 24 वर्षीय सीआईएसएफ कांस्टेबल, जिन्होंने लीग में यूपी डॉमिनेटर्स का प्रतिनिधित्व किया, ने बिश्केक में फाइनल में मंगोलिया के दिग्गज और पूर्व एशियन गेम्स चैंपियन टॉमोर-ओचिरिन तुलगा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। लीग का प्रभाव अंतरराष्ट्रीय सितारों पर भी देखने को मिला। कनाडा की विश्व पदक विजेता कार्ला गोडिनेज गोंजालेज, जिन्होंने दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया, ने जाग्रेब में रजत पदक जीता, जबकि जापान की दिग्गज पहलवान यूई सुसाकी, जो खिताब जीतने वाली हरियाणा थंडर्स टीम का हिस्सा थीं, ने बिश्केक में एक और एशियाई खिताब अपने नाम किया।

## मुंबई इंडियंस ने घायल अंकोलेकर की जगह कृष भगत को टीम में किया शामिल

**मुंबई :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को चोटिल अथर्व अंकोलेकर के स्थान पर 21 वर्षीय ऑलराउंडर कृष भगत को टीम में शामिल किया है। अंकोलेकर चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। अथर्व अंकोलेकर बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज ऑलराउंडर हैं। वह भारत की अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्हें इस सीजन की नीलामी में 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर मुंबई इंडियंस ने खरीदा था। कृष भगत पंजाब के युवा ऑलराउंडर हैं, जो मुख्य रूप से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। भगत अब तक पंजाब के लिए 7 प्रथम श्रेणी और 9 लिस्ट-ए मैच खेल चुके हैं।

# खेल प्रौद्योगिकी मंच काबुनी ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर शेन वॉटसन को बनाया अपना मुख्य प्रशिक्षक




एजेंसी

**मुंबई :** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित खेल प्रौद्योगिकी मंच काबुनी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर शेन वॉटसन को अपना मुख्य प्रशिक्षक नियुक्त किया है। इस साझेदारी को वैश्विक स्तर पर क्रिकेट प्रशिक्षण की दिशा बदलने की एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। काबुनी का उद्देश्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से हर स्तर के खिलाड़ियों तक विश्वस्तरीय प्रशिक्षण पहुंचाना है। वॉटसन के जुड़ने से तकनीक और व्यावहारिक क्रिकेट अनुभव का मजबूत समन्वय स्थापित होगा, जिससे खिलाड़ियों को आंकड़ों की समझ के साथ मैदान का वास्तविक अनुभव भी मिल सकेगा। काबुनी का मंच पारंपरिक नेट अभ्यास को नया रूप देता है। इसमें खिलाड़ी की गतिविधियों और गेंद की दिशा का वास्तविक समय में विश्लेषण किया जाता है और उसे सरल व उपयोगी सुझावों में परिवर्तित किया जाता है। एक प्रतिशत सुधार की अवधारणा पर आधारित यह प्रणाली छोटी-छोटी त्रुटियों को तुरंत सुधारने पर केंद्रित है, जिससे समय के साथ प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। शेन वॉटसन ने कहा, काबुनी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सुधार की प्रक्रिया को सरल बनाता है। क्रिकेट छोटे-छोटे अंतर का खेल है और उन पर ध्यान देकर बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। यह मंच हर स्तर के खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण को समझना और अपनाना आसान बनाता है। काबुनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निमेश पटेल ने कहा, शेन वॉटसन का हमारे साथ जुड़ना हमारे लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनके अनुभव और हमारी तकनीक के माध्यम से हम खिलाड़ियों को बेहतर और विश्वसनीय प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं। हमारा लक्ष्य हर खिलाड़ी तक पेशेवर प्रशिक्षण पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि काबुनी केवल तकनीकी प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों की मानसिक क्षमता पर भी कार्य कर रहा है। इसी दिशा में कंपनी वॉटसन के अनुभव पर आधारित एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित मानसिक प्रशिक्षण प्रणाली विकसित कर रही है, जो खिलाड़ियों को दबाव की परिस्थितियों में बेहतर निर्णय लेने और मानसिक मजबूती विकसित करने में सहायता करेगी। काबुनी का यह मंच जैव-यांत्रिकी, गतिविधि विश्लेषण और प्रदर्शन से जुड़े आंकड़ों के आधार पर खिलाड़ियों को व्यक्तिगत और वास्तविक समय में प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह खिलाड़ियों के प्रदर्शन की तुलना शीर्ष खिलाड़ियों के आंकड़ों से कर उन्हें स्पष्ट सुधार की दिशा दिखाता है।

# यश डबास के विस्फोटक शतक से पीजीडीएवी कॉलेज ने दर्ज की 175 रन की बड़ी जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान पीजीडीएवी कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को शिवाजी कॉलेज को 175 रनों के विशाल अंतर से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के हीरो रहे यश डबास, जिन्होंने महज 51 गेंदों में 161 रनों की तूफानी पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 16 चौके और 15 छक्के जड़े। उनके अलावा श्रेष्ठ यादव (58) और अंकित कुमार (53) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलकर टीम के स्कोर को मजबूती दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीजीडीएवी कॉलेज ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 332 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में शिवाजी कॉलेज की टीम 15.3 ओवर में 157 रन पर सिमट गई। शिवाजी कॉलेज की ओर से प्रियांश सिंह ने सर्वाधिक 37 रन बनाए, जबकि धैर्य मल्होत्रा ने गेंदबाजी में तीन विकेट हासिल किए। पीजीडीएवी कॉलेज की ओर से वैभव पांडे (13 रन देकर 4 विकेट) और प्रणीत (17 रन देकर 3 विकेट) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को संभलने का मौका नहीं दिया।

# चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका, खलील अहमद चोट के कारण आईपीएल से बाहर




एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके )को बड़ा झटका लगा है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज खलील अहमद क्वाड्रिसेप (जांघ) की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के दौरान उन्हें यह चोट लगी थी। 17वें ओवर की आखिरी गेंद डालने से पहले खलील अचानक रन-अप के दौरान रुक गए और अपने दाहिने पैर को पकड़ लिया। शुरूआत में यह सामान्य क्रैम्प्स जैसा लगा, लेकिन खलील दोबारा गेंदबाजी करने की कोशिश के बाद असहज दिखे और उन्होंने डगआउट की ओर इशारा करते हुए मैदान छोड़ दिया। इसके बाद उनके ओवर की आखिरी गेंद गुरजपनीत ने पूरी की। 28 वर्षीय खलील अहमद इस सीजन में चेन्नई की गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा थे। उनकी गैरमौजूदगी टीम के संतुलन पर असर डाल सकती है, खासकर डेथ ओवरों में। खलील की जगह लेने के लिए महाराष्ट्र के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और रामकृष्ण घोष विकल्प के रूप में सामने हैं। जहां बाएं हाथ के मुकेश चौधरी खलील की तरह ही विकल्प दे सकते हैं, वहीं दाएं हाथ के तेज गेंदबाज रामकृष्ण घोष टीम को अलग तरह का संयोजन प्रदान कर सकते हैं। इस चोट के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी गेंदबाजी रणनीति में बदलाव करना पड़ सकता है, जो आगे के मुकाबलों में उनके प्रदर्शन पर असर डाल सकता है।

## लखनऊ में जीत के बाद कोहली ने आरसीबी के प्रदर्शन को सराहा, कहा- हम पूरे मैच में आगे रहे

**नई दिल्ली :** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) पर मिली 5 विकेट की जीत के बाद टीम के ऑलराउंड प्रदर्शन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि टीम ने पूरे मुकाबले में बढ़त बनाए रखी और विपक्ष को वापसी का मौका नहीं दिया। कोहली ने मैच के बाद कहा, हमने बल्लेबाजी में काफी पेशेवर रवैया अपनाया। शुरूआत से ही हमारा प्रयास था कि मैच को विपक्ष से दूर ले जाएं। फिल सॉल्ट के आउट होने के बाद हमने आक्रामक रुख अपनाया और उन्हें वापसी का कोई मौका नहीं दिया। टीम में एक बल्लेबाज से दूसरे बल्लेबाज तक लय बनाए रखना हमारे लिए बहुत अच्छा काम कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, दबाव के छोटे-छोटे मौकों पर हमने सही शॉट्स चुने और तुरंत दबाव विपक्ष पर डाल दिया। इसी वजह से हम पूरे मैच में आगे रहे। हालांकि बल्लेबाजी के नजरिए से मैं चाहता था कि हम कम विकेट खोकर मैच खत्म करते, लेकिन अंत में रोमारियो शेफर्ड ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला खत्म किया। कोहली ने गेंदबाजों की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर कुमार, रासिख सलाम और जोश हेजलवुड ने शानदार गेंदबाजी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। साथ ही उन्होंने क्रुणाल पांड्या को इंडियन प्रीमियर लीग में 100 विकेट पूरे करने पर बधाई दी। टीम के गेंदबाजों ने भी अपने प्रदर्शन से संतोष जताया। जोश हेजलवुड ने कहा कि पिच थोड़ी धीमी थी, लेकिन टीम ने परिस्थितियों के अनुसार खुद को जल्दी ढाल लिया और योजनाओं को सटीक तरीके से लागू किया।

# बायर्न म्यूनिख ने रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**म्यूनिख :** जर्मनी के दिग्गज क्लब बायर्न म्यूनिख ने स्पेन के रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड को बुधवार रात एक रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराकर (कुल स्कोर 6-4) यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबले में आखिरी पलों में लुइस डियाज और माइकल ओलिसे के गोल ने बायर्न को यादगार जीत दिलाई। मुकाबले के 89वें मिनट में लुइस डियाज ने गोल कर बायर्न को बढ़त दिलाई, जबकि इंजरी टाइम में माइकल ओलिसे ने गोल दागकर जीत पर मुहर लगा दी। इस जीत के साथ बायर्न अब सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगा। मैच के 86वें मिनट में रियल मैड्रिड के मिडफील्डर एडुआर्डो कामाविंगा को दो पीले कार्ड मिलने के बाद मैदान से बाहर कर दिया गया। इसके बाद मैच के अंत में आर्डा गुलर को भी असंतोष जताने पर रेड कार्ड मिला, जिससे टीम की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा। मुकाबले की शुरूआत बेहद तेज रही और सिर्फ 35 सेकंड में ही आर्डा गुलर ने गोल कर रियल को बढ़त दिलाई। इसमें बायर्न के गोलकीपर मैनुअल नॉयर की बड़ी गलती रही। हालांकि बायर्न ने पांच मिनट बाद ही अलेक्जेंडर पावलोविच के हेडर से बराबरी कर ली। 29वें मिनट में गुलर ने शानदार फ्री-किक से रियल को फिर बढ़त दिलाई, लेकिन हैरी केन ने आठ मिनट बाद गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद किलियन एम्बाप्पे ने हाफ टाइम से ठीक पहले गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ में खेल की रफ्तार थोड़ी धीमी रही, लेकिन दोनों टीमों ने मौके बनाए। मैनुअल नॉयर ने शानदार बचाव कर बायर्न को मैच में बनाए रखा। हालांकि अंत में कामाविंगा के रेड कार्ड के बाद बायर्न ने इसका पूरा फायदा उठाया और लगातार दो गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। बायर्न के कोच विन्सेंट कोम्पनी ने टीम के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, यह क्लब के लिए शानदार रात रही। टीम ने एकजुटता और आत्मविश्वास दिखाया, जो जीत की सबसे बड़ी वजह बनी।


**ई० प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल संख्या-02, रॉंची**

**अल्पकालिन ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई-टेन्डर रेफरेन्स नं0-2/2026-27/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.
दिनांक-17.04.2026

| | कार्य का नाम | 2. प्राक्कलित राशि (रू0) | 3. कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | i. Renovation of Block "C" of 300 Bedded Nurses Hostel G+2 attached to RIMS, Ranchi | राशि रू0 56,65,600.00 (छप्पन लाख पैंसठ हजार छह सौ) रूपये मात्र। | 4 (चार) माह |
| | ii. Renovation of Block "E" of 300 Bedded Nurses Hostel G+2 attached to RIMS, Ranchi | राशि रू0 57,04,200.00 (संतावन लाख चार हजार दो सौ) रूपये मात्र। | 4 (चार) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.04.2026 को 11:00 बजे | |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/ समय | 29.04.2026 को 11:00 बजे तक | |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रॉंची। | |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 30.04.2026 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अभियंता प्रमुख का कार्यालय, तीसरा तल्ला, कमरा नं0-326A, भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची | |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 6203309676 | |
| 9. | ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7992430721 | |

10. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक-03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल संख्या-02, रॉंची

PR 377679 Building(26-27).D



**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, SIMDEGA.**
**Email Id :- eengbcdsimdega@gmail.com**

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**
**RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No : BCD/BD, SIMDEGA – 03/2026-27**

Sealed Quotations are invited for the work **BEAUTIFICATION WORK AND LAYING OF SPRINKLER IN GARDEN OF COLLECTERIATE CAMPUS,SIMDEGA** for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

Note :-
(1) Date of publication of e-Quotation in website : 23-04-2026 at 3:30 PM.
(2) Last date for uploading e-Quotation in Website : 30-04-2026 by 1:00 PM.
(3) Last date for submission of hard copy of uploaded e-Quotation : 05-05-2026 by 3:00 PM.
(4) Date & Time of opening of e-Quotations : 06-05-2026 at 3:30 PM.
(5) Name and address of the officer inviting e-quotation : Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Simdega.
(6) Telephone number of e-quotation cell : 8674835234
(7) Quotationer is required to upload photocopy of U-Can Registration.
Note : Only those quotation givers who submit hard copy in the office of Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Simdega, their rates will be considered incorrect. For any other information the website can be visited http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Simdega.**

PR 377651 Simdega(26-27)#D



**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,BUILDING DIVISION, SIMDEGA.**
**Email Id :- eengbcdsimdega@gmail.com**

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**
**RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No : BCD/BD, SIMDEGA – 02/2026-27**

Sealed Quotations are invited for the work **BEAUTIFICATION WORK AND LAYING OF FOUNTAINS /SPRINKLER IN CAMPUS OF CIRCUIT HOUSE,SIMDEGA** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

Note :-
(1) Date of publication of e-Quotation in website : 23-04-2026 at 3:30 PM.
(2) Last date for uploading e-Quotation in Website : 30-04-2026 by 1:00 PM.
(3) Last date for submission of hard copy of uploaded e-Quotation : 05-05-2026 by 3:00 PM.
(4) Date & Time of opening of e-Quotations : 06-05-2026 at 3:30 PM.
(5) Name and address of the officer inviting e-quotation : Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Simdega.
(6) Telephone number of e-quotation cell : 8674835234
(7) Quotationer is required to upload photocopy of U-Can Registration.
Note : Only those quotation givers who submit hard copy in the office of Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Simdega, their rates will be considered incorrect. For any other information the website can be visited http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Simdega.**

PR 377663 Simdega(26-27).D



**उपायुक्त-सह-**
**जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**-:: आम सूचना :-**

वित्तीय वर्श-2026-27 में विभागीय संकल्प के निर्देश के आलोक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों का वार्षिक भौतिक सत्यापन करने का निदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में पेंशन के लाभुकों का भौतिक सत्यापन हेतु पंचायत एवं वार्ड स्तरीय अंकेक्षण दल का गठन किया जायेगा तथा लाभूकों का भौतिक सत्यापन हेतु निम्न प्रकार से कार्यक्रम निर्धारित किया जाता हैः-

| दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|
| 17.04.2026 | अंकेक्षण दल का गठन। |
| 18.04.2026 | प्रखण्ड स्तर पर अंकेक्षण दल का प्रशिक्षण एवं भौतिक सत्यापन हेतु लाभुकों की सूचि आदि उपलब्ध कराना। |
| 21.04.2026 से 28.04.2026 | पंचायत/वार्ड के सभी लाभुकों का भौतिक सत्यापन करना। |
| 29.04.2026 | सभी पंचायत के प्रतिवेदन का समेकन एवं संबंधि त लाभुक को नोटिस निर्गत करना |
| 30.04.2026 से 10.05.2026 | मृत, आयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुकों की सूची तैयार संबधित पंचायत भवन/प्रखण्ड कार्यालय/अंचल कार्यालय के सूचना पटट् में चिपकाना |
| 11.05.2026 | प्राप्त आपत्ति का निराकरण एवं भौतिक सत्यापन के पश्चात मृत, आयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुक का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कार्यालय को भेजना। |
| 12.05.2026 से 31 .05.2026 तक | मृत, अयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुकों का नाम आपत्ति का निराकरण करते हुए NSAP पोर्टल में विलोपित करना |

**भौतिक सत्यापन के दौरान निम्न कार्य भी किया जाना हैः-**
(क) पेंशन एवं राष्ट्रीय पारिवारिक हित लाभ योजना का आवेदन प्राप्त करना।
(ख) सभी लाभुकों का मोबाइल नम्बर प्राप्त करना।
(ग) पेंशन भुगतान में आ रही त्रुटि का निराकरण करना।
(घ) लाभुक का आधार प्राप्त करना।
(ङ) केन्द्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं के लाभुकों का Digital life certificate निर्गत करना

**नोटः-सभी पेंशनधारियों से अपील की जाती है कि भौतिक सत्यापन के दौरान सहयोग करेंगे ताकि योग्य लाभुकों को पेंशन का भुगतान नियमित रूप से किया जा सके।**

उपायुक्त
लोहरदगा

PR 377647 (Lohardaga)26-27*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-01/2026-.27**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 22.04.2026 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.04.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.04.2026 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Boundary wall in Industrial Training institute at Bendagi Block-Barhi, Dist- Hazaribag | 2343650/- | 47000/- | 5000/- | 04 Month |
| 2 | Construction of Boundary wall in Industrial Training institute at Bendagi Block-Barhi, Dist- Hazaribag | 2251750/- | 45500/- | 5000/- | 04 Month |
| 3 | Renovation of ITI Women College Administrative Building and Work Shop Hazaribag for the year 2025-26 | 4089550/- | 82000/- | 5000/- | 04 Month |
| 4 | Construction of Dana fulaker dene ke liye nad ke sath Aahar Grih in Shukar Prajanan Prachetra ,Gauriya Karma Block-Barhi Dist- Hazaribag | 871300/- | 18000/- | 1250/- | 02 Month |
| 5 | Construction of PCC plateform for Animal drinking water near Two nad inside the Barigating at Rajkiye Pashu Prakshrtra Gauriya karma Block -Barhi Dist - Hazaribag | 474400/- | 10000/- | 750/- | 01 Month |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 377642 Building(26-27)D

एक नजर

## सीमांत क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने ली भाजपा की सदस्यता

**देहरादून :** सीमांत क्षेत्र से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने कहा कि पूर्व सैनिकों का अनुभव और अनुशासन पार्टी के संगठनात्मक कार्यों को और सशक्त बनाएगा। भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल और दीप्ति रावत ने सभी पूर्व सैनिकों का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने कहा कि वे हमेशा से राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े रहे हैं और अब औपचारिक रूप से भाजपा के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहते हैं। तरुण बंसल ने कहा कि सैनिक सदैव राष्ट्रहित में कार्य करते हैं और अब भाजपा के साथ जुड़कर वे संगठन को और मजबूत करेंगे। दीप्ति रावत ने कहा कि सेना में देश सेवा के बाद भाजपा में कार्य करना भी राष्ट्र सेवा का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व सैनिकों का अनुभव पार्टी की संगठनात्मक क्षमता को और सुदृढ़ करेगा। स्वामी 1008 वीरेंद्रानंद जी महाराज की प्रेरणा से भाजपा में शामिल होने वालों में धारचूला से आए कैप्टन भूपाल सिंह रावल, सूबेदार धन सिंह, नायब सूबेदार नारायण सिंह, हवलदार किशन सिंह रावत, नयन सिंह रौतेला, भूपेंद्र सिंह, जगत धामी, चंद्र सिंह, गणेश सिंह, प्रेम बल्लभ भट्ट, विनोद सिंह, गजेंद्र सिंह, प्रकाश रावत, पंकज रावत, हरीश मेहता, गोविंद सिंह, नरेंद्र सिंह, महेश सिंह, उमेद सिंह और डिगर सिंह बोहरा सहित कई पूर्व सैनिक प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## महाराष्ट्र में खुलेंगे 100 'महात्मा ज्योतिराव फुले स्किल ट्रेनिंग सेंटर'

**मुंबई :** स्किल, एम्प्लॉयमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप व इनोवेशन डिपार्टमेंट के जरिए पहले चरण में राज्य में युवाओं के लिए 100 महात्मा ज्योतिराव फुले स्किल ट्रेनिंग सेंटर खोले जाएंगे। आगामी दिनों में सेंटरों की संख्या बढ़ाकर एक हजार की जाएगी। यह जानकारी गुरुवार को कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने दी। मंत्री लोढ़ा ने बताया कि यह योजना मुंबई शहर व उपनगरों में भी लागू की जाएगी। बीएमसी आयुक्त को पत्र लिखकर मुंबई मनपा प्रशासन के जरिए इन स्किल सेंटरों के लिए जगह उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। मंत्री लोढ़ा ने बीएमसी आयुक्त अश्विनी भिड़े से मुलाकात कर मुंबई की अलग-अलग समस्याओं और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए स्किल ट्रेनिंग सेंटर शुरू करने पर विस्तृत चर्चा की।
मंत्री लोढ़ा ने कहा कि सेंटर शुरू करने की योजना में नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा के साथ स्किल्स को जोड़ा जाएगा। ये ट्रेनिंग सेंटर स्लम एरिया में भी शुरू किए जाएंगे। डिग्री के साथ स्किल्स की जानकारी होने पर ही रोजगार के मौके ज्यादा मिलेंगे।

## उपचार के दौरान मरीज की मौत लापरवाही का आरोप

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। गुरुवार को आंख का इलाज कराने पहुंचे 38 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतक अपने पीछे आठ बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें पांच बेटियां शामिल हैं। घटना के बाद आक्रोशित परिजन रामनगर से हल्द्वानी कोतवाली पहुंचे और न्याय की मांग की। सीओ हल्द्वानी अमित सैनी ने परिजनों को मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इसके बावजूद परिजन अस्पताल पहुंच गए और डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए।

# भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को नई गति, प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर स्टॉकर के बीच हुई व्यापक वार्ता

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें दोनों देशों ने अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इस उच्चस्तरीय बैठक में व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार, हरित एवं स्वच्छ तकनीक, शिक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, मोबिलिटी और लोगों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय रिश्तों के पूरे दायरे की समीक्षा की गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार, इस बैठक में रक्षा, तकनीक, व्यापार, नवाचार, कौशल विकास और काउंटर-टेररिज्म जैसे क्षेत्रों में कुल



15 ठोस परिणाम सामने आए। दोनों नेताओं ने विशेष रूप से हाई-टेक्नोलॉजी सहयोग को भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी का केंद्रीय स्तंभ माना। प्रधानमंत्री ने चांसलर के सम्मान में एक लंच होस्ट किया। ऑस्ट्रियाई चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के दौरे पर खास ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के सचिव सिबी जॉर्ज ने कहा कि आज हैदराबाद हाउस में उन्होंने आपसी रिश्तों के सभी पहलुओं पर बात की और साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच छह महत्वपूर्ण समझौते, एमओयू और लेटर ऑफ इंटेंट का आदान-प्रदान किया गया। इनमें ऑडियो-विजुअल को-प्रोडक्शन, फूड सेफ्टी एवं मानकों पर सहयोग, निवेश को बढ़ावा देने के लिए फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्म की स्थापना और रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट शामिल हैं। इसके अलावा, भारत के यूनाइटेड नेशंस पीसकीपिंग सेंटर और ऑस्ट्रियन आर्म्ड फोर्सेज इंटरनेशनल सेंटर के बीच साझेदारी की घोषणा भी की गई। दोनों पक्षों ने साल 2026 में वियना में संयुक्त स्पेस इंडस्ट्री सेमिनार आयोजित करने और वर्किंग हॉलिडे प्रोग्राम शुरू करने की भी घोषणा की। यह कदम युवाओं और पेशेवरों के बीच संपर्क बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। सचिव ने कहा कि वार्ता के दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म सहित सभी प्रकार के आतंकवाद की कड़ी निंदा की और इसके खिलाफ मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हाल के आतंकी हमलों की भी निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि काउंटर-टेररिज्म सहयोग को मजबूत करने के लिए दोनों देशों ने एक संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति जताई। यह समूह सूचना साझा करने, क्षमता निर्माण और उभरती तकनीकों के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग करेगा। नेताओं ने आतंकवाद की फंडिंग रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को लागू करने और यूनाइटेड नेशंस तथा फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स जैसे मंचों पर सक्रिय सहयोग जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## 'राहु केतु' वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 19 अप्रैल को रात 8 बजे जी सिनेमा पर

एजेंसी

**मुंबई :** हंसी से भरपूर रविवार शाम के लिए हो जाइए तैयार, क्योंकि 'राहु केतु' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 19 अप्रैल को रात 8 बजे जी सिनेमा पर होने जा रहा है। यह फिल्म दो भोले-भाले लेकिन बेहद प्यारे किरदारों 'राहु' और 'केतु' की कहानी पर केन्द्रित है, जो एक लेखक की जादुई नोटबुक से निकलकर ज़िंदगी में आ जाते हैं और शुरू हो जाती है मस्ती, कॉमेडी और ढेर सारी हंसी। 'ूमर और दिल को छूने वाले पलों का मेल लिए यह फिल्म अपनी नायाब कहानी और इसके मुख्य किरदारों के बीच की शानदार केमिस्ट्री के लिए खास बन जाती है। पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा द्वारा निभाए गए किरदार फिल्म में चार चांद लगा देते हैं। ऐसे में, मस्ती, इमोशन और एडवेंचर से भरी यह फिल्म पूरे परिवार के लिए एक मजेदार अनुभव लेकर आती है। केतु का किरदार निभा रहे पुलकित सम्राट कहते हैं, "राहु केतु उन फिल्मों में से है, जिसमें आप बस खुद को छोड़ देते हैं और मजा लेते हैं। केतु का किरदार निभाना अपने आप में एक अलग ही अनुभव रहा। वह सीधा-सादा है और हमेशा अजीब हालात में फंस जाता है और यही उसे देखने में मजेदार बनाता है। इस पूरे हँगामे के बीच भी केतु में एक सादगी और सच्चाई है, जिससे मैं खुद को जोड़ पाया। वरुण के साथ काम करना बहुत मजेदार रहा और मुझे खुशी है कि अब लोग इस कहानी को अपने परिवार के साथ टीवी पर देख पाएंगे। राहु का किरदार निभा रहे वरुण शर्मा कहते हैं, "राहु केतु ऐसी फिल्म है, जिसे आप बिना ज्यादा सोचे बस एंजॉय कर सकते हैं। राहु का किरदार निभाना एक रोलरकोस्टर जैसा अनुभव रहा। वह अलग है, इमोशनल है और हर वक्त अपने आसपास हो रही चीजों को समझने की कोशिश करता रहता है।

## स्मृति ईरानी व शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने की आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मियों के बीच तृणमूल कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी नेता स्मृति ईरानी, शुभेंदु अधिकारी और अन्य के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल को भेजे पत्र में आरोप लगाया कि 15 अप्रैल को भाजपा नेताओं ने ह्यमातृशक्ति भरोसा कार्डह्ल नामक एक नई योजना की घोषणा की। इसके तहत महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये सीधे उनके बैंक खातों में देने का वादा किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर इस योजना



के फॉर्म भी बांटे जा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि इस तरह की घोषणाएं और फॉर्म वितरण चुनाव आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन हैं। पार्टी के अनुसार, महिलाओं को इस योजना के तहत प्रलोभन देकर फॉर्म भरवाए जा रहे हैं और इसके बदले नकद या प्रत्यक्ष बैंक हस्तांतरण के जरिए आर्थिक लाभ देने की बात कही जा रही है। पार्टी ने अपने पत्र में यह भी कहा कि इस पूरी प्रक्रिया का समय, तरीका और स्वरूप यह दर्शाता है कि यह कोई सामान्य या परोपकारी पहल नहीं है, बल्कि चुनाव के नजदीक सुनियोजित तरीके से मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश है। उल्लेखनीय है कि, बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कोलकाता में मौजूद थीं, जहां उन्होंने महिलाओं के बीच 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' का वितरण भी किया। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस प्रकार की गतिविधियां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मूल भावना के खिलाफ हैं और इससे मतदाताओं की स्वतंत्र पसंद प्रभावित होती है, साथ ही चुनावी मैदान में बराबरी का स्तर भी बिगड़ता है। पार्टी ने इसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 के तहत "भ्रष्ट आचरण" की श्रेणी में बताया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 अप्रैल से 2 मई तक हिमाचल प्रदेश के छह दिवसीय दौरे पर रहेंगी

एजेंसी

**शिमला :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 अप्रैल से 2 मई तक हिमाचल प्रदेश के छह दिन के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान उनका मुख्य प्रवास शिमला के पास स्थित राष्ट्रपति निवास मशोबरा में रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति हिमाचल प्रवास के दौरान शिमला, अटल टनल और हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर का दौरा करने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगी। राष्ट्रपति 27 अप्रैल को विशेष विमान से चंडीगढ़ पहुंचेंगी और वहां से हेलीकॉप्टर के जरिए मशोबरा पहुंचकर राष्ट्रपति निवास में ठहरेंगी। शिमला प्रवास के दौरान यही उनका मुख्य आवास रहेगा।



मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास परंपरागत रूप से राष्ट्रपति के शिमला दौरे के दौरान आधिकारिक ठहराव का स्थान रहा है। 28 अप्रैल को राष्ट्रपति निवास, मशोबरा में उनके कुछ उद्घाटन कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। इस दिन उनका अधिकांश समय यहीं निर्धारित बैठकों और विश्राम के लिए रखा गया है। 29 अप्रैल को राष्ट्रपति अटल टनल रोहतांग का दौरा करेंगी। इस दौरान वे सिस्सू पहुंचकर टनल के नॉर्थ पोर्टल का निरीक्षण करेंगी, जहां सीमा सड़क संगठन के अधिकारी उन्हें टनल से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देंगे। इसके बाद वे साउथ पोर्टल का भी दौरा करेंगी और वहां प्रस्तुति तथा फोटो सेशन कार्यक्रम में शामिल होंगी। निरीक्षण के बाद वे उसी दिन वापस मशोबरा लौट आएंगी। 30 अप्रैल को राष्ट्रपति पालमपुर स्थित हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और विद्यार्थियों को संबोधित करेंगी। इसी दिन वे शिमला लौटने के बाद आर्मी ट्रेनिंग कमांड शिमला का भी दौरा करेंगी और अधिकारियों के साथ निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेंगी। वहीं, एक मई को राष्ट्रपति निवास, मशोबरा में 'एट होम' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े आमंत्रित अतिथियों से उनकी मुलाकात होगी। इसके अलावा इस दिन के अन्य कार्यक्रम भी आरक्षित रखे गए हैं। 2 मई को राष्ट्रपति मशोबरा से चंडीगढ़ के लिए रवाना होंगी और वहां से विशेष विमान द्वारा दिल्ली लौट जाएंगी। गौरतलब है कि वर्ष 2025 के मई महीने में भी राष्ट्रपति का शिमला दौरा प्रस्तावित था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण उनका दौरा स्थगित कर दिया गया था। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मई 2024 और अप्रैल 2023 में भी हिमाचल प्रदेश का दौरा कर चुकी हैं।

## दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। अब उनकी सुरक्षा में सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस के कमांडो चौबीसों घंटे तैनात रहेंगे। दिल्ली विधानसभा सचिवालय के एक बयान में कहा कि बजट सत्र के बाद से बम संबंधी धमकियां आने और हाल में विधानसभा की सुरक्षा में चूक के बाद अध्यक्ष की सुरक्षा को बढ़ाकर जेड श्रेणी का किया गया है। विधानसभा सचिवालय और अध्यक्ष के कार्यालय को 23 मार्च को शुरू हुए बजट सत्र के बाद से छह-सात धमकी भरे ई-मेल मिल चुके हैं। इसके बाद यह कदम उठाया गया है। इन धमकियों के साथ-साथ हाल ही में हुई एक सुरक्षा चूक, जिसमें एक घुसपैठिए ने विधानसभा के गेट तोड़कर अध्यक्ष के वाहन में एक अज्ञात वस्तु रख दी थी।

## भाजपा ने 'युवा शक्ति भरोसा कार्ड' लॉन्च किया बेरोजगार युवाओं को 3000 रुपये मासिक देने का वादा

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने युवाओं को साधने के उद्देश्य से 'युवा शक्ति भरोसा कार्ड' योजना की शुरूआत की है। गुरुवार को कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में मशहूर पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बॉक्सर विजेंदर सिंह की उपस्थिति में इस योजना का औपचारिक शुभारंभ किया गया और युवाओं के बीच कार्ड वितरित किए गए। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया है कि बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने तक हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी,



ताकि उन्हें संक्रमण काल के दौरान वित्तीय सहारा मिल सके। पार्टी ने इसे युवाओं को सम्मान, अवसर और आत्मनिर्भर भविष्य देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। कार्यक्रम में पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा कि बंगाल के युवा सबसे अधिक वंचित हैं। उन्हें सम्मान देने के लिए पार्टी ने इस योजना के शुभारंभ का निर्णय लिया है। बॉक्सर विजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पूरे देश के युवाओं के खेलकूद और भविष्य को लेकर लगातार काम किया है। युवा शक्ति योजना भी उसी का हिस्सा है। इससे बंगाल के युवाओं को वित्तीय मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि, इससे एक दिन पहले भाजपा ने महिलाओं के लिए 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' योजना की भी घोषणा की थी। भाजपा का कहना है कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। पार्टी इसे राज्य के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक व्यापक दृष्टि का हिस्सा बता रही है। वहीं, इन घोषणाओं को लेकर सियासी विवाद भी तेज हो गया है। प्रदेश में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव के नजदीक इस तरह की योजनाओं की घोषणा और वितरण को लेकर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने आरोप लगाया है कि यह कदम चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है और मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस का यह भी कहना है कि भाजपा पहले लक्ष्मी भंडार और युवा साथी जैसी राज्य सरकार की योजनाओं की आलोचना करती रही है, लेकिन अब चुनावी माहौल में उसी तरह की वित्तीय सहायता योजनाओं पर भरोसा जता रही है।

संक्षिप्त खबरें

## तीन दिन की तैयारी ने लगाई थी नोएडा में आग



**नोएडा :** नगर में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर शुरू हुए श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन में अब कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि हिंसा भड़काने के लिए तीन दिन से कई स्तरों पर तैयारी चल रही थी। सोशल मीडिया से लेकर औद्योगिक इलाकों में घूमते हुए कुछ लोगों ने पूरा माहौल तैयार किया। श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन के पीछे तीन संगठनों के नाम सामने आएं हैं। मजदूर बिगुल दस्ता इनमें प्रमुख है। वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर शुरू हुए श्रमिकों के आंदोलन को भड़काने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेने वाले मजदूर बिगुल दस्ता के प्रमुख रूपेश राय सहित 18 लोगों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। श्रमिकों के प्रदर्शन से पहले तीन दिन के भीतर 80 से अधिक वॉट्सऐप ग्रुप तैयार किए गए, जिनमें से करीब 50 ग्रुप की जानकारी पुलिस को मिल चुकी है। जिनमें हिंसा भड़काने वाले संदेश साझा किए गए थे। इन ग्रुप में श्रमिकों की वास्तविक मांगों जैसे वेतन वृद्धि या कार्य स्थितियों में सुधार को लेकर कोई चर्चा नहीं थी। इसके बजाय कर्मचारियों को उकसाने, भीड़ जुटाने और फैक्टरियों में तोड़फोड़ करने जैसी बातें लिखी जा रही थीं। इस मामले में नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि श्रमिकों के प्रदर्शन को हिंसक बनाने में मुख्य रूप से तीन समूहों की भूमिका सामने आई है। अब तक 17 वॉट्सऐप ग्रुप का सत्यापन किया जा चुका है। जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। पुलिस डिजिटल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में काम कर रही है। अन्य एजेंसियां भी जांच में जुटी हैं। उन्होंने बताया कि संदिग्ध एक्स हैंडल की भी जांच के दौरान पुलिस को 50 से अधिक संदिग्ध एक्स हैंडल की जानकारी मिली। ये हैंडल हिंसा से एक-दो दिन पहले ही बनाए गए थे। इनके जरिए भड़काऊ पोस्ट डाले जा रहे थे। इनका उद्देश्य माहौल को और अधिक उग्र बनाना था। पुलिस ने इन हैंडल्स की जानकारी के लिए एक्स कंपनी से संपर्क किया है। आधिकारिक पत्र और ई-मेल भेजे हैं, ताकि इन अकाउंट के संचालकों की पहचान की जा सके। डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि यह पूरी गतिविधि पूर्व नियोजित और संगठित तरीके से चलाई गई थी। जांच के बाद ही मजदूर बिगुल दस्ता संगठन से जुड़े रूपेश राय समेत 18 की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## तमिलनाडु में परिवारवादी राजनीति को समाप्त करने का सही समय : भाजपा



**रामनाथपुरम :** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा कि परिवारवादी राजनीति के पतन के लिए 2026 का चुनाव परिणाम महत्वपूर्ण है। पिछले सप्ताह मुख्य सचिव बदले गए और दो दिन पहले डीजीपी बदले गए। अब 23 तारीख को मुख्यमंत्री को बदलना चाहिए। तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई गुरुवार को रामनाथपुरम जिले के मुदुकुलाथूर में अन्नाद्रमुक उम्मीदवार मलेशिया पांडी के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान बोल रहे थे। अन्नामलाई ने कहा कि आप लोग तेज धूप की परवाह किए बिना मेरा इंतजार कर रहे हैं। यहां चुनाव लड़ रहे डीएमके सरकार के मंत्री एक रोटेशन मंत्री हैं। जहां भी जाते हैं, वहां विरोध होता है। अन्नामलाई ने कहा कि डीएमके के 5 साल के शासन में महिलाओं के खिलाफ अपराध-2080 बलात्कार के मामले दर्ज हुए और 8,008 हत्याएं हुई हैं। बच्चों के खिलाफ यौन अपराध 900 हुए हैं। पांच साल बाद चुनाव के समय मंत्री जनता से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामनाथपुरम जिले के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत कुछ किया है-मेडिकल कॉलेज, रामेश्वरम रेलवे स्टेशन, 1800 करोड़ रुपये की परमक्कुडी-रामनाथपुरम फोर-लेन सड़क, 3,900 करोड़ रुपये की जल जीवन योजना से रामनाथपुरम और पुदुकोट्टई जिलों को लाभ मिलेगा। अन्नामलाई ने कहा कि राज्य में परिवारवादी राजनीति को समाप्त करने के लिए 2026 का चुनाव परिणाम महत्वपूर्ण है।

## आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर को मिला अंतरराष्ट्रीय भूजल उत्कृष्टता पुरस्कार




**खड़गपुर :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर के भूविज्ञान एवं भूभौतिकी विभाग तथा पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विद्यालय के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित भूजल उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय जल भू-विज्ञानी संघ के भारतीय राष्ट्रीय अध्याय द्वारा प्रदान किया गया। आईआईटी खड़गपुर की ओर से गुरुवार को बताया गया कि यह सम्मान प्रतिवर्ष भू-जल अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय योगदान देने वाले वैज्ञानिक को प्रदान किया जाता है। यूनाइटेड किंगडम स्थित अंतरराष्ट्रीय जलभूविज्ञानी संघ 135 से अधिक देशों में सक्रिय भूजल विशेषज्ञों का विश्व का सबसे बड़ा संगठन माना जाता है। इसके भारतीय राष्ट्रीय अध्याय द्वारा हर वर्ष भूजल विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले किसी एक वैज्ञानिक का चयन कर उन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। संघ के भारतीय अध्याय के अध्यक्ष, जो एशिया क्षेत्र के उपाध्यक्ष भी हैं, ने तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल की अनुशंसा के आधार पर यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र में प्रोफेसर मुखर्जी के भूजल विज्ञान तथा उसके सतत प्रबंधन के क्षेत्र में दीर्घकालिक और उल्लेखनीय योगदान की विशेष सराहना की गई है। प्रोफेसर मुखर्जी भूजल प्रदूषण और पर्यावरणीय स्थिरता से जुड़े अपने अग्रणी अनुसंधान कार्यों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात हैं। उन्हें वर्ष 2014 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार तथा वर्ष 2020 में शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार सहित अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। वे पहले भारतीय वैज्ञानिक हैं जिन्हें जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ अमेरिका और अमेरिकी भूभौतिकीय संघ दोनों का फेलो चुना गया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**